धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार
19.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 219



12 आधी रात को चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करना मोदी-शाह की असभ्यता : राहुल

# झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर प्रतिबंध

## बिक्री, भंडारण और सेवन वर्जित, अधिसूचना जारी

- पहले साल भर, फिर आगे बढ़ेगा बैन
- खाते-बेचते धराये तो सख्त कार्रवाई
- स्वस्थ झारखंड का सपना होगा साकार
- युवाओं को नशे से बचाने की बड़ी पहल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार में शराबबंदी की तर्ज पर झारखंड सरकार ने तत्काल प्रभाव से राज्य में तंबाकू या निकोटिन युक्त गुटखा और पान मसाले को पूरी तरह बैन कर दिया गया है। इनकी बिक्री, भंडारण और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक यह रोक फिलहाल एक साल के लिए है। बाद में इसका विस्तार भी होगा। साथ ही कहा गया है कि इसके गुटखा और पान मसाला खाते-बेचते पकड़े गये जाने पर सरकार





सख्त कार्रवाई करेगी। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस बड़े फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के स्वस्थ झारखंड के सपने को साकार करने के लिए यह कठोर कदम उठाया गया है। यह प्रतिबंध केवल एक नियम नहीं, बल्कि झारखंड के युवाओं को नशे की जकड़ से बचाने की क्रांतिकारी पहल है।

**सेहत से खिलबाड़ बर्दाश्त नहीं :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गुटखा और पान मसाले के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारी तेजी से बढ़ रही है। इस फैसले को एक चुनौती की तरह लें और झारखंड को गुटखा मुक्त बनाने में सहयोग करें। राज्य सरकार ने तंबाकू एवं निकोटिन युक्त गुटखा एवं पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य में न तो इसका निर्माण, भंडरण या वितरण होगा और न ही इसकी बिक्री होगी।

अधिसूचना के तहत राज्य सरकार ने लोक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह प्रतिबंध एक वर्ष के लिए लागू किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### महिलाएं लगा रही थीं गुहार

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनसे लगातार माताएं और बहनें लगातार गुहार लगा रही थीं कि उनके बच्चे और भाई नशे की गिरफ्त में फंसकर अपना जीवन नष्ट कर रहे हैं। मैंने उनकी पीड़ा को समझा और यह ठोस निर्णय लिया। एक डॉक्टर होने के नाते मैं जानता हूं कि यह जहर किस हद तक शरीर को बर्बाद कर सकता है। जब जनता ने मुझे स्वास्थ्य मंत्री बनाया है, तो मेरा पहला कर्तव्य उनके जीवन की रक्षा करना है।

## न्यूज डायरी

### पूजा सिंघल बनीं सूचना प्रौद्योगिकी की सचिव



**रांची।** मनरेगा घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत पर जेल से निकलीं वरीय आइएएस पूजा सिंघल को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार मिला है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मंगलवार को कुल 15 आइएएस के तबादला पदस्थापन की अधिसूचना जारी की है। आइएएस विप्रा भाल को परिवहन विभाग का सचिव बनाया गया है। मस्तराम मीणा को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। अरवा राजकमल को भवन निर्माण के सचिव के अलावा खान एवं भूतत्व विभाग और उद्योग विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभाव मिला है।

### इटखोरी महोत्सव आज से, सभी तैयारी पूरी

**चतरा।** इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का विधिवत उद्घाटन बुधवार को नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। समारोह को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। महोत्सव में स्थानीय नागपुरी और बॉलीवुड के कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### कल किसान मेला का उद्घाटन करेंगे सीएम

**खूंटी।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम के तत्वावधान में 20 और 21 फरवरी को संस्थान परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इसका उद्घाटन सीएम हेमंत सोरेन 20 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे करेंगे।

### सदर से नवजात की चोरी, परिजन बेहाल

**रांची।** सदर अस्पताल से मंगलवार को एक नवजात बच्ची को चुराने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और मासूम की तलाशी तेज कर दी है। परिजनों को हाल बेहाल है।

### सीओ, सीआई व कर्मी पर 65-65 हजार जुर्माना

**मेदिनीनगर।** दाखिल खारिज के मामलों को लंबित रखने को लेकर डीसी ने कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सहित तीन के विरुद्ध आज कार्रवाई की है। अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, कर्मचारी/ राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी एवं प्रभारी सीआई महेंद्र राम पर 65-65 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 79800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100000 रु./प्रति किलो |





### हेमंत ने सरकारी कर्मचारियों को दी बड़ी सौगात

## डीए-डीआर बढ़ाने, एमएसएमई को विशेष छूट देने का फैसला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट ने 12 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। कैबिनेट ने राज्यकर्मियों के डीए में बढ़ोतरी का फैसला लिया है। इसके अलावा हेमंत सरकार ने झारखंड सूक्ष्म लघु एवं मध्यम इकाई यानी एमएसएमई में विशेष छूट देने का निर्णय लिया है। इसको लेकर कैबिनेट की बैठक में विशेष छूट विधेयक 2025 के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मंगलवार 18 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 12 प्रस्तावों की मंजूरी दी गई। कैबिनेट में लिये गये फैसले की विभागीय अपर मुख्य सचिव राजीव रंजन ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम एवं बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के कर्मियों के बकायों के भुगतान के लिए 12 करोड़ 74 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान की है। यह देनदारी बिहार- झारखंड के बंटवारे के समय से चल रहा था। इसमें न्यायालय के आदेश पर इसका भुगतान राज्य सरकार के द्वारा बिहार को किया जायेगा। मंत्रिपरिषद ने राज्य सरकार के वैसे कर्मियों को जो अपुनरीक्षित वेतनमान पाते हैं, उनके छठा केंद्रीय वेतनमान में दिनांक एक साथ 2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि करने की स्वीकृति दी है। इसके तहत राज्य सरकार के पेंशनधारियों और पारिवारिक पेंशनधारियों को भी लाभ मिलेगा।

**मंत्रिपरिषद ने इन प्रस्तावों पर दी मंजूरी :** सुनील कुमार तत्कालीन उपनिदेशक भूमि संरक्षण अनुसंधान केंद्र डेमोटांड़ हजारीबाग सह निदेशक समेति संप्रति सेवानिवृत पर आरोपित दंड पर पुनर्विचार संबंधी आवेदक को अस्वीकृत करने की स्वीकृति प्रदान की गई। झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका चयन एवं मानदेय नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गई।

(शेष पेज 11 पर)

### सीएम ने 289 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# नियुक्तियों का कारवां बढ़ता रहेगा

### शहरी विकास में निभायेंगे अहम भूमिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में नियुक्तियों का कारवां बढ़ता रहेगा। यह थमनावाला नहीं है। यहां के युवाओं को पर्याप्त अवसर मुहैया कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। सीएम मंगलवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से चयनित 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। यह आयोजन प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में किया गया था। इसके तहत गार्डेन अधीक्षक के पद पर नौ, पशु चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर आठ, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर के 12 पद, राजस्व निरीक्षक 174 और विधि सहायक के पद पर 44 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

सीएम ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और राज्य के विकास में अपनी सहभागिता ईमानदारी से निभाने की अपील की।



### ...तो सुबह का आलम क्या होगा

इस मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि पहले कांट्रैक्ट पर सरकार चलती थी। आज डायरेक्ट एप्वाइंटमेंट हो रहा है। उन्होंने कहा, आलोचकों को संदेश देना चाहते हैं कि हेमंत सोरेन पार्ट टू में अभी तो शुरूआत है। पांच साल की कार्य अवधि हमारे पास है। उन्होंने एक शेर पढ़ा- *जब रात इतनी मतवाली है तो सुबह का आलम क्या होगा।* नवनियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि व्यवस्था के किसी भी क्षेत्र में निष्ठा हो तो मंजिल आपके कदम चूमेगी। भाजपा सरकार के पास न कोई विजन था, न कोई ब्लू प्रिंट और न ही कोई रोड मैप था। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन झारखंड को युवाओं का राज्य का बनाना चाहते हैं। सरकार की इच्छाशक्ति को अलोचना कर्त्तव्य पथ से डिगा नहीं सकती है।

### 31 फीसदी आबादी नगर निकायों में : मंत्री

इस मौके पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि 49 नगर निकायों में 31 फीसदी आबादी निवास करती है। शहरीकरण काफी तेजी से हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से लोग लगातार शहरी क्षेत्र में आ रहे हैं। इस कारण योजनाओं में भी दबाव बन रहा है। 289 नियुक्ति दर्शा रहा है कि पूत के पांव पालने में ही दिखायी दे रहा है। झारखंड के बच्चों को राज्य की नौकरी में अधिक से अधिक स्थान दिलाने का प्रयास करेंगे। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र शपथ पत्र के रूप में स्वीकार करें। अभ्यर्थियों से कहा कि एक-एक व्यक्ति को परिवार का सदस्य मानें। गठबंधन की सरकार दिखावे में नहीं हकीकत में भरोसा करती है। सरकार जनता के हर वादे को पूरा करेगी।

**शहरी विकार को प्रतिबद्ध :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्र के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। शहर का काफी अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहली बार सहायक नगर निवेशक की नियुक्ति की गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

## कुंभ से लौट रही कार ट्रक से भिड़ी दो लोगों की मौत, मांडू के सेमरा जंगल के पास हुआ हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू/मांडू।** मांडू थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल के समीप एनएच 33 में मंगलवार को महाकुंभ से स्नान कर बंगाल झालदा लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में दो महिला की मौत घटनास्थल पर हो गयी। चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मारुति कार संख्या (डब्लूबी 56 टी-7408) में सवार लोग महाकुंभ, स्नान कर प्रयागराज से झालदा लौट रहे थे। इसी क्रम में सेमरा जंगल के पास सड़क पर पूर्व से खड़ी ट्रक ( जीजे बीटी-4974) को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। कार पर सवार दो महिला की मौत घटनास्थल हो गयी। कार में सवार एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मांडू पुलिस ने सभी को उपचार के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। उनकी हालत चिंता जनक है। पुलिस दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले गयी। मृतका महिला में एक का नाम बिंदु महतो बताया जा रहा है। दूसरे की पहचा अबतक नहीं हो सकी है।

### धनबाद में बस दुर्घटनाग्रस्त, कई घायल

वहीं दूसरी ओर धनबाद में निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया मोड़ के समीप मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर एक टूरिस्ट बस खड़े ट्रक से टकरा गई।दुर्घटना में कई यात्री घायल हो गये। श्रद्धालुओं से भरी बस प्रयागराज महाकुंभ से पश्चिम बंगाल लौट रही थी। निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया मोड़ के समीप बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया।

### ममता ने महाकुंभ को बताया 'मृत्यु कुंभ', हंगाम शुरू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए महाकुंभ को मृत्यु कुंभ की संज्ञा दी है। उनके इस विवादित बयान पर अब हंगामा खड़ा हो गया है।

महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' कहते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वीवीआईपी को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, जबकि गरीब और सामान्य वंचित हैं। ममता ते इस बयान पर भाजपा तीखा प्रहार किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के सभी नेता सनातन और हिंदुओं से नफरत करते हैं।

## कोर्ट से निकलते ही बेहोश हो गिर पड़े अधिवक्ता, मौत

### सूरज कुमार के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट कैंपस में मंगलवार को एक ऐसा वाक्या हुआ, जिस पर एतबार करना मुश्किल हो रहा है। अधिवक्ता सूरज कुमार का कोर्ट रूम से निकलते ही अचानक बेहोश हो कर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें पारस अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने हर संभव कोशिश की, लेकिन सूरज कुमार नहीं उठे, आकस्मिक निधन हो गया है। सूरज कुमार आम दिनों की तरह अपने केस की पैरवी करने पहुंचे थे। एक मामले् मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट रूम से बाहर निकलते ही मूर्छित होकर गिर पड़े। संयोग से वहां एक चिकित्सक मौजूद थे जो अपने केस के सिलसिले में पहुंचे थे।

(शेष पेज 11 पर)

### अलर्ट जारी, आज और कल बारिश के आसार

**रांची।** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से झारखंड के कई जिलों में 19 और 20 फरवरी को बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे ले कर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश संभव है। वहीं 20 को लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गुमला, रांची, खूंटी, सराकेला-खरसावां, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश के आसार है। 22 को पूर्वी इलाकों में गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है। 21 को झारखंड के कई जिलों में सुबह-सुबह धुंध छाया रहेगा।

### रांची साइंस सिटी के नवप्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ कर बोले सीएम हेमंत

# उच्च शिक्षा में नया आयाम गढ़ेगा छह नया पोर्टल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्य में शैक्षणिक सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के 6 वेब पोर्टल को लॉन्च किया है। प्रोजेक्ट भवन में पोर्टल के साथ रांची साइंस सिटी के नव प्रवर्तन केंद्र का भी शुभारंभ किया। जो पोर्टल लांच किये गये, उनमें पे फिक्सेशन और वेरिफिकेशन सिस्टम पोर्टल, प्राइवेट विश्वविद्यालय पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल, सीएम फेलोशिप फॉर एक्सीलेंस पोर्टल, अप्रेंटिसशिप मैनेजमेंट पोर्टल और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल शामिल हैं।



उद्घाटन करते सीएम हेमंत सोरेन और मंत्री सुदिव्य कुमार

इन छह नये पोर्टल से झारखंड में उच्च शिक्षा को नया आयाम मिलेगा। गले में खराबी के कारण मुख्यमंत्री लोगों को संबोधित नहीं कर सके, बीमारी के बाद भी समारोह में भाग लेने पहुंचे।

### ट्रेनिंग और फंडिंग जरूरी

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि अब तक स्कूली शिक्षा में रिसर्च कल्चर डेवलप नहीं हो पाया है। रिर्सच और इनोवेशन पर फंडिग भी अच्छी नहीं है। इस क्षेत्र में कम राशि खर्च की जा रही है। इमर्जिंग सेक्टर पर फोकस करने की जरूरत है। डिजिटल इंफ्रस्ट्रक्टर को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि वेटिव टॉपिक पर रिसर्च करने वाले हमारे यूनिवर्सिटी में नहीं हैं। यूजीसी को भी अपना एप्रोच बदलना होगा। ट्रेनिंग पर ध्यान देने के साथ फंडिंग और सर्पोट पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने इंटेलेक्यूअल प्रोप्रटी राइट पर कहा कि झारखड में सिर्फ एक आइटम को ही जीआर टैग मिला है। उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि विकास के लिए टेक्नोलॉजी और इनोवेशन अहम है। लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के जरीये विश्व के अलग-अलग संस्थानों के पाठ्यक्रम का लाभ प्राप्त हो सकेगा। रिसर्च और इनोवेशन को प्रमोट करने के लिये रिसर्च पॉलिसी तैयार की जा रही है।

**झारखंड दक्षता की दिशा में आगे :** रांची साइंस सिटी के नव प्रवर्तन केंद्र में मौजूद बच्चे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में सीधे तौर पर जुड़े रहे। (शेष पेज 11 पर)

### 600 करोड़ के घोटाले पर हाइकोर्ट में आज सुनवाई

## पैनम कोल घोटाले की सीबीआइ जांच संभव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पैनम कोल माइंस द्वारा अवैध खनन कर 600 करोड़ के राजस्व का नुकसान पहुंचाने की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार के जवाब से हाईकोर्ट असंतुष्ट है। इस मामले की सुनवाई 19 फरवरी को होनी है।अब तक की सुनवाई में हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह कहा है कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि इस केस की जांच केंद्रीय जांच एजेंसियों से करवायी जा सकती है। पैनम कोल माइंस पाकुड़ जिला में है। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया है कि पैनम से पैसों की वसूली के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू की गयी है और अब तक तीन बार कुर्की के लिए प्रक्रिया शुरू की गयी है। दरअसल, पैनम कोल माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था। लेकिन उस पर यह आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया, जिससे सरकार को लगभग 600 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इसे लेकर अधिवक्ता रामसुभग सिंह ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।

## बजट सत्र को लेकर स्पीकर ने की उच्चस्तरीय बैठक, कहा

# समय पर जवाब तैयार करें अधिकारी

- 25 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर होगी चर्चा।
- सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव भी हो सकता है इसलिए विधि व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त रहे, इसे सुनिश्चत करें



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अधिकारियों संग उच्चस्तरीय बैठक की। 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र को लेकर मंगलवार को ने विधानसभा कक्ष में राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य सचिव अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, गृह सचिव वंदना दादेल सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सचिव एवं उनके प्रतिनिधि थे।

बैठक में बजट सत्र के दौरान सदन में आने वाले सवाल और उसके समुचित और ससमय जवाब के अलावा विधि व्यवस्था आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। स्पीकर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सदन में जो भी सवाल सदस्यों की ओर से आता है, उसका सटीक रुप से ससमय जवाब मिले। इस तरह की शिकायत आती है कि विभाग के द्वारा उचित जवाब नहीं मिलता है, जिसे दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने विधि व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव भी हो सकता है इसलिए विधि व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त रहनी चाहिये। इससे किसी भी तरह की परेशानी किसी को ना हो। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण से सदन की कार्यवाही की शुरूआत होगी। 25 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। सरकार की ओर से आगामी 3 मार्च को राज्य सरकार के द्वारा बजट पेश किया जायेगा। 20 कार्य दिवस को समेटे यह बजट सत्र अहम होने वाला है। इसमें राजकीय विधेयक के साथ साथ आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया जायेगा। बजट सत्र को लेकर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, पुराने विधान सभा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, सत्र के दौरान आवष्यक चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं जीवन रक्षक दवा तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिष्चित किये जाने और विधान सभा परिसर के चारों दायरे में निगनानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाने संबंधित निदेष भी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिये गये।

बैठक में प्रधान सचिव मस्त राम मीना, अपर मुख्य सचिव अजय कु. सिंह, सचिव अरवा राजकमल, अपर सचिव विधान चन्द्र चौधरी, सचिव, मुकेश कुमार, विशेष सचिव शशि भूषण मेहरा, सचिव विप्रा भाल, डीसी मंजूनाथ भजन्त्री, एसएसपी चंदन कुमार, विधान सभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम थे।

## अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से मुलाकात, सौंपा नौ सूत्री मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और झारखंड में शिक्षा सुधार को लेकर 9 सूत्री मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के महापुरुषों के नाम पर विश्वविद्यालयों का नामकरण करने की मांग की। साथ ही 6 सालों से लंबित छात्र संघ चुनाव करवाने की भी मांग की। अबुआ अधिकार मंच के नीतीश सिंह के नेतृत्व में अभिषेक शुक्ला, अभिषेक कुमार, अंशुतोष कुमार और रूही परवीन ने राज्यपाल से मुलाकात कर विस्तार से एक मांग पत्र सौंपा। साथ ही यह बताया कि झारखंड लोकसभा आयोग में अध्यक्ष का पद छह महीने से खाली है। इससे जेपीएससी 11वीं-13वीं की मेंस परीक्षा का रिजल्ट भी लंबित है। इसके अलाया अन्य कई परीक्षाएं और नियुक्तियों का मामला भी अटका पड़ा है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि जेपीएससी अध्यक्ष पद के रिक्त रहने से राज्य की प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रक्रियाएँ प्रभावित हो रही हैं, जिससे झारखंड की प्रतिभाओं का ह्रास हो रहा है। यह न केवल प्रतियोगी छात्रों के लिए अन्याय है, बल्कि पूरे राज्य की कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

**क्या है मांगें**

- सभी विश्वविद्यालय परिसर में राजभवन के तर्ज पर मूर्ति गार्डन बनाने की मांग की गई है, जहां झारखंड के महापुरुषों की प्रतिमा लगाई जाए।
- रांची विश्वविद्यालय का नामकरण पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के नाम पर करने की मांग।
- डोरंडा कॉलेज का नामकरण डॉ ए पी जे अबुल कलाम के नाम पर करने की मांग।
- पुस्तकालयों का नामकरण वीर बुधु भगत और बिनोद बिहारी महतो के नाम पर करने की मांग।
- खेल संरचना का विकास करने की मांग।
- नए छात्रावास के निर्माण की मांग।
- बहुउद्देशीय परीक्षा भवन के निर्माण की मांग।
- गेस्ट अध्यापकों की स्थायी नियुक्ति करने की मांग।
- स्थायी नियुक्ति होने तक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के तर्ज पर अध्यापकों को एकमुस्त संविदा राशि 78000/- रुपये भुगतान करने की मांग।

# निर्धारित वर्दी पहनें पुलिसकर्मी नहीं तो होगी कार्रवाई : डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पुलिस वर्दी के साथ अलग-अलग रंगों के जैकेट, स्वेटर और जूता पहनने वाले पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों पर कार्रवाई होगी। इसको लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया कि अक्सर ऐसा देखा जा रहा है कि राज्य के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी निर्धारित तरीके से वर्दी नहीं पहनते हैं। उनका टर्न आउट पुलिस की नियमावली के परिशिष्ट-65 के प्रावधानों के खिलाफ है।

डीजीपी ने कहा कि परिशिष्ट 65 के नियम 1052 और 1054 में सभी पुलिस पदों के लिए वेशभूषा और टर्नआउट के बारे में स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। इसमें सभी रैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के कपड़े निर्धारित है। डीजीपी ने अपने आदेश में कहा है कि राज्य भ्रमण के दौरान और सोशल मीडिया पर देखा गया है कि पुलिसकर्मी वर्दी के साथ अलग-अलग रंगों के स्वेटर, जैकेट और जूते पहनते हैं, जो अनुचित है। राज्य सरकार पुलिसकर्मियों को वार्षिक वर्दी भत्ता दे रही है, फिर भी वे निर्धारित परिधान का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सर्दी के मौसम में केवल खाकी रंग का ऊनी स्वेटर या जैकेट पहनने का निर्देश दिया। साथ ही जैकेट पर उनके पद के अनुसार बैच लगाने को भी कहा। इसके अलावा, जिले के एसपी, एसएसपी, समादेष्टा और इकाई प्रमुख को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी पुलिसकर्मी इस आदेश का पालन करें। साथ ही यह निर्देश दिया कि आदेश का पालन नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें।

## ओबीसी फर्जीवाड़ा सर्वे पर मंत्री और विधायक संवेदनशील नहीं : राजेन्द्र

- मामला ओबीसी सर्वेक्षण का, न्यायालय में चुनौती देने पर हुआ विचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ओबीसी सर्वेक्षण में फर्जीवाड़ा की बात सामने आने पर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक मंगलवार को एक होटल में हुई। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान से आने वाले चाहे ओबीसी हों या दलित हों या सवर्ण हों इन वर्गों को इनके अधिकारों से कैसे वंचित किया जाये, इसका षड्यंत्र हमेशा से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारों को लेकर हमारे लोगों में चेतना नहीं है। जिसका फायदा सरकार और राजनीतिक दलों के अलावा अन्य लोग उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी के फर्जीवाड़ा सर्वेक्षणों पर ओबीसी मंत्री, विधायक संवेदनशील नहीं हैं। इनका चुप्पी आगे जाकर इनके लिये घातक साबित होगा। प्रोफेसर अरविंद ने सदान समुदाय से ताल्लुक रखने वाले अगड़ी, पिछड़ी एदलित सभी को संगठित होकर लड़ाई लड़ने का आग्रह किया। बैठक में रमेश महतो, उदित नारायण दास, सुदर्शन सिंह, रामबालक साहू, बालेश्वर राम, पीयूष कुमार पंकज कश्यप, कृष्णा महतो, कुंदन कुमार, नंदलाल प्रसाद, विजय साहू, कुंदन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला न लगने दे हेमंत सरकार : प्रतुल शाह देव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- पाकुड़ में प्रतिबंधित संगठन के आतंकवादी के द्वारा ट्रेनिंग कराने की सूचना चिंताजनक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार से मांग की है कि वह झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद की पाठशाला ना लगने दे। उन्होंने उस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त किया, जिसमें खुफिया तंत्र ने बताया कि पाकुड़ में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात उल मुजाहिदीन का एक दुर्दांत आतंकवादी अब्दुल मनुन सीमा को पार कर पाकुड़ पहुंच गया था।उसने वहां दर्जनों स्थानीय युवकों को ट्रेनिंग दी थी। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गंभीर मामला है। जब आतंकवादी झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला लगा रहे हो और उनके जाने के बाद राज्य के खुफिया तंत्र को इसकी खबर लगती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अविलंब इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिये। स्थानीय स्तर पर जो लोग मदद कर रहे हैं, उन पर भी कानून का शिकंजा कसे। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास रहा है। इसलिये, हेमंत सरकार को पूरे ताकत से इसे कुचलना चाहिये। हाल ही में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में स्लीपर सेल के रूप में कार्यरत एक डॉक्टर पकड़ा गया था। इसके अतिरिक्त लोहरदगा सहित अनेक जिलों में स्लीपर सेल का खुलासा हुआ है। धुर्वा से सटे सीठियो के जंगल में बमों को फोड़ने की ट्रेनिंग दी गई थी।प्रतुल ने कहा कि ये देश की सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

## बेरोजगार युवा जुमलेबाजी नहीं चाहते : बाबूलाल मरांडी

- बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत ने कुछ युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कि हेमंत जी के चाटुकारों द्वारा सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले मुख्यमंत्री का ढोल भी पीटा जायेगा। लेकिन, झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के कुछ सवाल हैं, जो अब भी अनसुलझे हैं। उन्होंने पूछा कि प्रतियोगी परीक्षा कैलेंडर कब जारी होगा। जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी। जेएसएससीए सीजीएल पेपर लीक की जांच कहां तक पहुंची। उन्होंने पूछा कि मुख्यमंत्री जी बतायें किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां कर रहे हैं। झारखंड के युवाओं को कितना आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत जी, युवाओं का भविष्य पीआर स्टंट और दिखावों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से संवरेगा। झारखंड के लाखों बेरोजगार युवा जुमलेबाजी नहीं, बल्कि अपना हक और अधिकार चाहते हैं।

# युवाओं को रोजगार नहीं बल्कि धर्म के धंधे में लगाना चाहते हैं बाबूलाल मरांडी: सोनाल शांति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** युवाओं को रोजगार नहीं बल्कि धर्म के धंधे में लगाना चाहते हैं बाबूलाल मरांडी। यही वजह है जब महागठबंधन सरकार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है तो बाबूलाल जी चिड़चिड़ेपन का शिकार हो रहे हैं क्योंकि झारखंड के युवाओं के हाथों में भाजपा का झंडा देकर सरकार का विरोध कराने की इनकी मंशा पर ओले पड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि अभी नियुक्ति पत्र वितरण की सिर्फ शुरूआत हुई है तो बाबूलाल जी बेचैन हो रहे हैं। उन्हें अपने दिल को मजबूत कर लेना चाहिए क्योंकि निकट भविष्य में ऐसे दिन लगातार देखने को मिलेंगे तब पता नहीं इनका क्या होगा। झारखंड को जलाने और युवाओं को भड़काने में बाबूलाल जी को महारत हासिल है, झारखंड का इतिहास इसका गवाह है। सोनाल शांति ने कहा है कि आज झारखंड का युवा समझदार है, अपनी भलाई बुराई अच्छी तरह समझता है, बाबूलाल जी का प्रयास बेकार जायेगा। महागठबंधन सरकार युवाओं को रोजगार देने और झारखंड वासियों को आर्थिक सफलता देने के लिए कृतसंकल्प है। बेहतर होगा कि सरकार के सकारात्मक कार्यों में सहभागी बने सिर्फ सुर्खियों में रहने और अपने आला कमान के पास ग्राफ ऊंचा रखने के लिए विरोध ना करें। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ झारखंडियों के लिए काम कर रही है, जबकि भाजपा नेताओं के मन में नकारात्मकता भरी हुई है, अगर झारखंड के विकास की सोचते हैं तो भाजपा सांसदों विधायकों और केंद्र मे मंत्री पद का झुनझुना पकड़े भाजपा सांसदों को राज्य में चल रही विभिन्न योजनाओं के मद में बकाया राशि की मांग केंद्र सरकार से करनी चाहिए ताकि झारखंड में विकास की गाड़ी रुके नहीं। जीएसटी, नल जल मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई केंद्रीय योजना में केंद्र का अंशदान बकाया है लेकिन केंद्र से हक मांगने की बजाय राज्य सरकार को आईना दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। झारखंड के छात्रों युवाओं का शिक्षा-रोजगार का मौलिक हक महागठबंधन सरकार अवश्य पूरा करेगी।भाजपा के नेता धर्म और जाति की डफली युवाओं को पकड़ाने की कोशिश ना करें अपनी राजनीतिक दुकान चलाने के लिए अन्य मुद्दों की तलाश करें।

### पूजा सिंघल ने हाईकोर्ट में कहा

## अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने के बाद भी की गयी कार्रवाई

- इडी को जवाब दाखिल करने का मिला अंतिम मौका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वरीय आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया। अब 27 फरवरी को इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। दरअसल पूजा सिंघल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने के बाद भी निचली अदालत ने इडी की प्रोसिक्यूशन कंप्लेन पर संज्ञान लिया, जो न्याय संगत नहीं है, इसलिए निचली अदालत के संज्ञान को रद्द किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अजय शाह और स्नेह सिंह ने बहस की।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने नये प्रभारी को सांगठनिक कार्यक्रमों की दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मंगलवार को नई दिल्ली में झारखंड के नवमनोनीत प्रभारी के. राजू से मुलाकात की। इस मौके पर उनके साथ मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी, केदार पासवान एवं रियाज अंसारी भी थे।

श्री कमलेश ने प्रभारी के. राजू को संगठन द्वारा पिछले 5 महीनो के दौरान चलाए गए कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। इस क्रम उन्होंने विभिन्न जिलों में चलाए गए जय बापू-जय भीम-जय संविधान कार्यक्रम के संदर्भ में चलाए गए विभिन्न चरणों के तहत आयोजित किए गए कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी दी। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और महागठबंधन में शामिल अन्य दलों के साथ दिए गए संयुक्त सात गारंटीयों तथा कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों की भी पूरी जानकारी उन्होंने दी तथा इस संबंध में मुख्यमंत्री से हुई चर्चा और कांग्रेस द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत विवरण दिया।

श्री कमलेश ने प्रदेश प्रभारी को बताया कि झारखंड में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पेश किये जाने वाले बजट के संदर्भ में आम लोगों तथा कांग्रेस कार्यकताओं, विधायको, मंत्रियों से राय लेकर मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया गया है तथा मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा कांग्रेस भवन में लगाए गए जनता दरबार के बारे में भी चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जनता दरबार से जन समस्याओं को समझने और उसे दूर करने कि पहल से जनता के बीच कांग्रेस की स्वीकार्यता और संगठन के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है। इस तरह का आयोजन जिला और प्रखंड स्तर पर भी करने का प्रयास आगामी आने वाले समय में किया जाएगा।

श्री कमलेश ने अल्प समय में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा किए गए कार्यों की भी पूरी जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस और महागठबंधन के घोषणा पत्र के अनुरूप कार्य करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है इसका परिणाम जल्द ही देखने को मिलेगा।

झारखंड में संगठन सशक्तिकरण के लिए विभिन्न पहलू और कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा करने के उपरांत उन्होंने श्री के राजू को झारखंड आने का निमंत्रण दिया जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने जल्द से जल्द झारखंड दौरा करने की बात की।

संगठन सशक्तिकरण को लेकर समझौता नहीं : के. राजू -----------------------

मुलकात के दौरान के. राजू ने कहा कि संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण के लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यकताओं और नेताओं के बीच की दूरी कम होनी चाहिए। जिस आशा और विश्वास के साथ कार्यकताओं ने जनता में संगठन की साख बचा रखी है हमें उसी मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं और जनता के साथ खड़े रहना है। किसी भी संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ता ही होते हैं, संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकता पर ही निर्भर करती है इसलिए हमें हर परिस्थिति में कार्यकर्ताओं को एकजुट रखकर संगठन को मजबूत बनाना है।

### पासवा का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मिला

## 2009 के आरटीई कानून के तहत निजी स्कूलों को मान्यता देने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में निजी विद्यालयों की मान्यता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से धुर्वा स्थित उनके आवास पर मंगलवार को मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पासवा की यह पहली मुलाकात थी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दूबे ने शिक्षा मंत्री को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

**भूमि बाध्यता कानून को निरस्त करने की मांग** : प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से 2019 में रघुवर सरकार द्वारा निजी विद्यालयों की मान्यता के लिए निर्धारित भूमि बाध्यता कानून को निरस्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि निजी विद्यालयों के लिए जमीन बढ़ाना या कमरे का साइज बदलना संभव नहीं है मान्यता के शर्तों को बदले सरकार।

आलोक कुमार दूबे ने कहा कि 2009 के मूल आरटीई (शिक्षा का अधिकार) कानून के तहत निजी विद्यालयों को मान्यता दी जाए। शिक्षा मंत्री को बताया गया कक्षा 8 तक के लिए कहीं भी जमीन के बाध्यता नहीं रखी गई है, मूल आरटीआई में सर्वकालिक भवन की बात की गई है, जिसमें सर्दी, गर्मी बरसात में बच्चे पढ़ाई कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2009 के आरटीआई कानून के अलावा दूसरा कोई कानून झारखंड के निजी विद्यालयों को स्वीकार नहीं।

**मान्यता प्रक्रिया को सरल बनाने की अपील** : प्रतिनिधिमंडल ने यूडाईस के लिए पोर्टल खोलने की अपील भी की, जिससे मान्यता प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो सके। इस पर शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि मान्यता से जुड़े सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

**छात्रों और शिक्षकों का भविष्य संकट में** : आलोक दूबे ने कहा कि गैर-मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता नहीं दी गई तो 30 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अंधकार में पड़ जाएगा। इससे लाखों शिक्षक और कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे और इनसे जुड़े छोटे-बड़े कारोबारी भी प्रभावित होंगे।

**मंत्री का आश्वासन, जल्द होगा समास्याओं का निराकरण** : शिक्षा मंत्री ने कहा कि भूमि बाध्यता से जुड़ी समस्याओं पर सरकार यथाशीघ्र निर्णय करेगी । इस निर्णय से पहले पासवा के पदाधिकारियों के साथ भी चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में रांची महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, प्रदेश पासवा के संजय प्रसाद, रूपेश कुमार, मनोज कुमार भप्त, रंजीता पाण्डेय शामिल थे।

सुप्रभात
बुधवार 19.02.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 299
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### बुधुडीह में आंगनबाड़ी सहायिका का हुआ चुनाव



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के आंगनबाड़ी नया बुधुडीह में सहायिका के पद पर किरण कुमारी दास का चयन हुआ। इस अवसर पर बीडीओ मुरली यादव, महिला पर्यवेक्षिका रेखा राम, मुखिया चांदमुनी हेम्ब्रम, पंसस प्रतिनिधि पंचम पोद्दार, आदि उपस्थित थे। बीडीओ ने चयनित सहायिका से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका के साथ मिलकर बढ़िया ढंग से आंगनबाड़ी केंद्र संचालन में मदद करें।

### सांसद ढुल्लू महतो कोर्ट में नहीं हुए हाजिर

**धनबाद।** किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट के मुकदमे की सुनवाई मंगलवार को अदालत में हुई। ढुल्लू महतो हाजिर नहीं थे। धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी के अवस्थी की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। किरण महतो की शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादव, रियाज अंसारी, सोनू शर्मा, राजू शर्मा ,बॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध लूट, मारपीट व आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

### प्रदीप दास का निधन



**मैथन।** निरसा गुरुदास भवन पार्टी कार्यालय में मंगलवार को गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप दास के निधन पर शोकसभा की गई। शोकसभा में कार्यकर्ताओं व नेताओं ने उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन खकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि स्व दास फाउंडेशन एवं पार्टी के निडर, जुझारू व क्रांतिकारी नेता थे, जिनको हमलोगों ने खो दिया है। उनके निधन से पार्टी को भारी नुकसान हुआ है।

### उपायुक्त ने मृत कर्मी के आश्रित को दिया अनुदान



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में मृत कर्मी की पत्नी शंपा घोष को 15 लाख रुपये का अनुदान दिया। उन्होंने मृतक के आश्रित को सांत्वना देते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपके साथ हर वक्त खड़ा है। नके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की की। ज्ञात हो कि 2024 में विधानसभा चुनाव के दौरान निरसा विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मी कार्तिक घोष की मौत हो गई थी। कर्मी की मौत के बाद उनके आश्रितों को अनुदान राशि दी गई है। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा मौजूद थे।

## महाकुंभ से लौट रही बस-ट्रक की भिड़ंत, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन\धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया मोड़ के समीप एनएच 19 पर मंगलवार को अहले सुबह एक टूरिस्ट बस ने खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर सवार कुछ यात्रियों को आंशिक चोट आई। सूचना मिलते ही निरसा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस पर सवार यात्रियों को बाहर निकाल कर बस एवं ट्रक को साथ थाना ले गई। टूरिस्ट बस यूपी के प्रयागराज महाकुंभ से श्रद्धालुओं को लेकर बंगाल लौट रही थी। लगभग डेढ़ दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है, जहां सभी का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 65 यात्री सवार थे। सभी घायल पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीनगर अंतर्गत हल्दिया के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों में हरिपद सामंतो, बिनय चक्रवर्ती, स्वपन कुमार, सुदीप्तो जना, पुष्पा रानी, पोल्लव जना, कार्तिक चंद्र मिश्रा, स्मॉल चंद्र सामंतो, कार्तिक भूमि, जानकी मिश्रा, निमोई चक्रवर्ती, छबिलाल मैथी, प्लव जना शामिल हैं।

## पथराव व तोड़फोड़ मामले में देवेन्द्र सिंह ने किया सरेंडर, मिली जमानत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, थाना में पथराव व तोड़फोड़ के एक मामले में आज मंगलवार को देवेंद्र सिंह ने अदालत में सरेंडर किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत ने वरीय अधिवक्ता जया कुमार की दलील सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश के आलोक में देवेन्द्र सिंह को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है। प्राथमिकी भूली ओपी के एएसआई सह प्रभारी जितेन्द्र शर्मा की शिकायत पर दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 18 फरवरी 19 को करीब 80 लोग जुलूस बना कर फेसबुक पर गंदी और अश्लील टिप्पणियों के विरोध में नारे लगा रहे थे। जिस पर स्थानीय लोग अपनी नाराजगी दिखा रहे थे। पुलिस ने भीड़ में शामिल लोगों को सूचित किया कि एक शनवाज अहमद ऊर्फ बरकू ने पहले ही मुंबई के पवाई पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस बात पर देवेंद्र सिंह उग्र हो गए और पुलिस से उसके आत्मसमर्पण का वीडियो दिखाने के लिए कहने लगे। आरोप है कि देवेंद्र सिंह के उकसाने पर लगभग 80-90 लोग हिंसक हो गए और पुलिस के साथ हाथापाई शुरू कर दी। थाना परिसर में पथराव किया। पुलिस स्टेशन में पुलिस कर्मियों को कर्तव्य निभाने से रोकने की कोशिश की। इस घटना से पहले कृष्ण कुमार झा और बिष्णु कुमार के नेतृत्व में एक और भीड़ ने पहले ही भूली ओपी के गेट पर हिंसक आंदोलन शुरू कर दिया था। टायर जलाकर और सड़क पर यातायात अवरुद्ध कर अपना विरोध दिखा रहे थे।

# डोमगढ़ आवास बेदखली के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने दिया महाधरना

## संपदा और वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी को विधायक ने ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआई प्रबंधन के डोमगढ़ आवास बेदखली अभियान के खिलाफ संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने खाद कारखाने के मुख्य प्रवेश द्वार पर मंगलवार को महाधरना दिया।

महाधरना का नेतृत्व पूर्व विधायक आनंद महतो, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, सीपीआईएम के काली सेन गुप्ता, सुरेश प्रसाद, झामुमो नगर अध्यक्ष अशोक महतो, रामू मंडल, राजद जिला उपाध्यक्ष सुरेश राउत, विकास ठाकुर और गौतम प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। धरना में महिलाओं ने अधिक संख्या में भाग लिया। धरनार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने एफसीआई प्रबंधन की आवास आवंटन नीति को भेदभाव पूर्ण करार दिया और कहा कि किसी भी परिस्थिति में डोमगढ स्थित एक भी आवास खाली नही होगा।

धरनास्थल पर एफसीआई के संपदा और वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी आए। विधायक चंद्रदेव महतो ने उन्हें 7 सूत्री ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें आवास आवंटन की दोहरी तिहरी नीति समाप्त कर एक नीति लागू करने, डोमगढ के आवासों को यथास्थिति में रखने की मांग शामिल थी।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और उनके आश्रितों को दो रुपया प्रति वर्ग फीट की दर से बीस साल का एकमुश्त किराया लेकर लीज पर आवास आवंटित करना न्याय संगत नही है। विधायक ने सुझाव दिया कि एच ई सी रांची प्रबंधन कीआवास आवंटन नीति के आधार पर सिंदरी में भी आवास आवंटित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीन की खरीद-बिक्री का मामला राज्य सरकार के अधीन आता है। पूर्व में एफसीआई प्रबंधन ने जितनी भी जमीन दूसरे संस्थानों को दी है, उसके एवज में राज्य सरकार को राजस्व का भुगतान किया है अथवा नहीं इसकी जांच कराई जाएगी।

**क्या कहा आनंद महतो ने**

पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि हमारे और परिवार के हृदय में सिंदरी बसता है। सिंदरी के लोगों का दुख और समस्या हमारी अपनी है। इसके समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि सिंदरी की लड़ाई कांग्रेस सड़क से संसद तक लडेगी।

## पानी आपूर्ति को लेकर जलमीनार के समक्ष लोगों ने किया जमकर हंगामा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एग्यारकुण्ड पानी टंकी के आसपास रहने वाले लोगों की प्यास नहीं बूझ रही है। मंगलवार को गुस्साये लोगों ने सुचारू रूप से दो टाइम मैथन डैम का फिल्टर पानी आपूर्ति की मांग को लेकर पानी टंकी के मुख्य द्वार पर हंगामा किया। लोगों ने कहा कि मानदेय कर्मी 'कीमैन' पंकज विश्वकर्मा द्वारा एक टाइम ही पानी दिया जा रहा है। वह भी दस मिनट ही चलता है, जो उचित नहीं है।

समय पर पानी का बिल भुगतान भी किया जाता है। कुछ दिनों से जान बूझकर दो टाइम की जगह एक ही बार पानी दिया जा रहा है। पंकज से कारण पूछा तो बताया कि सात माह से वृंदावन पुर पंचायत मुखिया द्वारा मानदेय नहीं दिया गया है। इसलिये दवाब बनाने के लिये कुछ दिनों से एक टाइम ही पानी दिया जा रहा है। एग्यारकुंड दक्षिण के मुखिया अजय राम एवं उत्तर पंचायत की मुखिया काकुली मुखर्जी से मिलकर लोगों ने बकाया दिला देने का आश्वासन दिया तो 'कीमैन' पंकज विश्वकर्मा दो टाइम पानी देने पर राजी हुआ। उसने कहा कि बकाया मानदेय का जल्द भुगतान नहीं हुआ तो जलापूर्ति पूरी तरह ठप कर दी जाएगी। हंगामा करने वालों में वार्ड सदस्य दीपक सिंह, उपेन्द्र सिंह, अरमान सिंह आदि शामिल थे।

### बच्चे को स्कूल ड्राप कर घर लौट रही महिला के साथ चेन छिनतई

**धनबाद।** शहर में चेन स्नेचर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। ताजा मामला सरायढेला थाना क्षेत्र से जुड़ा है। मंगलवार की सुबह बच्चे को स्कूल छोड़कर घर लौट रही एक महिला को लुटेरों ने निशाना बनाया। महिला के गले से सोने की चेन झपट कर वे भाग निकले। भुक्तभोगी महिला ने सरायढेला थाना में शिकायत दर्ज कराई है। महिला के पति सचिन जायसवाल ने बताया कि लुटेरे पल्सर पर सवार थे, जिसमें नंबर प्लेट नहीं था। चेन झपटने के बाद अपराधी सरायढेला क्षेत्र के गोल बिल्डिंग की तरफ भागे। शोर मचाने पर कुछ लोगों ने उनका पीछा भी किया। लेकिन वे उन्हें बंदूक का भय दिखाकर भाग निकले। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिली है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी शहर के अलग अलग स्थानों पर चेन छिनतई की घटना हो चुकी है।

## बीडीओ ने की मनरेगा, आवास एवं पेंशन योजनाओं की सामीक्षा



- बीडीओ ने रोजगार सेवक से मनरेगा योजना की जानकारी प्राप्त की
- पुरानी योजना को बंद करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में मनरेगा आवास एवं पेंशन योजना की समीक्षा की गई । बीडीओ ने रोजगार सेवक से पंचायत वार मनरेगा योजना की जानकारी प्राप्त की और पुरानी योजना को बंद करने का निर्देश दिया। पंचायत सचिव से प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजना की समीक्षा की। वैसे लाभुक जो आवास नहीं बना रहे हैं, एक सप्ताह के अंदर आवास पूर्ण करने को लेकर पंचायत सचिव को कहा। बीडीओ ने पेंशन से संबंधित जानकारी प्राप्त की मौके पर बीपीओ करुणा मंडल, कनिय अभियंता जितेंद्र टुडु, रवि उरांव, अमित कुमार सिंह, पंचायत सचिव आनिकित कुमार सिंह, नीतीश कुमार, संतोष कुमार बैठा, पूजा मांझी, पम्पा माझी, सुचिता मरांडी, शिशु धीवर, रोजगार सेवक राधेश्याम पंडित, मघेलाल रजक, शहीद आंसरी, फहीमुद्दीन आंसरी, अनिल चौधरी आदि मौजूद थे।

### एक नजर में

### उपायुक्त ने आमजनों की सुनी फरियाद, समाधान का दिया भरोसा



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने रोजगार, पेंशन, जमीन विवाद, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, सड़क निर्माण, आर्म्स लाइसेंस, अवैध कब्जा, बिजली बिल माफी, जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाने हेतु कैम्प लगाने, आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, अबुआ आवास से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। उपायुक्त ने लोगों को उचित समाधान का भरोसा दिया।

### महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष ने करकेंद गांधी ग्राम में किया कंबल वितरण



**पुटकी।** करकेंद स्थित गांधी ग्राम की लेप्रोसी कॉलोनी में मंगलवार की दोपहर महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष जूली सिंह के नेतृत्व में निजी मद से जरूरतमंद, असहाय गरीब लोगों के बीच दर्जनों कंबल का वितरण किया गया। जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांधी ग्राम की लेप्रोसी कॉलोनी में कुछ लोगों को कंबल की आवश्यकता है। जरूरत को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया।

### कतरास हटिया में हाईमास्ट लगने से लोगों के बीच खुशी



**कतरास।** कतरास बाजार हटिया में हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन विधायक शत्रुघ्न महतो उर्फ शरद दा एवं समाजसेवी डॉ मधुबाला ने किया। डॉ मधुबाला ने बताया कि शरद दा जनकल्याण के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे। उनकी सेवा भावना से समाज के लोगों में उत्साह है। एक सभ्य समाज की ओर अग्रसर हो रहा है। हाई मास्ट लाइट लगने से हटिया व आस पास का परि क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमग हो जाएगा। स्थानीय व राहगीरों को कोई परेशानी नहीं होगी। मौके पर डॉ स्वतंत्र कुमार, श्रीकांत चटर्जी, मुकेश भट्ट, उज्ज्वल चटर्जी, विष्णु चौरसिया, पिंटू दे, नीलेश सिंह, उज्ज्वल, मिंटू, अमर सेन, राजकुमार, सहदेव रवानी, चितरंजन, मुकेश भट्ट, सन्तु लाला, संजय दत्त, गणेश दे, समीर चक्रवर्ती, राजेश स्वर्णकार सहित कतरास बाजार के कई लोग मौजूद थे।

### महिला पर्यवेक्षक ने की सेविकाओं के साथ बैठक



**जामताड़ा।** आंचल सभागार में मंगलवार को महिला पर्यवेक्षक नियुति दास की अध्यक्षता में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। बैठक में 99 प्रतिशत पोषण टेकर गतिविधि को अपलोड करने, सेविका एवं सहायिका ई केवाईसी करने, मातृ वंदना योजना को नियमित रूप से अपलोड करने, पीएम कैश में लाभुकों का उनका डिलीवरी डेट आधार दो दिनों में अपडेट करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सुचारू रूप से केंद्र का संचालन करने और नियमित पोषण वितरण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सेविका चमकी टुडू, निशा कुमारी, रेणु देवी, सरस्वती देवी, शकुंतला देवी, बबिता देवी एवं अनीता पंडित आदि उपस्थित थी।

## तालडांगा में मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 21 से

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** श्री श्री 108 हरिहर एवं मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर के समीप श्री दुर्गा फाउंडेशन समिति ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में शिवरतन प्रसाद एवं राजेश शर्मा ने बताया कि 21 से 27 फरवरी तक शिव परिवार, मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण, श्री पंचमुखी हनुमान, श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा होगी। दूसरे दिन 22 फरवरी को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 1500 महिलाएं कलश लेकर तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी से बराकर नदी घाट को जाएंगी। वहां वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ कलश में जल भरा जाएगा और वापस सभी मंदिर परिषर पहुंचेंगी। सभी श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता एवं पानी की व्यवस्था कमेटी द्वारा की गयी है। इस महायज्ञ को वैदिक संत राघव प्रपन्ना जी महाराज के सान्निध्य में सोलह आचार्यों के दल संपन्न कराएंगे। इसके अलावा प्रतिदिन संध्या 6 बजे से वृंदावन धाम की दिव्या देवी द्वारा राम कथा का वाचन होगा। अंतिम दिन 27 फरवरी को 2 बजे से भक्तों के आगमन तक महाभंडारा चलेगा। प्रेस वार्ता में अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में महायज्ञ में शामिल हों तथा महाप्रसाद ग्रहण करें। प्रवीण चौधरी, देवेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, जयनाथ सिंह, रंजीत मिश्रा, जय प्रकाश सिंह, मोनू मिश्रा, अमित सिंह, मनीष गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।




### पुटकी के श्री श्री कुमारेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न



पुटकी। पुटकी बाजार स्थित श्री श्री कुमारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पांच दिवसीय अनुष्ठान श्री श्री शिव एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार को वेदी पूजन, पूर्णाहुति, महा आरती एवं दोपहर से देर शाम तक भंडारा के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हीरा शर्मा ने बताया कि पुटकी मंदिर में आज हवन के साथ अनुष्ठान की पूर्णाहुति की गई। दोपहर से देर शाम तक भंडारा का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग पांच हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में पुटकी नगरवासियों सहित पुटकी मंदिर के पदाधिकारी और सदस्यों का अहम सहयोग रहा। समारोह में पुजारी कपिल देव पांडेय, हीरा शर्मा, हुकुमचंद अग्रवाल, निरंजन शर्मा, गुड्डू वर्मा, महेंद्र वर्णवाल, केदार वर्णवाल, मुकेश कुमार, भोला शर्मा, दीपक सिंह चौधरी, सुखदेव सोनी आदि मौजूद थे।

### डोमगढ़ के मुद्दे पर सांसद ढुल्लू महतो मिले माधवी मिश्रा से

## विस्थापन नीति में संशोधन का प्रयास करूंगी : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सांसद ढुल्लू महतो के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिला। सांसद ने उन्हें बताया कि सेल को ओवी डंप के लिए एफसीआई के पास वैकल्पिक जमीन है। फिर भी डोमगढ के आवासीय क्षेत्र को डंप के लिए सेल को देना गलत है। सांसद ने उपायुक्त को सिंदरी की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि एफसीआई प्रबंधन वेवजह सिंदरी में विधि व्यवस्था बिगाड़ने पर आमदा है। पी पी कोर्ट का नोटिस जारी कर लोगों में भय का माहौल कायम किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा नगर अध्यक्ष ने बताया कि सांसद ने इस संबंध में केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री से मिलकर समाधान का प्रयास करने की जानकारी धनबाद उपायुक्त को दी। उपायुक्त ने सांसद की बातें सुनकर कहा कि जरुरत पड़ी तो एफसीआई और सेल प्रबंधन के बीच बनी आर एंड आर नीति में संशोधन का प्रयास करूंगी। प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह शीघ्र ही इस विषय पर एफसीआई प्रबंधन से बात कर समस्या के समाधान का प्रयास करेंगी। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष धनश्याम ग्रोवर, भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू, दिनेश सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, राघव तिवारी, धीरज सिंह, विदेशी सिंह, आर के सुमन, अनिल सिंह, संजू सिंह आदि शामिल थे।

### नवडीहा को प्रखंड बनाने की मांग तेज, झंडा मैदान में दिया धरना

# प्रखंड नहीं बना तो होगा चरणबद्ध आन्दोलन मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** जिले के जमुआ प्रखंड का पूर्वी छोर नवडीहा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को गिरिडीह झंडा मैदान में नवडीहा प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति ने धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में सैकड़ों लोग शामिल थे। बाद में पांच सदस्यीय समिति ने समाहरणालय जा कर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त गिरिडीह को मांग पत्र सौंपा। नेतृत्व समिति के सचिव ओमप्रकाश महतो ने किया। मौके पर ओमप्रकाश महतो ने कहा कि नवडीहा प्रखंड बनने की सारी अर्हता पूरी करता है। हमारी मांग पुरानी है, जिसमें कुल 7 पंचायत और 77 गांव शामिल हैं। 2001 से नवडीहा को प्रखंड बनाने की मांग कर रहे हैं। यदि इस बार सरकार ने बात नहीं सुनी तो ारणबद्ध आन्दोलन को बाध्य होंगे। समिति की नेत्री देवंती भारती ने कहा कि नवडीहा से जमुआ प्रखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 18-20 किमी है। आम लोगों को काफी परेशानी होती है। इसलिए जमुआ का पूर्वी छोर नवडीहा, कुरहोबिन्दो, मलुवाटांड, चिलगा, सियांटांड, गोरो और चोरगता कुल सात पंचायतों के 77 गांव को मिलाकर नवडीहा को प्रखंड बनाया जाए। समिति के नेता पुरन किशोर तुरी ने कहा कि नवडीहा को प्रखंड बनाने के लिए हम इस बार आर पार की लड़ाई लडेंगे। मुस्लिम अंसारी ने कहा कि गढवा जिला का डण्डा प्रखंड तीन पंचायत का प्रखंड है। चतरा जिला का कुन्दा प्रखंड पांच पंचायत को मिलाकर बनाया गया है। लावालौंग 08 पंचायत, गिद्धौर 06 पंचायत, पथलगढा को 05 पंचायत मिलाकर प्रखंड बनाया गया है, तो नवडीहा के साथ भेद-भाव क्यों। नवडीहा प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के सोहन राम, जगदीश बैठा, सरफुद्दीन अंसारी, महेन्द्र सिंह, जाकिर हुसैन, विजय कुमार, कुन्ती देवी, गुडिया देवी, सुमा देवी, संगीता देवी, मो सफीक अंसारी, पिंकु तुरी, लालमुनी तुरी, नरेश वर्मा, बिनोद तुरी, राजेन्द्र तुरी, कुसुम देवी, निशा कुमारी सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बाईस वर्ष सश्रम कैद की सजा

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक मामले में आज धनबाद पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत में नामजद आरोपी मालकेरा कतरास निवासी अविनाश कुमार को 22 वर्ष की सश्रम कैद एवं दस हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है। प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर कतरास थाने में 9 जुलाई 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में आरोप था कि 8 जुलाई 24 को पीड़िता सुबह 8 बजे शौच के लिए बाहर गई थी। जब वह वापस घर आ रही थी तो अभियुक्त उसे हाथ पकड़कर जबरन घर में ले गया। उसका हाथ, पैर और मुँह को कपड़ा से बांध दिया और उसके साथ तीन बार दुष्कर्म किया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 12 अगस्त 24 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 21 अगस्त 24 को आरोप तय किए जाने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने 6 गवाहों का परीक्षण कराया था।

### उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय बनाकर काम करने का दिया निर्देश



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय में विभिन्न विभागों की समीक्षा की। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं नगर आवास एवं आवास विभाग से संबंधित जिले में हो रहे कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर काम करने की बात कही। साथ ही कार्य मे आ रही समस्याओं का निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु अपर समाहर्ता विनोद कुमार को निर्देश दिया। पशुपालन हेतु शेड निर्माण के लिए उप विकास आयुक्त सादात अनवर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, एसडीएम राजेश कुमार, एलआरडीसी दिलीप महतो, डीएलएओ राम नारायण खलखो समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक मामले में आज धनबाद पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी भूली ई ब्लॉक निवासी नीतीश कुमार को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 फरवरी की तारीख तय की है। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर भूली थाने में 29 अगस्त 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 19 अगस्त 24 की रात 8 बजे पीड़िता रक्षाबंधन के दिन घर में अकेली थी कि उसी समय आरोपी घर में घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा। हल्ला करने पर वह धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि इसके पूर्व वर्ष 2021 में भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 25 अक्टूबर 24 को आरोपपत्र दायर किया था। 6 फरवरी 25 को आरोप तय किए जाने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने 7 गवाहों का परीक्षण कराया था।

### जामाडोबा जल भंडारण गृह से दूसरे दिन भी जलापूर्ति रही ठप

**जोड़ापोखर।** जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा जल भंडारण गृह से 30 इंची पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के बाद दूसरे दिन भी झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में नहीं होगी जलापूर्ति। लीकेज मरम्मत कार्य कर रहे मजदूरों का कहना है कि 30 इंची पाइप लाइन से झरिया जल मीनार में पानी की आपूर्ति की जाती है। रविवार को प्लांट के निकट लीकेज हो जाने पर सोमवार को ठीक कर मंगलवार को सुबह पानी की सप्लाई की गई है। वही पाइप में दूसरी जगह पर पुनः लीकेज हो गया है, जिससे की जलापूर्ति नही की गई। लीकेज की मरम्मत बुधवार को संध्या तक पूरी कर ली जाएगी। बुधवार को देर रात से संभावना है कि जलापूर्ति की जाएगी। झमाडा जल कार्य अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया कि पहले के लीकेज को ठीक कर लिया गया है। मंगलवार को दोपहर तक झरिया को पानी दिया गया है। लीकेज बुधवार को दोपहर तक ठीक करने के बाद ही रात्रि झरिया में पानी की सप्लाई की जाएगी।

### पीएम सूर्यघर योजना को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त ने की बैठक

# गांव का चयन कर उसे मॉडल सौर ग्राम बनाने का दिया निर्देश

**मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना की समीक्षा भी की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। उन्होंने कहा कि इस योजना से अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को जोड़ना है। साथ ही जिले के किसी एक गांव को चिह्नित कर उसे मॉडल सौर ग्राम के रूप में विकसित करना है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सर्वे तथा प्रचार प्रसार कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। परियोजना अधिकारी ने बताया कि सरकार की ओर से संयंत्र क्षमता के हिसाब से एक किलोवाट पर 30 हजार रुपये का अनुदान, दो किलोवाट संयंत्र क्षमता पर 60 हजार और तीन किलो वाट एवं उससे अधिक संयंत्र क्षमता पर 78 हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए उपभोक्ता नेशनल पोर्टल पीएम सूर्यघर डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा इस योजना के तहत घर, गांव, मोहल्ले-टोले में सर्वे कराकर विद्युतीकरण का काम करना है। संबंधित पदाधिकारी को छूटे हुए स्थान को चिन्हित कर कार्य पूरा करने की बात कही। मौके पर इलेक्ट्रिकल सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर इलेक्ट्रिसिटी धनबाद, गोविंदपुर, निरसा एवं झरिया के अलावा मैनेजर आरईसी, एलडीएम, डीपीआरओ मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर साहेबगंज हाइवे में कोरिडीह वन गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार शाम 7 बजे की है। कोरिडीह वन गांव निवासी मन्ताज मियां 42 वर्ष सड़क किनारे से जा रहे थे। वही एक मोटसाइकिल चालक ने उन्होंने ढोकर मार दी, जिसमें मन्ताज मियां गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रमीणों ने अपने निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया, जहां डॉ अर्णव चक्रवर्ती ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया। डॉ ने बताया कि हेड इन्जोरी है।

### डीआरडीओ देहरादून के वैज्ञानिकों ने किया मुनिडीह की भूमिगत खदान का दौरा



**पुटकी।** बीसीसीएल मुनिडीह प्रोजेक्ट में मंगलवार को डी आर डी ओ देहरादून के वैज्ञानिकों ने भूमिगत खदान का दौरा किया । सभी का प्रोजेक्ट ऑफिसर सुनील कुमार पांजा और मैनेजर डॉ सन्नी राव ने स्वागत किया । साथ ही प्रेजेंटेशन के माध्यम से कोयला खनन और प्रेषण के विषय में विस्तृत जानकारी दी। सभी अतिथि को मूनिडीह कोलियरी की 500 मीटर गहरी खदान में रोड हेडर मशीन को दिखाया गया और उसकी कटिंग के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई । दौरा में डीआरडीओ देहरादून के वैज्ञानिक जी दीपक अवस्थी, वैज्ञानिक-एफ रबी चौधरी, वैज्ञानिकएफ प्रमेंद्र वर्मा, वैज्ञानिक-ई सुरेश कुमार पटेल, वैज्ञानिक-डी अपूर्वा के साथ कोलियरी के सेफ्टी ऑफिसर पी राजकुमार डी और प्रबंधक (खनन) सीता राम राउत आदि उपस्थित थे।

## महाकुंभ से स्नान कर लौट रहा युवक रास्ते में गायब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोविंदपुर।** प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौट रहा कार्तिक बाउरी नामक दुर्गापुर का 25 वर्षीय युवक मंगलवार को खालसा होटल रतनपुर के समीप कहीं भटक गया। वह दुगार्पुर ए जोन का निवासी है। वह मिनी बस से इलाहाबाद गया था और लौटने के दौरान रतनपुर में कहीं भटक गया। उसके साथ गए उत्पल नाथ एवं सहयोगी ने उसकी काफी खोजबीन की, परंतु उसका पता नहीं चल पाया। इसके बाद निराश होकर साथ गए सभी लोग दुर्गापुर लौट गए।

## वार्डो से जुड़ी समस्याओं को लेकर भाजपाइयों ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** शहरी क्षेत्र के वार्डो से जुड़ी समस्याओं को लेकर मंगलवार को भाजपा बरटांड़ मंडल ने नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना दिया। धरना में विधायक राज सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार के समय जो विकास योजनाएं धरातल पर उतर रही थी, उन सभी को वर्तमान हेमंत सरकार ने रोक रखा है। इस सरकार में अफसरशाही चरम पर है। लेकिन हम इनकी मनमानी चलने नहीं देंगे। इस दौरान वार्ड 17, 18, 20, 21 एवं 28 से जुड़ी समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को 20 सूत्री ज्ञापन दिया गया है। 60 दिन के अंदर सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट से संबंधित समस्या दूर नहीं होंने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई। धरना में महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजकुमार अग्रवाल, बरटांड मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, अरुण राय, मानस प्रसून, पंकज सिन्हा, राजाराम दत्ता, सन्नी रवानी, हुलास दास, रितेश बहादुर सिंह आदि शामिल थे।

### सीओ से ज्ञापन सौप किया कार्रवायी की मांग



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के डहू में मनरेगा योजना से निर्मित खेल मैदान (स्टेडियम) में चारदिवारी निर्माण का स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया है। वहीं सीओ उज्जवल सोरेन को एक ज्ञापन सौंप निर्माण कार्य रोकने व कार्रवायी करने की मांग की गई है। बताया गया कि खेल मैदान में सरकार द्वारा आईटीआई का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके तहत चारदिवारी निर्माण कार्य प्राइवेट संस्थान द्वारा की जा रही है। जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया। निर्माण कार्य बंद नही होने पर मंगलवार को ओरमांझी प्रखंड वार्ड सदस्य संघ के महासचिव सोना लाल महतो के नेतृत्व में सभी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। सीओ को बताया गया कि गांव के बच्चों का एक मात्र खेल मैदान हैं। खेल में अपनी अवसर तलास रहे बच्चों के लिए निर्माण कार्य पर सिघ्र रोक लगाया जाए। वहीं सीओ ने कहा है कि ग्रामीणों की मांग को जिला भेजा जा रहा है। जिला से निदेर्षानुषार आगे की कार्रवायी की जा जाएगी। विरोध करने वालों में शंकर मुंडा, महेश्वर महतो, मुकेश महतो, दिनेश महली, देवेन्द्र ठाकुर, बरजू मुंडा, राजेंद्र महतो, धाधिलाल मुंडा, शैलेन्द्र महतो, सहदेव महतो, अशोक मुंडा, दिलीप महतो, आदेश महतो, सनोज महतो, आकाश ठाकुर, संदीप महतो, ओमप्रकाश महतो, रंजीत महतो, कुलेष्वर महली, अरबिन्द महतो, नागेश्वर महतो, बलराम महतो, सहावीर महतो, सुरेश महतो आदि शामिल हैं।

## धनबाद प्रेस क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची डी थ्री व प्रेस क्लब ब्लू, मुकाबला आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** रेलवे ग्राउंड में चल रहे धनबाद प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मंगलवार को खेला गया। पहला मैच धनबाद प्रेस क्लब ब्लू बनाम मिरर मीडिया के बीच हुआ। इस मैच में धनबाद प्रेस क्लब ब्लू की टीम विजयी हुई, दूसरा मुकाबला डी थ्री व रामअवतार ग्रुप के बीच खेला गया। इस मैच में डी थ्री को जीत मिली। इसी के साथ दोनों विजेता टीमें बुधवार को फाइनल मुकाबले में भिड़ेंगी।

पहले मैच में प्रेस क्लब ब्लू ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर कुल 196 रन बनाए, जबकि मिरर मीडिया की पूरी टीम 17.3 आवेर में ही आल आउट हो गई। टीम 154 रन ही बना पायी। वहीं दूसरे मैच में रामअवतार ग्रुप की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट खो कर 161 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए डी थ्री की टीम ने महज 13.2 ओवर में ही 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। धनबाद प्रेस क्लब ब्लू टीम के राजा कुमार व डी थ्री के विक्रम सिंह को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

मैच के दौरान डीएसपी मुख्यालय (एक) शंकर कामती, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, यातायात डीएसपी अरविंद कुमार, डी थ्री के शांतनू व रामअवतार ग्रुप के अमरेश सिंह मौजूद थे।

## बेटे ने पिता की संपत्ति के लिए किया हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** गलफरबाड़ी मस्जिद टोला में मंगलवार को बेटे ने पिता की अर्जित संपत्ति पर अधिकार के लिए खूब हंगामा किया। सूचना मिलने पर मुखिया काकुली मुखर्जी पहुंची और उसे फटकार लगाई। कहा कि पिता की अर्जित की संपत्ति पर बेटा हो या बेटी किसी का कोई अधिकार नहीं है। यदि पिता की मर्जी हुई, तभी बेटा हो या अन्य उनके पास रह सकते हैं और संपत्ति का उपभोग कर सकते हैं। हठधर्मी बेटे ने मुखिया की बात मानने से इंकार कर दिया। जबरन घर में घूसने की बात कही। मुखिया ने कानून की मदद से बुजुर्ग पिता को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। बता दें कि उक्त बुजुर्ग के चार बेटे हैं। दो उनके पास रहता है। एक बेटे ने गलफरबाड़ी मोड़ में अपना मकान बनाया है। उसके पास एक बेटा पत्नी व बच्चों के साथ रह रहा है। लेकिन दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर अनबन हो गयी। अब वह भाई अपने घर से जाने को कह रहा है। गुस्से में भाई बीवी व बच्चे के साथ घर से निकल पिता के पास आ धमका। अधिकार जताते हुए जबरन उनके पास रहने की बात करने लगा। बुजुर्ग पिता ने कहा कि उस बेटे ने प्रेम विवाह करने के बाद कभी उनका ध्यान नहीं दिया। 14 साल तक घर से बाहर रहा। अब संपत्ति पर हक जता रहा है।

### मुराईडीह कोलियरी में 9 फरवरी से खड़ी है डीओ धारक कन्हाई चौहान का ट्रक

# लोडिंग के एवज में 1600 रुपये प्रति टन रंगदारी मांगने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बीसीसीएल के लोडिंग प्वाइंट्स पर व्यवस्था के नाम पर कहें या सुविधा शुल्क के रूप में डी ओ धारक से निर्धारित रकम वसूली की शिकायत लम्बे समय से चली आ रही थी। लेकिन बाद के कालखंड में यह रंगदारी का रूप लिया। पिछले वर्षों में इसी के चलते कंपनी के कई कोल डम्पों में हिंसक वारदात भी हुई। उससे जुड़े कई मामलों का अदालत में विचारण भी चला। एक सच यह कि पिछले चार पांच साल में जिला प्रशासन द्वारा रंगदारी के खिलाफ ठोस कदम उठाये जाने और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किये जाने से ऐसे मामलों में बहुत कमी भी आई है।

अभी एक ताजा मामला बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी का सामने आया है। बरोरा थाना क्षेत्र के माथाबांध निवासी डी ओ धारक कान्हाई चौहान का ट्रक नौ फरवरी से मुराईडीह कोलियरी परिक्षेत्र में खड़ा है। उसमें कोयला लोड नही हो रहा है। डीओ धारक ने कहा कि लोडिंग से जुड़े कर्मी व अधिकारी के पास कई बार संपर्क कर ट्रक में लोडिंग कराने की मांग की। लेकिन अब तक कोई नतीजा सामने नही आया। बाध्य होकर उपायुक्त, वरीय एसएसपी और एसडीएम को शिकायत पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि अवैध वसूली, भ्रष्टाचार पर रोक लग सके। कन्हाई ने आरोप लगाया है कि लोडिंग के एवज में 1600 रुपये प्रति टन रंगदारी मांगी जा रही है। इंकार किये जाने पर उसे धमकी दी जा रही है। कहा है कि यहाँ नम्बरिंग सिस्टम से ट्रक में लोड नहीं हो रहा है। डम्प में नम्बरिंग सिस्टम से ट्रकों में लोडिंग की व्यवस्था को लागू कराने एवं अपने जान माल की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। शिकायत पत्र में उसने सांसद ढुल्लू महतो, विधायक शत्रुघन महतो, जीएम पियूष किशोर एवं कोलियरी के पीओ काजल सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है।

हालांकि मीडिया द्वारा पूछे जाने पर जनप्रतिनिधि और बीसीसीएल अधिकारी ने आरोपों को गलत करार दिया है। आरोपों में कितनी सच्चाई है, यह तो जांच का विषय है। इधर कन्हाई चौहान के ट्रक में कोयला लोड नहीं होने से तनाव पनपने लगा है। जिला प्रशासन व बीसीसीएल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से नही लिया तो मुराईडीह डंप में फिर एक बार हिंसक वारदात की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान

**पिस्कानगडी।** प्रखंड के लालगुटवा पंचायत अन्तर्गत पुंदाग गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान प्रखंड के संयोजक प्रमुख कलाम आजाद की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया मौके पर पुंदाग क्षेत्र के मस्जिद टोला, बॉली टोली, बंगला टोली, इमाम बड़ा चौक, गौस नगर, खेत मोहल्ला, आदिवासी टोला, के 600 महिला, पुरुष और युवाओं ने जेएमएम की सदस्य ग्रहण किया। पुंदाग में चलाए गए सदस्यता अभियान में लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। मौके पर नगड़ी संयोजक प्रमुख कलाम आजाद ने कहा कि पार्टी के केंदीय नेतृत्व के निर्देश पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में पूरे रांची जिला में 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है और नगड़ी प्रखंड में 9 हजार 13 पंचायत से सदस्य बनाए जाएंगे। आज के सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से अंशु लकड़ा, राजकुमारी टोपनो, कविता कच्छप, बिंदे मुंडा, सुनील तिर्की, मनीषा, स्वेता गाड़ी, संगीता टोप्पो, ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# 351 कन्याओं के विवाह के लिए किन्नर समाज ने चलाया भिक्षाटन अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के हर जगहों पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली के लिए शहर के सभी किन्नर समाज ने अपने साथियों के साथ भिक्षाटन अभियान किया। इस अभियान के तहत जिले के कई पंचायतों में जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया जा रहा था। उसी कड़ी में किन्नर समाज भी भिक्षाटन के लिए आगे कदम बढ़ाया है। सभी लोगों ने विकास माली के साथ कदम से कदम मिलाकर चल कर सहयोग कर रहे हैं।

भिक्षाटन अभियान के दौरान किन्नर समाज की गुरु मां राधा मां ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के वर्ग के लोगों को भाई विकास माली की खुलकर सहयोग करना चाहिए जिससे की इनका हौसला और अधिक बढ़े। क्योंकि सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर सभी बहनों को आशीर्वाद प्रदान करें।

## दानरो तट पर होगा 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह, तैयारियां पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वावधान में 19 फरवरी को दानरो नदी तट पर आयोजित 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर मंगलवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि विवाह समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने गढ़वा जिला समेत अन्य राज्यों के लोगों से आग्रह किया कि वे इस पावन अवसर पर आकर वर.वधू को आशीर्वाद दें।

श्री माली ने बताया कि विवाह समारोह का शुभारंभ बुधवार सुबह 8 बजे होगा। प्रथम यात्रा विकास माली के निवास स्थान से प्रारंभ होकर टंडवा पूर्णचंद्र चौकए रंका मोड़ होते हुए आशीर्वाद मैरेज हॉल पहुंचेगी। इसके बाद बारात निकलेगी, जो मां गढ़देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर दानरो नदी छठ घाट स्थित विवाह स्थल पर पहुंचेगी, जहां विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन में किन्नर समाज ने भी शारीरिक एवं आर्थिक सहयोग दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी किसी भी प्रकार की सहायता हेतु वे सदैव तत्पर रहेंगे। मौके पर राजेश सिन्हा, अजय वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन में फाइलेरिया दवा वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में चलाए जा रहे फाईलेरिया उन्मूलन तथा आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम के तहत सहिया मालती कुमारी एवं रीना देवी के नेतृत्व में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केसरी ने फाइलेरिया बीमारी के संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।

श्री केसरी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रमक रोग है जिसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। इसके सामान्यतः कोई लक्षण दिखाई देते हैं। बुखार, हाथ पांव एवं शरीर के अन्य भाग में या उसके आसपास दर्द या सूजन इसके शुरूआती लक्षण है। बाद में पैरों व हाथों में सूजन हो जाता है। यह बीमारी क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। यह दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांगता व कुरूपता लाने वाली बीमारी है। यह हाथ या पैर के अलावे और भी अंगों को प्रभावित करता है। इस बीमारी से यदि मुक्ति चाहते हैं तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो मुफ्त में दवाइयां निर्धारित समयानुसार दी जाती है। इसका सेवन आवश्यक रूप से करें तथा इससे बचाव के लिए अपने घर एवं पास पड़ोस के लोगों को उचित जानकारी दें ताकि स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

मौके पर उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर, खुर्शीद आलम, संतोष प्रसाद, वीरेन्द्र साह, नीरा शर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, मुकेश भारती आदि उपस्थित थे।


## पत्रकार आशुतोष के निधन पर शोक सभा आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बिंदास न्यूज के युवा पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के असामयिक निधन पर पत्रकारों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत पत्रकार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर एआईएसएम के ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि आशुतोष रंजन सिन्हा के अचानक असामयिक मौत से पूरा पत्रकार जगत मर्माहत है। उन्होंने कहा कि वे काफी मिलनसार एवं खुशमिजाज ब्यक्ति थे। उनके चले जाने से पूरे पलामू प्रमंडल के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई है। आशुतोष रंजन की कमी हम सभी को काफी खलेगी। इस दौरान अखिलेश ठाकुर एवं मनोज कुमार दुबे ने कहा कि पत्रकार जगत में कम उम्र में ही आशुतोष रंजन अपना कार्यों से लोगों को दिल में बस चुके थे। आशुतोष के अचानक निधन से हम सभी लोग मर्माहत हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में भगवान उनके परिजनों को सहनशक्ति दें। हम सब भगवान से यही प्रार्थना करते हैं। उनके परिवार के साथ हम सब खड़े हैं। मौके पर अखिलेश ठाकुर, विनय कुमार, अनूप सिंह, उपेंद्र वर्मा, अमित कुमार, मनोज दुबे व राहुल कुमार जायसवाल उपस्थित थे।

## रमना के चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की हिंदी विषय की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मैट्रिक के कुल 1460 परीक्षार्थियों में 1452 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जबकि 8 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जमा दो उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 716 में 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 711 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। बालिका उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक शशि रमण प्रकाश व सहायक धर्मदेव उरांव ने बताया कि मैट्रिक के कुल 125 परीक्षार्थी में 2 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 123 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फुलेन्द्र राम ने बताया कि मैट्रिक के कुल 303 में सभी 303 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। राजकीय मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकु कुमार पासवान ने बताया कि मैट्रिक के कुल 316 परीक्षार्थी में 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 315 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे।

## मैट्रिक की हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक की विषय हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मैट्रिक के कुल 432 परीक्षार्थियों में 431 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जबकि एक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक मोण मोकारिम एवं उप केंद्र अधीक्षक देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 432 परीक्षार्थी में एक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 431 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। बताया कि उक्त केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हो रही है। केंद्र पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के साथ केंद्र का निरीक्षण किया। बीडीओ ने परीक्षा में तैनात सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि इस सेंटर पर किसी तरह का अनियमितता नहीं होनी चाहिए। अगर किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई गई तो संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका तेरेशा बाखलाए दंडाधिकारी घनश्याम गुप्ताए प्रेम कुमार गुप्ताए संजय मिश्राए राम लखन रामए नवीन प्रकाशए मनोज दास सहित अन्य उपस्थित थे।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**धुरकी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक व भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी के नेतृत्व में विनम्र श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कपूर्री ठाकुर के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पिछड़ों सहित सभी वर्गों को ध्यान में रख रखने वाले गुड्डी के लाल गरीबों के मसीहा कर्पूरी ठाकुर अपने जीवन समाज कल्याण में ही लगा दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में समाज को जगाने वी समाज को आगे बढ़ाने में उनका अहम योगदान रहा है। सेवानिवृत शिक्षक कृष्णा विश्वकर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर व्यक्ति नहीं एक विचार थे। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से एक घायल

**भवनाथपुर।** कर्पूरी चौक के समीप अज्ञात वाहन के धक्का लगने से बिहार के मधुकुपिया गांव निवासी राजकिशोर यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में उनके रिश्तेदार पंडरिया निवासी भृगुन प्रसाद यादव स्थानीय सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे। जहां पर तैनात महिला चिकित्सक अनुपमा कुमारी द्वारा इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी देते भृगुन यादव ने बताया कि हमलोगों दोनों घर से बाजार करने आये हुए थे कि हम दुकान के अंदर चले गए जबकि राजकिशोर पीछे रह इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने धक्का मारकर फरार हो गया।

## बीडीओ ने बैठक कर दिये निर्देश

**भवनाथपुर।** गढ़वा उपायुक्त के निर्देश के आलोक में मंगलवार को बीडीओ नंदजी राम की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के लहराहा टोला में बैठक किया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजनाए पेयजलए चिकित्साए पशुपालनए प्रखंड सहकारिता विभागए शिक्षा विभागए विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। आयोजित उक्त बैठक में आदिम जनजाति बाहुल्य लरहारा टोला में अनुसूचित जनजातिध आदिम जनजाति धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2024 .25 से वर्ष 2028 .29 तक क्रियान्वयन करने हेतु आवासए चिकित्साए पशुपालनए एलपीजी गैस कनेक्शनए सड़कए पुल पुलियाए घरों में विद्युतीकरणए शुद्ध जलापूर्तिए आंगनबाड़ी केंद्रए रोजगार सृजन इत्यादि से आच्छादित करने का निर्देश पारित हुआ।

## प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त से की बीपीओ को हटाने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त गढ़वा को आवेदन देकर केतार बीपीओ नीरज कुमार पाल पर आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द हटाने की मांग की है। प्रमुख ने दिये आवेदन में कहा है कि नीरज कुमार पाल के द्वारा केतार प्रखंड के गरीब लोगों से प्रत्येक स्कीम में जांच के नाम पर पैसा उगाही करने का काम किया जा रहा है तथा लाभुकों डरा धमका कर उनसे ऊंची रकम की वसूली करते हैं। इनकी शिकायत एक माह पूर्व में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त गढ़वा को लिखित रूप में किया था लेकिन इस पर कोई विचार नहीं किया गया। इनके द्वारा बिचौलियों के माध्यम से ऊंची रकम लेकर के बगैर पंचायत समिति के अनुमोदन के ही डोभा एवं तालाब स्वीकृत किया जा रहा हैए जिस कारण उचित लाभुकों तक काम नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही यह भी कही की लगभग 5 माह से मनरेगा योजना का कार्य लगभग बंद हैए जिसके कारण मजदूरों का पलायन जारी हो चुका है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताई की यदि इस बीपीओ को तत्काल हटाते हुए इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो हम आम जनता के साथ धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाऊंगी।

## समाजसेवी ने कराया मंदिर की छत की ढलाई



केतार। प्रखंड के परती.कुशवानी गांव में समाजसेवी पंकज सिंह ने आदिवासी समुदाय के देवता डिहवार बाबा के मंदिर निर्माण की ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने मजदूरों के साथ ढलाई कार्य में हाथ भी बटांया। मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा कि परती. कुशवानी पंचायत आदिवासी बहुल्य है। इस समुदाय के लोगों की मांग डिहवार बाबा का मंदिर निर्माण करना था जो आज पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मंदिर नहीं बनने से आदिवासी समुदाय के लोगों को पारंपरिक पूजा .अर्चना करने में परेशानी होता था। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यों में बढ़ .चढ़कर हिस्सेदारी करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को पूरा करते हुए अपने निजी खर्च इस मंदिर का निर्माण कराया। मौके पर सत्येंद्र ठाकुरए राधेश्याम सिंहए रामपति सिंहए गंगा सिंहए राजकुमार सिंहए करीमन सिंहए रामविलास सिंहए रामाश्रय सिंहए रामप्रवेश सिंहए निरंजन सिंहए लाल मुनी चौधरीए रीना देवीए पप्पू चौधरीए वीरेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सोनभद्र आदर्श इंटर कालेज में खिड़की पर चढ़ परीक्षा में कर कराया जा रहा है कदाचार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांडी।** सोनभद्र आदर्श इंटर कालेज कांडी में खिड़की पर चढ़ कर कदाचार कराया जा रहा है। ऐसा लगता है कि सेंटर पर परीक्षार्थियों को कदाचार करने व कराने की खुली छूट मिली हुई है। इस सेंटर पर मैट्रिक व इंटर दोनों की परीक्षा चल रही है। प्रखण्ड के तीन परीक्षा सेंटर पर मंगलवार को मैट्रिक की हिन्दी विषय की परीक्षा में 1379 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 2 अनुपस्थित रहे। इंटर के लिए बनाए गए दो परीक्षा केंद्र पर 434 विद्यार्थी परीक्षा लिखे। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी सेंटर पर 490 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा लिखे जबकि एक अनुपस्थित रहा। इसी सेंटर पर इंटर के लिए 276 विद्यार्थी परीक्षा लिखे। सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर 624 मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए जबकि एक अनुपस्थित रहा। इसी सेंटर पर इंटर के 158 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए। पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी कला सेंटर पर 265 विद्यार्थी परीक्षा लिखे। फ्लाइंग मजिस्ट्रेट सह मझिआंव सीओ प्रमोद कुमार ने लमारी कला व सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर परीक्षा का औचक जांच किया। सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर एक छात्रा रौल कोड 32004 रौल नम्बर 0156 संजना रानी की अचानक तवियत खराब हो जाने के कारण 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज कांडी कॉलेज सेंटर पर खिड़की के ऊपर ऊपर चढ़कर अभिभावकों को कदाचार कराते देखा गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-14-2025, दिनांक: 17.02.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के अधीन 60 किग्रा. रेल के लिए 600 सेट इनसीटू ग्लूएड इंसुलेटेड जॉइंट्स का फेब्रिकेशन एवं इंसर्शन। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,01,59,494। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,00,800। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-1145)

**CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

**Ph.D Awarded**



By the order of the Vice Chancellor, Jharkhand Rai University Ranchi **Mrs. SUBIYA AHMED** D/o Parwez Ahmed and W/o S. Jaseem Rizvi, Ranchi is declared to have passed her Doctorate of Philosophy examination in English held in the month of February, 2025 on the topic of the research **"AN ANALYTICAL STUDY ON THE POSITIVE PORTRAYAL OF DEATH BY EMILY DICKINSON".** She carried out her research work under the supervision of Dr Anita Singh Associate Professor Department of Humanities and Social Science, Jharkhand Rai University Ranchi.

**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।**

इस कार्यालय के पत्रांक 19/दिनांक 06.02.2025 द्वारा निकाली गई ई0 आमंत्रण सूचना ई0 निविदा सख्या 02/2024-25NREP /LOHARDAGA दिनांक 06.02.2025 पी0आर0नं0 345910 लोहरदगा (24–25) डी0 के द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

PR 346653 (Lohardaga) 24-25 (D)

**Government of Jharkhand**
**District Health Society, Simdega**
**Civil Surgeon Cum C.M.O. Simdega Simdega, Jharkhand.**
Mail ID: cs.simdega@gmail.com, cs.simdega2@gmail.com

Tender Notice No.__________/Date: __________/
**Very Short Tender Notic**
**procurement system**

Civil Surgeon Cum C.M.O. Simdega, District Health Society, Simdega, Jharkhand invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) from the registered and eligible firms for **Rate Contract for different kinds of printed materials & IEC Materials required for DISTRICT HEALTH SOCIETY, SIMDEGA.**
The eligible bidders willing to participate can visit to portal www.simdega.nic.in and tender documents with detailed conditions can be obtained.

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contract for Different Kinds of IEC or Printed/Printing Materials Required in DISTRICT HEALTH SOCIETY, SIMDEGA. |
| 2 | Date of Publication of Tender | 18/02/2025 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On 28.02.2025 latest by 03.00 P.M. |
| 4 | Date/Time for receipt of bids | 18/02/2025 By 3:00 PM |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.50000/- (Rs. Fifty Thousand) |
| 6 | Earnest Money Deposit (EMD) & Hard Copy of Technical Bid should beSubmitted In Office of Civil Surgeon -cum-CMO Simdega through registered post/Speed Post/By Hand. | Last Dated of Submission of Tender: 03.00PM Dated 18/02/2025 |

Note:- The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.
**Detail Tender document can be seen through website-** http://simdega.nic.in
**Hard copies of technical bid, price bid & EMD will be received through registered post/ Speed post/ By Hand**

Civil Surgeon Cum C.M.O.
District Health Society, Simdega, Jharkhand Simdega, Jharkhand

PR.NO.346665 Simdega(24-25):D

**कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार**

**बन्दोबस्ती आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती **वर्ष 2025–26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च, 2026 तक)** के लिये खुली डाक द्वारा बोली दिनांक– **10.03.2025** को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक **11.03.2025** एवं दिनांक– **12.03.2025** को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | वर्ष 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत लातेहार में प्रवेश करने वाले व्यवसायिक वाहनों पर प्रवेश शुल्क का निर्धारण। | 7161300.00 | 716200.00 | 5000.00 |

नोटः–
1. उपरोक्त सैरात में भाग लेने वाले आवेदकों को संबंधित सैरात हेतु **5000.00** रूपये कार्यालय में नगद जमा कर संबंधित सैरात का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तदोपरांत ही उपरोक्त सैरात में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। आवेदन प्रपत्र को नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में दिनांक 07.03.2025 को (कार्यालय कार्य दिवस में) प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही संबंधित आवेदन को मांग किये गये सभी कागजात एवं जमानत की राशि का बैंक डाफट्/बेंकर चेक के साथ दिनांक 08.03.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक ही जमा किया जा सकता है। डाक की तिथि के दिन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
2. छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , सुरक्षीत जमा राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
3. कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये सभी नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेबसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार


PR 346640 (Urban Development)24-25*D

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार 19 फरवरी 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# भारत-कतर संबंध

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद बिन खलीफा अल थानी की भारत यात्रा के दौरान, भारतीय उद्योग परिसंघ ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ साझेदारी में नई दिल्ली में भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच का आयोजन किया। संयुक्त व्यापार मंच के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विकसित भारत दृष्टिकोण के अनुरूप 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की भारत की महत्वाकांक्षा पर जोर दिया। भारत और कतर के बीच सफल ऊर्जा व्यापार का लंबा इतिहास रहा है, लेकिन अब इस साझेदारी का भविष्य हाइड्रोकार्बन से आगे बढ़कर एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, आईओटी और सेमीकंडक्टर आदि जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के साथ-साथ बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता है और साइबर सुरक्षा के बढ़ते खतरे के बीच आत्मनिर्भरता हमारी प्रमुख प्राथमिकता बन गई है। भारत और कतर नवाचार को आगे बढ़ाने तथा भविष्य के उद्योगों को आकार देने में भागीदार हो सकते हैं। चूंकि दोनों देश परिवर्तनकारी बदलाव की ओर बढ़ रहे हैं, इसलिए यह साझेदारी उद्यमशीलता, प्रौद्योगिकी और स्थिरता के स्तंभों पर टिकी होगी। कारोबार करने की लागत कम करने और कारोबार करने में आसानी को बढ़ावा देने में भारत के प्रमुख सुधारों पर प्रकाश डाला, तथा वैश्विक निवेशकों के लिए इसे विश्वसनीयता और स्थिरता का बेहतरीन स्थान बताया। कतर को भारत की गतिशील और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था में अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का विजन 2047 और कतर का राष्ट्रीय विजन 2030 रणनीतिक आर्थिक सहयोग के एक नए युग को आकार देगा।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

# प्रगति यात्रा के सहारे चुनाव में जीत की तैयारी में नीतीश

**बिहार** में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस लिया है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है।

जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है।

नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है।





**-उमेश चतुर्वेदी**

> नीतीश ने राज्य के तमाम जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़ें।

एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की।

इस यात्रा के दौरान नीतीश ने राज्य के तमाम जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए।

प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20,000 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 121 योजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है और उन्हें जमीनी हकीकत बनाने को लेकर तेजी से काम शुरू हो चुका है। इनमें से कई योजनाएं ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने, उनका पुनर्निर्माण करने और उनकी हालत पहले की तुलना में और बेहतर बनाने को लेकर हैं। इस दौरान समस्तीपुर और मधेपुरा जिलों में महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। साथ ही, सीवान, छपरा, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर जिलों में सड़क चौड़ीकरण, बाईपास और पुल निर्माण कार्यों के लिए भी भारी धनराशि स्वीकृत की गई है। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। बहुत सारी सड़कें तैयार भी हो चुकी हैं। जिनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है।

नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा।

वैसे प्रशांत किशोर जैसे उनके पुराने साथी विपक्षी खेमे की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है।

उम्मीद की जा रही है कि चुनावों की घोषणा होने तक नीतीश और बीजेपी इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर प्रचारित और विस्तारित करते रहेंगे। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

## लेटर टू एडिटर

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा के अभाव में मिलावट का खेल पनप रहा है। मिलावट करने वाले सिर्फ अपने फायदे की सोचते हैं, जबकि इसके परिणाम समाज और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं।

**-दिनेश सिंह, रांची**

### कठोर सजा मिले

**त्योहारों** के दौरान नकली मेवा और मिलावटी सामानों की भरमार हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य खतरे में पड़ता है। मुनाफा कमाने के लिए कुछ लोग नैतिकता को ताक पर रख देते हैं और भूल जाते हैं कि ये मिलावटी उत्पाद जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकते हैं। **- शिवशंकर, गुमला**

## ट्वीट

रांची में कनेक्टिवी का विस्तार हो या फिर यहां के लोगों का जीवन आसान बनाने के प्रयास, इस दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ाए गए हैं। रांची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास, रेलवे लाइनों का दोहरीकरण, सिटी गैस वितरण या फिर लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स इसके बड़े उदाहरण हैं।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**नगर** विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत नव-चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने का सौभाग्य मिला। मुझे विश्वास है अपनी इस नई पारी में आप तन्मयता से राज्यवासियों की सेवा करने का काम करेंगे। आप और आपके परिवार को इस शुभ अवसर पर बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे

**ललित गर्ग**

सामयिक

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है।

हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का ह्यह्यजिम्मेदारह्ळह्ळ समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सवेर्षा अविरोधेन् है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् को मानता है।

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं ह्यविविधता में एकताह्ळ, लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है। भागवत ने जिस सत्य को उजागर किया है, वह हजारों साल पहले भी सत्य था और आज भी उतना ही सत्य है। बल्कि नई परिस्थितियों एवं राजनीतिक स्थितियों के साथ उसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ी है। क्योंकि भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्यबोध है, उसका नाम ह्यहिंदुत्वह्ळ है। इसलिए संघ हिंदू समाज को संगठित, अजेय और सामर्थ्य-संपन्न बनाना चाहता है। इस कार्य को संपूर्णता तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है।

भागवत ने कहा कि भारत में कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि एक ऐसे राजा को याद करता है जो अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास पर चला गया-यह स्पष्ट रूप से भगवान श्रीराम का संदर्भ था, और वह व्यक्ति जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रखीं, और जिसने वापस आने पर राज्य सौंप दिया, यह था भरत का समर्पण। हिन्दू धर्म के भगवद गीता, रामायण, महाभारत, और वेद जैसे शास्त्रों एवं ग्रंथों से ऐसे ही नैतिक मूल्यों, मानवता और जीवन के उच्चतम आदर्शों का संदेश मिलता है, इसलिये हिन्दू समाज की एकता जरूरी है।

# युद्ध के प्रति भारतीय तटस्थता नहीं, बल्कि शांतिपरक पक्षधरता को ऐसे समझिए

**कमलेश पांडे**

सामयिक

इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया।

चाहे 'वैश्विक युद्ध' की संभावना की बात हो या विभिन्न देशों के बीच ब्रेक के बाद जारी 'द्विपक्षीय युद्ध' की, भारत ने साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी मामले में तटस्थ नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर है। बता दें कि अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा (12-13 फरवरी 2025) के क्रम में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि रूस-यूक्रेन जंग पर भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है।ऐसा इसलिए कि इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है। जी हां, भगवान बुद्ध!

वैसे दुनिया को यह भी पता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिन्दू/भारत विरोधी हरकतों को नजरअंदाज करते हुए सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है।

इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत और पाकिस्तान के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बंगलादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं, इस वास्ते किसी भी हद तक गुजर जाने के लिए ततपर रहते हैं और विदेशी ताकतों की हाथों में खेलते रहते हैं।

इतना ही नहीं, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि जैसे मौकापरस्त पड़ोसी देशों से जुड़े घटनाक्रमों पर जब आप गौर करेंगे तो भारतीय धैर्य की दाद आपको देनी पड़ेगी। यदि उनके हितों का सवाल नहीं हो तो भारत ने कभी सैन्य हस्तक्षेप इन देशों के खिलाफ नहीं किया। वहीं, दुनियावी मंचों पर अमेरिका, सोवियत संघ (अब रूस), चीन आदि के मामलों में भी न तो किसी का पक्ष लिया, न किसी का विरोध किया।

इन बातों का सीधा संदेश है कि जो शांति का दुश्मन है, वो भारत का दुश्मन है। इस नजरिए से यदि देखा जाए तो 'आतंकवाद' और उसको प्रोत्साहित करने वाले 'देश' या उनका गुट भी भारत के दुश्मन हैं। पूरी दुनिया में हथियारों की होड़ पैदा करके एक दूसरे पर कोहराम मचाने वाले देश या उनके संरक्षक भी भारत के दुश्मन हैं।.....और शायद इसलिए भी भारत हथियारों की होड़ में शामिल हो चुका है, क्योंकि लोहा को लोहा ही काटता है। भारत का बढ़ता रक्षा कारोबार भी उसके इसी नजरिए का द्योतक है। सीधा सवाल है कि

समकालीन विश्व में शांति का दुश्मन कौन है? तो सीधा जवाब होगा कि ट्रंफ के नेतृत्व में अमेरिका भले ही 'चंद्रायण व्रत' करने का संकेत लगातार दे रहा है, लेकिन मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के लिए कहीं न कहीं उसकी नीतियां ही जिम्मेदार रही हैं। हालांकि, भारत से मित्रता के चलते अब उसका भी स्वभाव बदल रहा है।जबकि चीन ऐसा करने को राजी नहीं है।

जबकि चीन जो कुछ भी कर रहा है, वह उसकी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा है। यह भी अजीबोगरीब है कि दुनिया को आतंकवाद और आतंकवादियों का निर्यातक देश पाकिस्तान (अब बंगलादेश भी) अब अमेरिका की बजाय चीनी गोद में खेल रहा है। यदि आप अमेरिका, रूस, चीन की बात छोड़ दें तो जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ईरान, तुर्की जैसे दूसरी पंक्ति के बहुत सारे देश हैं, जो अपनी अपनी सुविधा के अनुसार नाटो या सीटो में शामिल होते रहे। लेकिन भारत हमेशा ही गुटनिरपेक्ष रहा और गुटनिरपेक्षता की नीति को बढ़ावा दिया। यह गुटनिरपेक्षता की नीति ही शांति की गारंटी है।

दुनिया प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के संतापों को झेल चुकी है। लेकिन तीसरा विश्वयुद्ध यदि दस्तक देते देते सहम जाता है तो उसके पीछे भारत के नेतृत्व में लामबंद तीसरी दुनिया के देश ही हैं, जो किसी की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा के समक्ष घुटने टेकने को तैयार नहीं हैं, बल्कि शांति का पैगाम देते आए हैं।

जी-7, जी-20 आदि में भारत की बढ़ती भूमिका इसी बात की परिचायक है। यदि भारत ने चीनी नेतृत्व वाले 'ब्रिक्स' की सदस्यता ली है तो उसके पीछे भी पुनीत भावना यही है। वहीं, अमेरिकी नेतृत्व वाले 'क्वाड' में भारत की मौजूदगी दुनियावी शांति से ही अभिप्रेरित है।

इसलिए दुनिया के युद्धोन्मत देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय जरूरतों वश भारत उनका मित्र देश भले ही है, लेकिन उनके यौद्धिक मिजाजों का सम्बर्द्धक बनने में उसकी कोई भी दिलचस्पी नहीं है। चाहे अमेरिका हो या रूस, दोनों देशों पर यह बात लागू होती है। भारत हिंसा की दृष्टि से अभिशप्त दुनिया को 'बुद्धम शरणम गच्छामि', वसुधैव कुटुंबकम एवं सत्य-अहिंसा का संदेश देना चाहता है और इसी दिशा में मजबूती पूर्वक वह अग्रसर है।

स्पीड न्यूज

### पुंदौल में महाशिवरात्रि पर्व के आयोजन की तैयारी, कमेटी का गठन



बड़कागांव। चंदौल पंचायत के ग्राम पुंदौल स्थित शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर्व मनाने की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता असेश्वर राम ने की, जिसमें महाशिवरात्रि पर्व के सफल आयोजन हेतु कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से असेश्वर राम को अध्यक्ष, रंजन पांडे को उपाध्यक्ष, महेंद्र यादव को सचिव, राहुल पासवान को उप सचिव, अवधेश सिंह को कोषाध्यक्ष और विकास पांडेय को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों की भी सूची तैयार की गई। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तजनों के लिए प्रसाद की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यकारिणी में मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, पंसस प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, ओमप्रकाश नारायण सिंह, आशीष यादव, अजय रजवार, रघुनाथ यादव, कृष्णा यादव, यमुना ठाकुर, गणपति ठाकुर, विक्की सिंह, पंचेश्वर साव, सुनील कुमार साव, कन्हैया प्रजापति, कौशल सिंह और गणेश कुमार यादव को शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने महाशिवरात्रि पर्व को सफल और भव्य बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### सालगावां में तीन दिवसीय शिव महायज्ञ का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



कटकमदाग। प्रखंड के सालगावां गांव में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री 108 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस महायज्ञ का आयोजन सालगावां के बड़े शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के उद्देश्य से किया जा रहा है। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। 12 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर गोंदा डैम पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर कलश में जल भरा और वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती और कथा प्रवचन का आयोजन हुआ। यज्ञ के दूसरे दिन, 19 फरवरी को वेदी पूजन, स्तंभ पूजा, मंडप पूजन और अग्नि स्थापना की जाएगी। वहीं, 20 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, हवन, कन्या पूजन, कन्या भोजन और ब्राह्मण भोजन के साथ भंडारे का आयोजन होगा। इस महायज्ञ से सालगावां और आसपास के गांवों का माहौल भक्तिमय हो गया है। आयोजन में डॉ. गंगाधर मिश्रा और उनके परिवार का विशेष योगदान है। कलश यात्रा में इंद्रजीत मिश्रा, इंद्र नारायण कुशवाहा, महेश प्रसाद, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि महेश प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि गंगा साव, लखन कुशवाहा, नरेश प्रसाद, मनोहर शर्मा और कौलेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

### शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर चितरपुर बीपीओ हुए सम्मानित



रजरप्पा। झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2024-25 (टाउन हॉल रामगढ़ में) आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर चितरपुर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. इशाअल्लाह को रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी एवं डीडीसी रोबिन टोप्पो ने प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर उपायुक्त चंदन कुमार मौजूद रहे। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, डीएसओ संजीत कुमार, जिप सदस्य प्रीति दीवान, सरस्वती देवी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए दोतल्ला पंचायत की मुखिया को डीडीसी ने किया सम्मानित



फोटो नं 04- मुखिया सत्यवती देवी को सम्मानित करती डीडीसी रोबिन टोप्पो।

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में अपने ग्राम पंचायत में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देकर उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने हेतु ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला की मुखिया सत्यवती देवी को मंगलवार को सम्मानित किया गया। इस दौरान रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो ने मुखिया सत्यवती देवी को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुखिया के सम्मानित होने पर पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शिक्षिका अनीता तिवारी, सीमा देवी, अनुपमा कश्यप, रीता कुमारी, रेखा देवी, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, प्रेमी सलोनी तिर्की, वार्ड सदस्य शकुंतला देवी, रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, दयामुनि मुर्मू, बीना देवी, शहजाद हुसैन, शिक्षाविद विनोद कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### जीनियस पब्लिक स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कार्यशाला आयोजित

भुरकुंडा (रामगढ़)। अग्रगति संस्था के तत्वावधान में जीनियस पब्लिक स्कूल पाली में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कहा गया कि कार्यशाला का उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर देते हुए बच्चियों को सशक्त बनाने, शिक्षा परिस्थितियों तंत्र को मजबूत करने, बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी की निगरानी और रोकथाम, कमजोर और सुरक्षा न जाने वाले बच्चों को कौशल विकास के अवसरों से जोड़ने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाना है। इस अवसर पर अग्रगति संस्था द्वारा किए जा रहे बाल संरक्षण मुद्दों पर तथा नीति आयोग के सभी संकेतकों के बारे में जानकारी दी गई।

## जिला खेल पदाधिकारी ने किया 'सोहराई और कोहबर कला प्रशिक्षण कार्यशाला' के पोस्टर का विमोचन, कहा

# सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय

- 25 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक होगा 'दस दिवसीय निःशुल्क सोहराई और कोहबर कला प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के स्थानीय संस्था तरंग ग्रुप द्वारा आयोजित 'दस दिवसीय निःशुल्क सोहराई और कोहबर कला प्रशिक्षण कार्यशाला सह सोहराय उत्सव 2025' का आधिकारिक पोस्टर का विमोचन आज, 18 फरवरी 2025 को जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम के कर-कमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर, विशेषकर सोहराई और कोहबर कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को निखारने और मंच प्रदान करने के लिए बहुत जरूरी हैं।

तरंग ग्रुप के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि इस निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन 25 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक हजारीबाग के इंद्रपुरी चौक स्थित साईं बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन 25 फरवरी को दोपहर 3 बजे होगा। यह कार्यशाला 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लड़के-लड़कियों के लिए आयोजित की जा रही है। कुल 60 सीटों पर पंजीकरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। मौके पर तरंग ग्रुप के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, अपराजिता तिवारी, शशिकांत, इंद्रजीत भारती, अगस्त्या और कृष्णा दांगी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण और प्रदर्शनी**

झारखंड के ख्यातिप्राप्त कला प्रशिक्षक इस कार्यशाला में सोहराई और कोहबर पेंटिंग का प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला की समाप्ति के बाद प्रशिक्षुओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को 9 मार्च को नगर भवन, हजारीबाग में आयोजित सोहराय उत्सव के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यशाला में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी 24 फरवरी तक फोन या व्हाट्सएप नंबर 7992361860 पर संपर्क करके अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# चरही घाटी: हादसों की घाटी, हर मोड़ पर मौत का खतरा



कामाख्या नारायण सिंह

चरही। चरही थाना क्षेत्र का यूपी मोड़ अब 'एक्सीडेंटल जोन' बन चुका है। इस खूनी घाटी की खतरनाक ढलान और तीव्र घुमावदार मोड़ हर दिन नई दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे हैं। सैकड़ों गाड़ियां इस घाटी में पलट चुकी हैं, और कई निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। इन हादसों की वजह से यह घाटी अब 'मौत की घाटी' के नाम से बदनाम हो गई है। घाटी की सड़कों पर तीव्र घुमाव होने के साथ-साथ ढलान इतनी खतरनाक है कि तेज रफ्तार में वाहन चालक को मोड़ का अंदाजा नहीं लग पाता। अक्सर बाहरी राज्यों से झारखंड आने वाले वाहन इस सड़क के खतरे से अनजान रहते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

**एनएच विभाग की लापरवाही :** दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अब तक एनएच 33 के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर घुमावदार सड़क को सीधा किया जाए, तो हादसों में कमी आ सकती है। इसके अलावा, ब्रेकर लगाकर तेज रफ्तार वाहनों को नियंत्रित करना भी बेहद जरूरी है। चरही-घाटो मोड़ की स्थिति भी बेहद खतरनाक है। तीन दिशाओं से आने वाली सड़कों पर हर दिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिससे यह क्षेत्र अत्यधिक भीड़भाड़ वाला बन गया है। इस मोड़ पर भी एनएच विभाग को त्वरित कार्रवाई कर उचित समाधान निकालने की जरूरत है।

**हाइवा वाहनों की रफ्तार पर लगाम जरूरी**

कोलियरी क्षेत्र से कोयला लादकर निकलने वाले भारी हाइवा वाहनों की तेज रफ्तार ने स्थिति और भी भयावह बना दी है। इन वाहनों की चपेट में आकर अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। इन वाहनों की गति पर तत्काल अंकुश लगाने की आवश्यकता है। यूपी मोड़ पर एनएचएआई द्वारा सड़क दुरुस्त करने का काम चल रहा है, लेकिन सड़क को सीधा करने में वन विभाग से अतिरिक्त जमीन की जरूरत बताई जा रही है। अगर वन विभाग की जमीन का अधिग्रहण कर सड़क को सीधा किया जाए, तो दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकती है। चरही घाटी और यूपी मोड़ के बढ़ते हादसे अब जनजीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। एनएच विभाग और प्रशासन को जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि इस घाटी को मौत के जाल से बचाया जा सके।

### अझाकोश्रसं के महासचिव सतीश सिन्हा ने रोड सेल चालू कराने की मांग को ले सयाल डी पीओ को लिखा पत्र



- कहा- मांगों पर पहल नहीं हुई तो अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ करेगा क्रमवार आंदोलन

भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने लोकल सेल चालू करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को सयाल डी परियोजना पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में सतीश सिन्हा ने कहा है कि पिछले वर्ष रोड सेल चालू किया गया था, लेकिन कुछ कारणो से रोड सेल को बंद कर दिया गया है। रोड सेल बंद रहने के कारण बेरोजगारों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही कंपनी को भी काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि रोड सेल सयाल परियोजना के नाम से जाना जाता है, लेकिन सयाल उत्तरी और सयाल दक्षिणी पंचायत के किसी भी बेरोजगारों को सेल में भागीदारी नहीं दिया गया है जो चिंताजनक है। पत्र के माध्यम से श्री सिन्हा ने मांगी की है कि सयाल डी परियोजना में लोकल सेल जल्द से जल्द कराया जाये। अन्यथा हमारी यूनियन क्रमवार आंदोलन करेगी जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।

# तापीन नॉर्थ परियोजना में डीजल चोरी का भंडाफोड़, 500 लीटर डीजल जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

चरही। सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र की तापीन नॉर्थ परियोजना में डीजल चोरी करने वाले गिरोह का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। परियोजना के अंदर चलने वाले वाहनों और मशीनों से डीजल निकालने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। बीती रात सुरक्षा कर्मियों ने ऐसे ही एक चोरी की घटना के दौरान चोरों को खदेड़ने का प्रयास किया। हालांकि, चोर मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की।

**शाहिद अंसारी के घर से 500 लीटर डीजल बरामद :** चरही पुलिस ने खोजबीन के दौरान तापीन के पारटांड़ निवासी शाहिद अंसारी (पिता रकीब अंसारी) के घर पर छापा मारा, जहां से 500 लीटर डीजल दो ड्रमों में भरकर रखा गया था। पुलिस ने डीजल को जब्त कर लिया और इस मामले में चरही थाना कांड संख्या 18/25 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

**गिरोह के कई सदस्य चिन्हित :** सूत्रों के अनुसार, इस गिरोह के सदस्य आसपास के पारटांड़ इलाके के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने कई संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी धरपकड़ के लिए जाल बिछाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजना क्षेत्र में वाहनों से आए दिन बैटरी, तेल और टायर चोरी होने की घटनाएं हो रही हैं। इन घटनाओं से वाहन मालिकों और परियोजना प्रबंधन को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। डीजल चोरी की इस बड़ी घटना के बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने चोरी रोकने के लिए कठोर कदम उठाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे गिरोह को पकड़कर इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि : रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र स्थित आकर्षण का केंद्र है 20 फीट का शिवलिंग

- 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा

खबर मन्त्र संवाददाता

रजरप्पा। सनातन धर्म में महाशिवरात्रि सबसे खास पर्व में से एक माना जाता है. इस बार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 27 फरवरी 2025 को सुबह 08 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। रजरप्पा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में महाशिवरात्रि की तैयारी में लोग जुटे है।

रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित शिवालय मन्दिर, सोढ, चितरपुर, बड़कीपोना, छोटकीपोना, कुंदरूकलां गांवों के





शिव मंदिरों का रंग रोगन व सजाने-संवारने का कार्य जोरों पर है.

दूसरी ओर झांकी तथा शिव बारात की तैयारी किया जा रहा है. वही रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में 20 फीट का शिवलिंग अपने आप में अद्भुत है। स्थानीय पुजारी छोटू पंडा के अनुसार, इतना बड़ा शिवलिंग पूरे देश में नहीं है।

बगोदर के हरिहर धाम में शिवलिंग के आकार का मंदिर बना हुआ है। परंतु सबसे बढ़ा शिवलिंग रजरप्पा में है। शिवलिंग का पंचोपचार पूजन और रात्रि जागरण विशेष फलदायी होता है। इस दिन भगवान शिव की आराधना कई गुना अधिक फल देती है।

महाशिवरात्रि का महत्वः मान्यता है मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी और महाशिवरात्रि के दिन मां पार्वती की तपस्या सफल हुई थी और उनका विवाह भगवान शिव के साथ संपन्न हुआ था। इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महाशिवरात्रि का व्रत रखती है।

### कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी को डीसी ने किया सम्मानित

कुजू। झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ द्वारा टाउन हॉल में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2024-25 में पंचायत में बेहतर कार्य के लिए कुजू पूर्वी पंचायत की मुखिया ललिता देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने मुखिया ललिता देवी को पंचायत में बेहतर सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुखिया को रामगढ़ उपायुक्त द्वारा उत्कृष्ट सेवा लिए सम्मानित किया जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस कामयाबी पर पंचायत के ग्रामीण जनता व प्रबुद्ध नागरिकों ने बधाई दिया।



# एकजुट रहेंगे तो हर समस्या का समाधान आसानी से होगा : उदयशंकर भट्टाचार्य

- धूमधाम से मनी वरिष्ठ नागरिक मंच की प्रथम वर्षगांठ
- बीपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाली छात्रा व वरिष्ठ नागरिक को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में मंगलवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में मंच की पहली वर्षगांठ धूमधाम से समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अशोक चौहान और संचालन प्रवीर चटर्जी ने किया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य उदयशंकर भट्टाचार्य, विशिष्ट अतिथि केडी सिंह, झरी मिस्त्री, सीताराम प्रसाद, राजपाल शर्मा, इंद्रजीत सिंह कालरा, राजेंद्र प्रसाद राणा, राजाराम यादव, ब्रजकिशोर पासवान, आरपी सिंह चंदेल ने आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद देश के वीर शहीदों और कुंभ यात्रा के दौरान विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत्य हुए लोगों के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके पूर्व मंच द्वारा अतिथियों और मंच के वरिष्ठ नागरिकों को फूल माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया गया। समारोह में दिवंगत वयोवृद्ध पत्रकार और मंच के अति विशिष्ठ नागरिक स्व. नाना तिवारी को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर परमजीत सिंह धामी और उनकी पत्नी नरेंद्र सिंह धामी को शादी की 50वीं सालगिरह पर बुके देकर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही प्रवीर चटर्जी को सम्मानित करते हुए उनकी शादी की 34वीं सालगिरह पर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही बीपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सुबोध सिन्हा और उषा सिन्हा की पुत्री अंजली सिन्हा को उपहार देकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण देते हुए अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम सबों में नये उर्जा का संचार भरेगी। इस दौरान झरी मिस्त्री ने स्वरचित कविता ह्यमैं 90 वर्ष का युवा हूह्न की प्रस्तुति से सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। समारोह में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षिका और छह छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि उदयशंकर भट्टाचार्य ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक मंच में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम हो जिसमें वरीय महिलाओं को मंच से जोड़ा जाए। उन्होंने एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि एकजुटता के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। साथ रहेंगे तो हर समस्या का आसानी से समाधान किया जा सकता है। समारोह के दौरान लक्की कूपन का ड्रा कराया गया। जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंच के अध्यक्ष अशोक कुमार चौहान ने भुरकुंडा कोयलांचल के वरिष्ठ नागरिकों से कहा कि आदमी कभी मन से बूढ़ा नहीं होता, हमेशा शरीर से बूढ़ा होता है। मंच का उद्देश्य है कि हमसभी वरिष्ठ नागरिक एक साथ मिलकर रहें। साथ ही एक-दूसरे के सुख-दुख का साथी बनें। समारोह में उमा शंकर कुशवाहा, एके सिंह, जीतन यादव, रविन्द्र चौधरी, सुरेश कुमार महतो, वंशीधर प्रसाद, नित्यानंद पाठक, सुरजपत, रामजी प्रसाद, डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, शशिकांत प्रसाद, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, चमन लाल, बुजकिशोर पासवान, आरपी सिंह चंदेल, कुलानंद पांडय, राजेंद्र पांडेय, रघुनाथ, गौतम मुखर्जी, दशरथ कुर्मी, जैनुल हक, एसपी पाठक, देबू चटर्जी, बृजलाल सिन्हा, बाबूलाल राम, संजय कुमार भारती, बालकिशुन राम, केके सिंह, अनुप कुमार, एनके राय, आरएन ओझा, नरेश त्रेहण, बृजलाल सिन्हा, अमन चौहान, सुनील कुमार, गौरव श्रीवास्तव, परशुराम सिंह, डॉ. एनके सिंह, अशोक दुबे, केपी मुखर्जी, देवदास चटर्जी, आरपी राणा, रामकिशोर प्रसाद, रामानुज सिंह, अशोक लाल सहित अन्य मौजूद थे।

# रामगढ़ में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन आयोजित

- विद्यालयों एवं बच्चों के विकास में मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण : उपायुक्त





खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ द्वारा मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, नजारत उप समाहर्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा सहित अन्य का सम्मेलन में पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से सम्मेलन का शुभारंभ किया।

उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं उन विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के विकास में मुखियाओं सहित सभी जनप्रतिनिधियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। मौके पर उपायुक्त ने सभी मुखियाओं एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से उनके क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का निरीक्षण करने, विद्यालयों में चल रहे पठन पाठन कार्यों का जायजा लेने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने सभी को हाल ही में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा बच्चों को 24.7 शिक्षा संबंधित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर शुरू की गई योजना की विस्तृत जानकारी दी वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बच्चियों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष गर्मी के दौरान ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य किया जा रहा है जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन वैसी जलापूर्ति योजनाएं जो कि वर्तमान में किसी कारणवश खराब है उन्हें चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जाएगी मौके पर उपायुक्त में सभी जनप्रतिनिधियों से इस पर विशेष ध्यान देने एवं अपने-अपने क्षेत्र में कार्यों का अनुश्रवण करने की अपील की। उपायुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा मरम्मत्ती कराए जाने के उपरांत जलापूर्ति योजना के रखरखाव एवं नियमित रूप से जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करने को लेकर भी सभी को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा भी उपस्थित मुखियाओं एवं जनप्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं उनमे पढ़ रहे बच्चों के विकास की दिशा में कार्य करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार द्वारा दिया गया। वहीं, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के उद्देश्यों, जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय एवं बच्चों के विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यों आदि को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिक्षक संजय राय द्वारा किया गया वहीं स्वागत गीत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामगढ़ के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# ग्लास फैक्ट्री के कर्मियों को पीएफ एवं पेंशन का जल्द होगा भुगतान : अंबा प्रसाद

- ग्लास फैक्ट्री भुरकुंडा के वर्कर्स को पीएफ एवं पेंशन सुनिश्चित कराने हेतु अंबा प्रसाद ने भविष्य निधि आयुक्त से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ग्लास फैक्ट्री में कार्य करने वाले वर्कर्स के लिए राहत की खबर है। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर रांची स्थित भविष्य निधि कार्यालय में सोमवार को भुरकुंडा ग्लास फैक्ट्री में कार्य करने वाले वर्कर्स के लिए पीएफ एवं पेंशन सुनिश्चित करने हेतु कार्य किया गया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कई महीने पहले क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजितेश कुमार से मुलाकात करके वर्कर्स की समस्याओं से अवगत कराया था जिसके बाद कुछ वर्कर्स को उनका पीएफ का लाभ मिला और कुछ वर्कर्स को नहीं मिल पाया। इसलिए पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सभी वर्कर्स से अपील किया कि ससमय पीएफ एवं पेंशन से संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण कर ले।

वार्ता के पश्चात वर्करों ने अम्बा प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामशरण गिरी, ब्रजमोहन गिरी, शिवकुमार शर्मा, अशोक प्रसाद, मोहम्मद शहाबुद्दीन, संतोष ओझा, लालबाबू चौबे, मो काजिन, दिनेश सिंह, निलेश सिंह, मिथिलेश दांगी, बसंत लाल, संजय लाल, अशोक पाठक आदि वर्कर मौजूद थे।

खबर का असर : उपायुक्त ने एसडीओ को फ्लाई ऐश से संबंधित मामले की जांच का दिया निर्देश

# फ्लाई ऐश से लदे वाहनों को पूरी तरह से ढक कर परिवहन करें : रिया सिंह




खबर मन्त्र संवाददाता


फ्लाई ऐश बना कोडरमा की जनता के लिए अभिशाप

कोडरमा। खबर मन्त्र में सोमवार (17 फरवरी) को छपी खबर को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने संज्ञान में लेते हुए एसडीओ रिया सिंह को मामले की जाँच का निदेश दिया। वहीं उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ रिया सिंह के द्वारा बागीटांड़ समेत अन्य स्थानों का भ्रमण कर फ्लाई ऐश से संबंधित मामले का जांच किया गया। इसके साथ ही एसडीओ ने केटीपीएस के सीजीएम व अन्य प्रतिनिधि, डीटीओ, ट्रांसपोर्टर के साथ बैठक किया। वहीं एसडीओ ने ट्रांसपोर्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि बांझेडीह थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश का परिवहन करने वाले वाहन पूरी तरह से ढक कर परिवहन करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके लिए डीटीओ को वाहनों की जांच करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि वाहन तेज गति से नहीं चलायेंगे, वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न को हटायें। उन्होंने केटीपीएस के प्रतिनिधि एवं ट्रांसपोर्टर को जगह जगह पर गिरे फ्लाई ऐश को अगले दो दिनों के अंदर हटाने का निर्देश दिया। मौके पर डीटीओ विजय कुमार सोनी, केटीपीएस के सीजीएम व अन्य प्रतिनिधि, नगर प्रशासक झुमरी तिलैया अंकित, नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शंभु कुशवाहा, सीओ कोडरमा, चंदवारा, ट्रांसपोर्टर समेत अन्य मौजूद थे।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव आज से, तैयारियां पूरी

- पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे तीन दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी (चतरा)। हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म के श्रद्धालुओं के लिए पवित्र स्थल इटखोरी में आज से सुरों और ताल का संगम होगा। यहां आयोजित होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव का भव्य उद्घाटन 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथियों के साथ डॉ. विपिन मिश्रा के स्त्रोत गायन और शंख ध्वनि के बीच महोत्सव की शुरुआत होगी। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, महाबोधि मंदिर कमेटी के सचिव एन दोरजे, जैन धर्म गुरु रविन्द्र कीर्ति स्वामी और दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन उपस्थित रहेंगे। महोत्सव के आयोजन स्थल मां भद्रकाली मंदिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है, जहां एक भव्य मंच भी तैयार किया गया है। इस बार महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। पुलिस बल और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू महोत्सव के उद्घाटन से पहले मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और फिर महोत्सव की विधिवत शुरुआत होगी। उद्घाटन के बाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम 5:00 बजे से शुरू होंगे, जो 21 फरवरी की रात 10 बजे तक जारी रहेंगे। 20 फरवरी को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में इटखोरी का पुरातात्विक महत्व पर एक सेमिनार आयोजित होगा, जिसमें झारखंड, बिहार और दिल्ली के प्रमुख पुरातत्वविद और इतिहासकार अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

महोत्सव को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने सुरक्षा की सख्त व्यवस्था का भरोसा दिलाया है। जिले में महोत्सव को लेकर खासा उत्साह है।

### पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर होगा आयोजन

महोत्सव के पहले दिन कई प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र की टीम नागपुरी नृत्य, नटराज कला केंद्र, चोगा, ईचागढ़ द्वारा छऊ नृत्य और नीरज डांस एकेडमी, चतरा अपनी विशेष प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी। इसके अलावा, प्रसिद्ध कॉमेडियन राजीव निगम अपनी हास्य कला से दर्शकों को हंसी से लोटपोट करेंगे। भोजपुरी लोक गायिका चंदन तिवारी अपनी मधुर आवाज में लोक गीतों से समां बांधेंगी। बॉलीवुड सिंगर सलमान अली अपनी शानदार गायकी से संगीतमय शाम का आनंद प्रदान करेंगे। महोत्सव का पहला दिन संगीत, नृत्य और मनोरंजन से भरपूर रहेगा।

## विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा आयोजित, उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



कोडरमा। जिला स्वास्थ्य समिति के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा जेजे. कॉलेज झुमरीतिलैया परीक्षा केन्द्र में आयोजित किया गया। परीक्षा प्रथम पाली में अपराह्न 12 बजे से अपराह्न 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से अपराह्न 4 बजे तक किया गया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा परीक्षा केंद्र पहुंच कर आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कमरों में घूम घूमकर परीक्षा के स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने वीक्षक को परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर डीडीसी ऋतुराज व समेत अन्य मौजूद थे।

## भाकपा माले कटिया ब्रांच कमेटी की बैठक संपन्न

जयनगर (कोडरमा)। माले कटिया ब्रांच कमेटी की बैठक कटिया गांव में जिला कमिटी सदस्य शंभू नाथ वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। वहीं पार्टी सदस्यों का नवीनीकरण सदस्यता अभियान चलने पर जोर दिया गया। बैठक में समस्याओं को लेकर भी चर्चा किया गया। वहीं मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाओं का नाम अभिलंब जोड़ा जाए, वृद्धा पेंशन योजना से वंचित लोगों का नाम जोड़ा जाए, आवास योजना में लाभुकों के द्वारा काम करने के बाद भी पैसा का भुगतान नहीं हो रहा है अभिलंब भुगतान किया जाए, नहीं तो एक सप्ताह के बाद जोरदार तरीके से आंदोलन किया जाएगा। बैठक में छोटू भुईयां, शारदा देवी, फुलवा देवी, तमन्ना खातून, अलाउद्दीन अंसारी, नासिर उद्दीन, सबजन खातून, रूनवा देवी, गजरी देवी, रामदासिया देवी, शिव शंकर दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के दो छात्रों को मिला गोल्ड मेडल



कोडरमा। एसओएफ द्वारा आयोजित इंग्लिश ओलंपियाड की परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल की दो छात्राओं को गोल्ड मेडल मिला, जबकि 18 बच्चों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया है। इस प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल से 20 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं में वर्ग 2 की छात्रा नव्या श्री और वर्ग 7 के छात्र संध्या कुमारी के नाम शामिल हैं। इसके अलावा एसओएफ की ओर से अरीब अहमद फारूकी, मो अलमास अंसारी, अदीब अहमद, एंजेल अनुषा, अंबिका, जारा अरमान, नंदनी कुमारी, हर्षिका सोनी, साक्षी बरहपुरिया, अनन्या कुमारी, बासु गौतम, सौम्या कुमारी, कौशतुभी काव्या, इलमा परवेज, आरोही सोनकर, शिवम यादव, एमडी फरहान और समर गौतम को सर्टिफिकेट दिया गया है। बच्चों की इस सफलता पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ग्रिजली कॉलेज में नामांकन सेल की बैठक संपन्न




कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वाशन प्रकोष्ठ के अंतर्गत नामांकन सेल की बैठक महाविद्यालय प्राचार्या डॉ मृदुला भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक में नामांकन प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि आवेदक झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् के अधिकृत वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए, निर्देशों का पालन करते हुए राज्य के 136 बीएड. कॉलेजों में सत्र 2025-2027 में नामांकन के लिए 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। जिसकी प्रवेश परीक्षा ओएमआर बेस्ड ऑफलाइन मोड में आगामी 20 अप्रैल को रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका, पलामू एवं हजारीबाग जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित होगी। इस प्रवेश परीक्षा में सामान्य वर्ग न्यूनतम 55 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग को 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगें। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग को 1000, पिछड़ा वर्ग को 750 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को मात्र 500 ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना है। बैठक में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिन्हा, दीपक पांडे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के दो आरोपियों को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने पति एवं ससुर को दोषी पाते हुए सजा सुनाई



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। तिलैया थाना कांड संख्या 182/2023 एसटी 21/2024 दहेज के लिए एक नवविवाहिता की हत्या किए जाने के एक मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने दो आरोपियों पति अनू कुमार उर्फ सुमन कुमार पिता सुरेश यादव 26 वर्ष एवं ससुर सुरेश यादव पिता स्वर्गीय शुकर यादव 55 वर्ष तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरी करमा निवासी को आईपीसी की धारा 304(बी) के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

**क्या है मामला :** मृतका के पिता विनोद यादव ने तिलैया थाना को दिए आवेदन में कहा था कि मेरी पुत्री 18 वर्षीय अंजली कुमारी की शादी हिंदू रीति रिवाज से चार वर्ष पूर्व सुमन कुमार पिता सुरेश यादव झुमरी करमा निवासी के साथ हुआ था। शादी के तुरंत बाद मेरी पुत्री को तीन लाख रूपये के लिए सुमन कुमार एवं उसके पिता सुरेश यादव द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा, साथ ही यह भी पता चला कि सुमन कुमार का किसी अन्य लड़की के साथ अवैध संबंध है। जिसे लेकर कई बार पंचायत भी हुईध, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 27 जुलाई 2023 को सुबह करीब 8 बजे सुमन कुमार एवं समधी सुरेश यादव के द्वारा मेरी पुत्री की दहेज की खातिर गला दबाकर हत्या कर दी गई है। उनके द्वारा आरोपियों पर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रकाश राम ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

# जीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया पौधरोपण

- वृक्ष, पौधा लगाने वाले न केवल वर्तमान को दिशा देते हैं, बल्कि भविष्य को संवारने का कार्य भी करते हैं : निदेशक




खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। जीएस पब्लिक स्कूल परिसर में बच्चों के द्वारा बहुत सारे पेड़ पौधे लगाए गए। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों को कहा कि आजकल लोग अपने स्वार्थ और लालच के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर, पर्यावरण के साथ जमकर खिलवाड़ कर रहे हैं। पेड़ काटने की वजह से न सिर्फ ग्लोबल वार्मिंग की समस्या अब विकराल रुप धारण करती जा रही है। अगर पेड़ों को नहीं बचाया गया तो हर तरफ हाहाकार मच जाएगा और मनुष्य और जीव-जंतु सभी का आस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। अपने पर्यावरण की स्वच्छता रखने के लिए हमें हमेशा पेड़ पौधे लगाना चाहिए। जिससे हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा और हम शुद्ध वातावरण में रह सकेंगे। उन्होंने बच्चों को कहा कि आप अपने घर के बाहर जहां आप की जमीन खाली हो, वहां पेड़ पौधे जरूर लगाएं।

वहीं उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, सोनी चंदन, गुलाबचंद शाह के साथ सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद हुए।

वहीं उपनिदेशक नीरज कुमार ने यह कहा कि हमें जंगलों की कटाई निश्चित रूप से रोकनी चाहिए। यदि हम इस पर ध्यान नहीं देंगे तो आगे आने वाली पीढ़ी पर उसका बुरा प्रभाव पड़ेगा और भविष्य में हमें स्वच्छ हवा नहीं प्राप्त हो पाएगी और वातावरण दूषित हो जाएगा।

## श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की तैयारी जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत हिरोडीह पंचायत के कोसमाडीह में चार मार्च से होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की तैयारी जोरों पर है। वहीं तैयारी की देखरेख पारा शिक्षक जितेंद्र यादव, महावीर मोदी, सुभाष यादव व विनोद यादव द्वारा की जा रही है। यज्ञशाला व पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं मंदिर का निर्माण भी अंतिम चरण में है। यज्ञ के आगामी कार्यक्रम चार मार्च को कलशयात्रा, पांच को पंचांग पूजन, वेदी पूजन, हवन प्रारंभ, रात्रि प्रवचन, छह को वेदी पूजन, चंडी हवन, अन्नाधिवास, रात्रि प्रवचन, सात को पुष्पाधिवास व रात्रि प्रवचन, आठ को वस्त्राधिवास, फलाधिवास, ध्वजाधिवास, रात्रि प्रवचन, नौ को नगर भ्रमण व रात्रि प्रवचन, 10 को अचल प्रतिष्ठा व रात्रि प्रवचन, 11 को अखंड हरिकीर्तन व रात्रि प्रवचन तथा 12 को यज्ञ पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोजन व महाभंडारा होगा। पांच मार्च से 11 मार्च तक प्रतिदिन रामलीलाल का भी आयोजन किया जायेगा। यज्ञ के आचार्य पंडित परमानंद आचार्य काशी, प्रवचनकर्ता किरण शास्त्री वृंदावन धाम, मानस प्रवक्ता विनित कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम हैं। 12 मार्च की रात प्रभुनाथ तिवारी व रंजन यादव के बीच दुगोला कार्यक्रम होगा। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष रामचंद्र दास, सचिव मुकेश यादव, उप सचिव अर्जुन यादव, कोषाध्यक्ष बहादुर यादव, उप कोषाध्यक्ष विकास कुमार शर्मा, संरक्षक रामदेव यादव, रामदेव मोदी, मीडिया प्रभारी मंटू यादव, सकलदेव यादव, जल मंत्री राजू दास, राजू यादव, मेला मंत्री पंकज यादव, संतोष यादव, निर्मला यादव, अजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, अनूप दास आदि लगे हुए हैं।

## एक नजर में

### प्रमुख ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी



इटखोरी (चतरा)। इटखोरी प्रखंड प्रमुख प्रिया देवी ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के कुर्जुन और सिरमतपुर आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों में गंभीर लापरवाही और अनियमितताएं पाई। कुर्जुन आंगनबाड़ी केंद्र में समय 12:50 बजे कोई बच्चा नहीं पाया गया, जबकि 30 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई थी। इसके अलावा, पोषाहार पैकेट की संख्या में भी गड़बड़ी देखने को मिली। इसी तरह, सिरमतपुर आंगनबाड़ी केंद्र में भी समय 12 बजे कोई बच्चा नहीं पाया गया और सेविका बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गई। केंद्र के भंडार कक्ष में 15 किलो चावल के अलावा कोई अन्य सामग्री नहीं थी, जबकि पंजी में 126.615 किलो चावल और अन्य सामग्री दर्ज की गई थी। प्रखंड प्रमुख प्रिया देवी ने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और बाल विकास पदाधिकारी इटखोरी को औपचारिक आवेदन दिया। उन्होंने महिला पर्यवेक्षिका और आंगनबाड़ी केंद्रों में भ्रष्टाचार की संभावना पर गंभीर जांच की मांग की। साथ ही, उन्होंने मामले में एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई का रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### बीडीओ ने लाभुकों के बीच किया स्टिचिंग मशीन का वितरण



सिमरिया। प्रखंड के तीन चयनित गांव जरही, नवादा और हुरनाली के लाभुकों के बीच स्टिचिंग मशीन का वितरण किया गया। यह वितरण बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने जांगी पंचायत की मुखिया बीणा देवी, जबड़ा मुखिया बीणा देवी और हुरनाली मुखिया पूरन राम की उपस्थिति में किया। बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सीजीएफ के तहत स्टिचिंग मशीन का वितरण किया गया। जिसमें हूरनाली गांव के 16 चयनित लाभुक, जरही से 20 और नवादा गांव से 15 लाभुकों के बीच मशीन का वितरण किया गया है। मौके पर श्रम अधीक्षक कार्यालय से आए कर्मी, मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### कदाचार मुक्त हुई मैट्रिक व इंटर की परीक्षा



गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय के दो परीक्षा केंद्र में मंगलवार को शांति पूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा हुई। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में एवं इंटर की परीक्षा दूसरी पाली में संपन्न हुई। प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में मैट्रिक के 520 बच्चों में 518 बच्चे उपस्थित थे तथा पीएम श्री मध्य विद्यालय में 380 में 378 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जबकि पीएम श्री विद्यालय में इंटर के आठ परीक्षार्थी शामिल हुए। मजिस्ट्रेट रामकुमार सिंह, सचिन दत शर्मा की उपस्थिति में प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह तथा पीएम श्री मध्य विद्यालय के केंद्राधीक्षक रामकुमार यादव के साथ-साथ अन्य शिक्षक परीक्षा ड्यूटी में शामिल थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने कमेटी का किया पुनर्गठन



गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत द्वारी पंचायत में मंगलवार को झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा व संचालन यदुनंदन पांडेय ने किया। बैठक में जेएमएम नेता बहादुर दांगी, कामदेव दांगी, देवदीप पासवान, बिनोद ठाकुर, शंभू राणा उपस्थित थे। बैठक में मेंबर समिति से अजय कुमार दास को द्वारि पंचायत अध्यक्ष, ईश्वर यादव उपाध्यक्ष, आसिन अंसारी सचिव, खेमलाल सिंह भोक्ता सहसचिव, प्रमोद यादव को कोषाध्यक्ष व संगठन सचिव ब्रजेश रजक को बनाया गया। बैठक में उपस्थित दीपक राणा, सीताराम प्रजापति, अशोक रविदास, मोहन रजक, असीम व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।


### खेलो इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट में बेटियां दिखायेंगी दम

चंदवारा (कोडरमा)। अस्मिता वीमेंस फुटबॉल एकेडमी धनबाद द्वारा 18 फरवरी से आहूत खेलो इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट में कोडरमा की सात बेटियां खेलेंगी। जिसमें लक्ष्मी कुमारी, सोनम कुमारी, किरण कुमारी, पिंकी कुमारी, अंशु कुमारी, शिवानी कुमारी व अंजली कुमारी के नाम शामिल है। मुख्य कोच श्रीकांत पांडेय ने बताया कि खेलो इंडिया एक बड़ा टूर्नामेंट है। इसमें झारखंड के टाटा स्टील फाउंडेशन, जिंदल सहित कुल छह टीमें भाग ले रही हैं। ज्ञात हो कि अनाहत फॉर चेंज फाउंडेशन फीफा गिड के माध्यम से चंदवारा प्रखंड के बेंदी में लड़कियों को निःशुल्क प्रशिक्षण मुहैया कराया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षक ने बताया कि खिलाड़ियों को जिला व राज्य स्तर पर पहचान दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रभाकर कुमार, राजेश सिंह, राजा आगेरी, शिवनंदन कुमार, बिक्कू कुमार, राहुल कुमार, रोहित कुमार, आबिद हुसैन व अन्य मौजूद थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा ने अनूठी मिशाल पेश की

## उत्तर प्रदेश की एक महिला को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर घर से बाहर निकालने के मामले में लिया संज्ञान


- पीड़ित महिला को कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराकर एवं उसे जिला प्रशासन के सहयोग से सखी वन स्टॉप सेंटर में आश्रय दिलाया



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी द्वारा ससुराल वालों द्वारा उत्तर प्रदेश की एक महिला को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर घर से निकाल बाहर कर देने की पीड़ित महिला को समुचित उपचार के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराकर एवं उसे जिला प्रशासन के सहयोग से सखी वन स्टॉप सेंटर में आश्रय दिलाकर मानवता की एक अनूठी मिशाल पेश की है। उल्लेखनीय है कि जिले के मरकच्चो थाना अंतर्गत बरियारडीह में रहने वाली उत्तर प्रदेश की एक महिला मीना देवी को उनके पति, सास, ननद, ननदोई सहित ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया गया एवं उस महिला को उसकी दो बेटियों सहित उसे घर से बाहर निकाल कर बेसहारा छोड़ दिया गया। महिला इस बात की शिकायत लेकर स्थानीय थाने में फरियाद लेकर पहुची, परन्तु किसी व्यक्ति ने इसकी सुध नहीं ली। इस घटना की सुचना पाकर स्थानीय समाजसेवी साकेत पाण्डेय एवं पप्पू कुमार राणा ने उक्त पीड़ित महिला की फरियाद कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के सामने रखा। इस घटना की सुचना मिलते ही प्रधान जिला जज काफी भावुक हो गए और अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार को उक्त पीड़ित महिला के हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित छान बीन कराने तथा पीड़ित महिला का बेहतर इलाज कराए जाने के निर्देश दिए। इस आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वयं पीड़ित महिला के पास पहुंच कर मामले की पूरी जानकारी ली तथा सखी वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत पीएलवी मोनिका कुमारी एवं कंचन कपूर को भेज कर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की मदद से सदर अस्पताल में उक्त महिला के बेहतर इलाज की समुचित व्यवस्था कराया। साथ ही कोडरमा महिला थाना के पदाधिकारी को तत्काल इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कोडरमा महिला थाना पुलिस ने इस निर्देश के आलोक में उक्त पीड़ित महिला के पति राजेन्द्र दास, ननद बसंती देवी, प्रीति, ननदोई सुखदेव दास उसकी पत्नी मंजू देवी सास चिंता देवी के खिलाफ महिला थाना कांड संख्या 4/25 अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए पीड़ित महिला के पति राजेंद्र दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त पीड़ित महिला को उनकी दो बेटियों के साथ सखी वन स्टॉप सेंटर की नोडल पदाधिकारी अर्चना ज्वाला की मदद से सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है तथा उक्त महिला की बेहतर इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंच कर पीड़ित महिला का हाल चाल लिया एवं उन्हें हर संभव सहायता दिलाये जाने का आश्वाशन दिया। उक्त महिला के बयान के आधार पर पीड़ित महिला मीना देवी ग्राम घाबराहारा, पोस्ट विशनपुरा, थाना पटेहरवा, जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। जिसकी शादी सहदेव दास से सात वर्ष पूर्व हुई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा द्वारा तुरंत सक्रिय होकर उक्त महिला की जान बचाकर मानवता की अनूठी मिशाल पेश की है, जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



शहर के भुइयांडीह गोलचक्कर पर भगवान बिरसा मुंडा की यह आदम कदम प्रतिमा शहरवासियों के लिए प्रेरणा दायी है। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। बिरसा मुंडा की पढाई और आंदोलन का क्षेत्र कोल्हान भी रहा है।

# छात्रों ने बताया सड़क सुरक्षा का महत्व, दिया यातायात नियमों के पालन का संदेश

**अर्का जैन यूनिवर्सिटी**

- यूनिवर्सिटी के एनसीसी व इंजीनियरिंग एंड आईटी विभाग के छात्रों ने किया बिष्टुपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यूनिवर्सिटी की एनसीसी विंग और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी तथा कंप्यूटर साइंस एंड आईटी विभाग द्वारा यह कार्यक्रम बिष्टुपुर थाना के निकट आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल यातायात नियमों के पालन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि सड़क सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान, यूनिवर्सिटी के छात्रों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित कई पोस्टर और बैनर तैयार किए। इन पोस्टरों और बैनरों में यातायात नियमों के पालन और जिम्मेदार नागरिकता को प्रदर्शित किया गया। छात्रों ने विभिन्न तरीकों से जागरूकता फैलाने के लिए प्रदर्शन किए, जिससे वहां उपस्थित लोग और राहगीर सकारात्मक रूप से प्रभावित हुए। उल्लेखनीय है कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि केवल यातायात नियमों का पालन करके हम अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक यह संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा सभी के लिए जरूरी है और हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

**बिष्टुपुर ट्रैफिक इंस्पेक्टर का सराहनीय सहयोग :** कार्यक्रम में बिष्टुपुर ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश कुमार का महत्वपूर्ण व सराहनीय सहयोग रहा। उन्होंने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, ₹सड़क सुरक्षा केवल एक सरकारी प्रयास नहीं है, बल्कि यह समाज के हर सदस्य की जिम्मेदारी है। मैं इस पहल की सराहना करता हूं और आशा करता हूं कि इससे शहर में यातायात नियमों का पालन करने की दिशा में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

**यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन :** इस कार्यक्रम को यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ ईश्वरन अय्यर और यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरपर्सन डॉ. एसएस रजी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। डॉ. ईश्वरन अय्यर ने इस अवसर पर कहा, हमारे छात्रों को उच्च शिक्षा देने के साथ-साथ हम उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। यह कार्यक्रम इसका उदाहरण है। हम अपनी यूनिवर्सिटी में ऐसी पहल करते रहेंगे ताकि हमारे छात्र न केवल अच्छा शिक्षण प्राप्त करें, बल्कि समाज में भी सकारात्मक योगदान दें।

यूनिवर्सिटी के निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य न केवल शिक्षा देना है, बल्कि हमारे छात्रों को अपने समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना भी है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सड़क सुरक्षा के प्रति यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता :** अर्का जैन यूनिवर्सिटी ने अपने छात्रों में जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। ऐसे कार्यक्रमों से विश्वविद्यालय छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा कर रहा है। सड़क सुरक्षा के प्रति इस जागरूकता कार्यक्रम ने जमशेदपुर के नागरिकों में यातायात नियमों के पालन की महत्वता को न केवल समझाया, बल्कि इस पर अमल करने के लिए प्रेरित भी किया।

## स्पीड न्यूज

### को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में लगेगा पेबर्स ब्लॉक

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के कैंपस में उसके मुख्य द्वार से होते हुए पीछे शौचालय तक जाने वाली सड़क दलदली हो जाती थी जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी समस्या होती थी, फंड का अभाव था जिसके कारण उसका सड़क नहीं बन पा रहा था ,जिसको लेकर जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के पूर्व छात्र अमर कुमार तिवारी ने नगर विकास विभाग इसकी शिकायत की थी और उनसे कहा कि जमशेदपुर अधिसूचित समिति द्वारा विभिन्न स्कूलों में पेवर्स ब्लॉक योजना के तहत लगाया जाता है, इसलिए वे को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में भी फेबर्स ब्लॉक लगाए ताकि विद्यार्थियों की आने-जाने में समस्या ना हो जिसको लेकर मंगलवार को नगर विकास विभाग की एडिशनल सेक्रेटरी ज्योत्सना सिंह द्वारा बताया गया कि नीचे के अधीनस्थ कार्यालय के रिपोर्ट के अनुसार वर्णित योजना के समाधान हेतु जिला योजना चयन समिति की सूचि में शामिल कर लिया गया है। जल्दी इसका समाधान निकाला जायेगा।

### इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच जे पी सिंह को ह्यूमन वेलफेयर ने दी बधाई

**जमशेदपुर।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा चयनित कमेटी जिसमे देश के सर्वोच्च खेल सम्मान से सम्मानित खिलाड़ी प्रशिक्षण और पदाधिकारी शामिल थे जिसमें पहली बार बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से पहले नाम जे पी सिंह का टैलेंट इंडिया आईडेंटिफिकेशन डेवलपमेंट कमेटी में नामित किया गया है। इन साथ दिग्गजों को बास्केटबॉल खेलो इंडिया में शामिल किया गया है। उनका उद्देश्य और जवाबदारी है कि हिंदुस्तान के प्रतिभाशील खिलाड़ियों को चयनित किया जाए और उन्हें हर संभव तरीके से तराशा जाए जिससे खिलाड़ियों का नाम सिर्फ नेशनल लेवल में ही नहीं इंटरनेशनल संघर्षों में भी उच्चतम श्रेणी में हो पाए और भारतीय बास्केटबॉल टीम दोनों महिला और पुरुष व एशियन चैंपियनशिप से लेकर ओलंपिक में अपनी बेहतर पोजीशन कायम कर सके।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No. ( आवेदित )


* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 20 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट करते रहे डीसी और एसपी

- प्रशासन ने ग्रामीणों को किया आगाह, न करें अफीम की खेती
- जमीन बंजर होगी, समाज में कलह और जेल भी जाना पड़ेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





अफीम की खेती नष्ट करते डीसी कुलदीप चौधरी और अफीम की फसल नष्ट करते एसपी आशुतोष शेखर।

**जमशेदपुर/चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत बंदगांव प्रखंड के टोकदा गांव में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, पोड़ाहाट वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी व स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित जिला परिषद सदस्य, मानकी-मुंडा, ग्रामीणों की उपस्थिति में अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त नेतृत्व में बंदगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत टिमड़ा गांव तथा इसके आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल व वनरक्षी आदि के द्वारा तकरीबन 20 एकड़ में लगे अफीम की खेती को पूर्णतः विनष्ट किया गया।

जागरूकता अभियान के दौरान उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को अफीम की खेती के स्थान पर पारंपरिक खेती-बाड़ी, बागवानी, पौधारोपण आदि हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों के बीच गरमा धान बीज, फलदार पौधा व अन्य बीज बांटा गया। इस दौरान पोस्ता की फसल को स्वेच्छा से नष्ट करने वाले ग्रामीणों को जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनको प्रोत्साहित भी किया गया। इसमें उपायुक्त के नेतृत्व में उपस्थित पदाधिकारी एवं अन्य ग्रामीणों ने पोस्ता की खेती न करने तथा इसको विनष्ट करने में प्रशासन को सहयोग करने और स्थानिक ग्रामीणों को परंपरागत खेती की ओर प्रेरित करने की शपथ भी ली। उपायुक्त ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री महोदय के निर्देश पर अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध पूरे राज्य में अभियान संचालित किया जा रहा है।

## जेम्को सड़क दुर्घटना के शिकार शर्मा परिवार से मिलने घर पहुंची विधायक पूर्णिमा साहू

- परिवारजनों से मिलकर बंधाया ढाढ़स, हरसंभव मदद का भरोसा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में हुए दो दर्दनाक सड़क हादसों में चार लोगों की दुःखद मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इन घटनाओं से पूरे शहर में गम का माहौल है। पहली दुर्घटना टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को चौक के पास हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार पिता, पुत्र और पुत्री को रौंद दिया। इस हादसे में कृष्णा शर्मा (40) और उनकी बेटी अंजली शर्मा (19) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा विक्की शर्मा (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। कृष्णा शर्मा बारीगोड़ा जनता रोड के निवासी थे और नुवोको कंपनी में ठेकेदारी में कार्यरत थे। दूसरी घटना, बागबेड़ा थाना क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय मोड़ महुआ गली के पास हुई। शनिवार देर रात 'नो इंट्री' में तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया।

## भारी सुरक्षा के बीच मैट्रिक की परीक्षा शुरू

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/ गम्हरिया।** जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल में जैक बोर्ड के अंतर्गत मैट्रिक की परीक्षा भारी सुरक्षा के बीच आज से शुरू हुई। जमशेदपुर में चल रही मैट्रिक की परीक्षा का जायजा लेने कई दंडाधिकारी पहुंचे। उन्होंने परीक्षा कक्षों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्रों को कदाचार मुक्त एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, शिक्षकों और परीक्षा केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विद्यार्थियों को शांत और तनावमुक्त माहौल प्रदान करें, ताकि वे सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कहा कि निष्पक्ष एवं सुचारू परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर, सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड में बनाये गये सभी परीक्षा केंद्रों पर चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मंगलवार से जैक बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा शुरू हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में शांतिपूर्ण ढंग से कदाचारमुक्त परीक्षा हुई। प्रथम दिन मातृभाषा हिंदी की परीक्षा हुई जिसमें सभी केंद्रों पर शत प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। विदित है कि इस वर्ष गम्हरिया प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कुल 2891 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे के साथ व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वहीं केंद्राधीक्षक और दंडाधिकारी भी पूरे मुस्तैद रहे। परीक्षा केंद्र से 100मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है।



पीपुल्स एकेडमी, बाराद्वारी में चल रही मैट्रिक की परीक्षा देते परीक्षार्थी।

## बिष्टुपुर में जली युवती की मौत के बाद बवाल, महिलाओं ने आरोपी को पकड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर के राम मंदिर के पास स्थित बस्ती में एक युवती करीना कालिंदी उर्फ पूजा कालिंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने की घटना को लेकर उसके मायके वालों ने हंगामा खड़ा कर दिया। करीना कालिंदी ने इलाज के दौरान सोमवार रात को एमजीएम अस्पताल के बर्न वार्ड में दम तोड़ दिया था। उसकी मौत के बाद परिजनों और बस्ती की महिलाओं ने अस्पताल में हंगामा किया और एक आरोपी किशन बाग को पकड़कर उसकी पिटाई की। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

करीना कालिंदी की मौत के बाद महिलाएं आरोप लगा रही हैं कि सन्नी बाग, किशन बाग और उनकी मां ने मिलकर करीना को जला दिया। घटना 12 फरवरी को हुई थी, जब करीना कालिंदी ने अपने पति सन्नी बाग से घर में रहने की मांग की थी। सन्नी बाग ने करीना को अपने घर में रखने से इंकार किया।



एमजीएम अस्पताल में हंगामा करते करीना के परिजन और बस्तीवासी और जलने से मृत करीना कालिंदी ( फाइल फोटो)।

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- जेएन टाटा वोकेशनल कॉलेज में विद्युतीय क्षेत्र से संबंधित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**जमशेदपुर।** आज स्वावलंबी भारत अभियान एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के संयुक्त प्रयास से जे एन टाटा वोकेशनल कॉलेज बिस्टुपुर में विद्युतीय क्षेत्र से संबंधित 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के समानित अतिथि गण स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदे शंकर सिंह जी, टाटा स्टील लर्निंग डिपार्टमेंट की हेड कुमुद लता जी, खादी ग्रामोद्योग आयोग रांची के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी सुसंतो चक्रबर्ती, जेएन टीवीटी के निदेशक बी बी सिंह और स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक पंकज सिंह रहे। मंच संचालन निदेशक बी बी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जे एन टी वी टी के एडमिन सुरेश चौधरी ने किया। निदेशक बी बी सिंह ने कहा कि उनकी संस्थान जे एन टाटा की प्रेरणा से जरूरत मंद बच्चों को प्रशिक्षित कर उन्हें नौकरी दिलाने का कार्य करती रही है।

## साहित्यकार अरविंद विद्रोही लिखित भोजपुरी एकांकी यमलोक में करप्सन का दिल्ली में मंचन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





यमलोक में करप्सन के लेखक अरविंद विद्रोही और नाटक का एक दृश्य।

**जमशेदपुर।** भोजपुरी रंगमंच के लिए समर्पित नाट्य संस्था रंगश्री, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 16 फरवरी, 2025 को मुक्तधारा, गोल मार्केट, नई दिल्ली में, संध्या 6 बजे से जमशेदपुर निवासी साहित्यकार और व्यंग्यकार अरविंद विद्रोही कृत भोजपुरी हास्य व्यंग्य एकांकी यमलोक में करप्शन का जोरदार मंचन किया। इस एकांकी का निर्देशन रंगश्री के संस्थापक महेंद्र प्रसाद सिंह ने किया।

यमलोक में करप्शन का मंचन देख दर्शक हँसते- हँसते लोट पोट हो गए। पहले एकांकी में एक ओर टीवी प्रचार से प्रेरित होकर गलत आहार के सेवन पर चोट किया गया तो दूसरी ओर एक से साथ एक फ्री शराब योजना पर चोट की गई थी।

यमलोक में करप्शन में सौमित्र वर्मा को यमराज और पुरोहित की भूमिका में और अखिलेश पाण्डेय को विद्रोही आत्मा और यजमान की भूमिका जबरदस्त रही। शेष कलाकार जिसमें मुख्य रूप से विजय यादव, यमदूत के रूप में, रुस्तम, चित्रगुप्त के रूप में भी अपनी अपनी भूमिकाओं को बखूबी निभाया। अन्य कलाकार कृति, कीर्ति, प्रवीण, फैज, सत्यदेव सिंह, अशोक यादव, प्रभात रंजन आदि ने बहुत बढ़िया अभिनय किया। प्रकाश परिकल्पना संदीप का तथा म्यूजिक रश्मि का सराहनीय रहा।

यमलोक में करप्शन के बाद बोकारो स्टील सिटी निवासी साहित्यकार ब्रह्मोश्वर नाथ तिवारी लिखित नाटक शनि की साढ़ेसाती का मंचन भी किया दूसरे एकांकी में भोले भाले लोगों को ग्रह गोचर और शनि की साढ़ेसाती की धमकी देकर ठगने पर चोट की गई थी। बता दें, रंगश्री दिल्ली में 1993 से लगातार भोजपुरी नाटकों का मंचन करते आ रही है।

## एक नजर में

### झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन : दीपक कुमार वर्मा बने अध्यक्ष, प्रभाकर राव सचिव निर्वाचित



**जमशेदपुर।** झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन (जेबीए) ने 16 फरवरी, 2025 को हजारीबाग में अपनी कार्यकारी निकाय और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का सफलतापूर्वक आयोजन किया। बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों का चुनाव हुआ, जिससे राज्य में बैडमिंटन की वृद्धि और विकास के लिए एसोसिएशन की प्रतिबद्धता मजबूत हुई। एजीएम के दौरान हुए चुनावों में प्रभाकर राव को एक बार फिर जेबीए के राज्य सचिव के रूप में चुना गया, जिससे झारखंड में बैडमिंटन के लिए उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण की पुष्टि हुई। दीपक कुमार वर्मा को अध्यक्ष चुना गया, जबकि श्री सुरेश लाल राम को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारी टीम ने झारखंड में सभी स्तरों पर बैडमिंटन को बढ़ावा देने के लिए अपना समर्पण व्यक्त किया। उन्होंने संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, बेहतर बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में युवा प्रतिभाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर दिया।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सॉफ्ट स्किल्स को लेकर कार्यशाला



**जमशेदपुर।** 16 फरवरी को बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एक सॉफ़्ट स्किल्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसे बेसिक साइंस और ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ एसके सिंह, अध्यक्ष और बिहार एसोसिएशन के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस, तथा विशेषज्ञ वक्ता श्रीमती रूणा राजीव कुमार की उपस्थिति ने इसे गौरवान्वित किया। कार्यशाला की शुरुआत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एसके रॉय के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ एसके सिंह द्वारा पेशेवर क्षेत्र में संवाद और सॉफ़्ट स्किल्स के महत्व पर संक्षिप्त भाषण दिया गया। इस आयोजन में श्रीमती रूणा राजीव कुमार, जो कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और पब्लिक रिलेशंस की विशेषज्ञ हैं, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। श्रीमती कुमार, जो टाटा स्टील में कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन की पूर्व प्रमुख और ब्रांड वर्स की संस्थापक हैं, ने कार्यस्थल में नैतिकता, पेशेवरिता, समय प्रबंधन, और एआई की भूमिका पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। इस सत्र में 150 से अधिक प्रतिभागियों, जिसमें शिक्षक सदस्य भी शामिल थे, ने भाग लिया, और यह सत्र दोनों ही उत्पादक और इंटरएक्टिव रहा। कार्यशाला की सफलता मुख्य रूप से आयोजन टीम के सक्रिय योगदान के कारण संभव हुई, जिसमें विभागाध्यक्ष रतन शर्मा, डॉ अभिनंदन मखल, नंदकिशोर, अनंत चटर्जी, और डॉ अंकिता साहू का योगदान महत्वपूर्ण था, जिन्होंने इस कार्यक्रम को बड़ी सफलता दिलाने में मदद की।

### रेडक्रॉस ने टीबी मरीजों में बांटा पोषण किट



**जमशेदपुर।** पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान, टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार प्रदान करने के उद्देश्य के साथ उन्हें जल्द से जल्द रोगमुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु की गयी है, टीबी मरीजों को भी चाहिए कि वो निर्धारित समय पर अपने दवा का नियमित उपयोग करें व पौष्टिक आहार ग्रहण कर स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायें। उक्त विचार रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रेड क्रॉस भवन साकची में आयोजित 31वें प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान के मासिक पौष्टिक आहार किट प्रदान करने के कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने व्यक्त किया। उन्होने बताया कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम देश की एकमात्र संस्था है जो इस कार्यक्रम को नियमित रूप से पिछले 31 माह से चला रही है। कार्यक्रम की नियमित सहयोगी समाजसेवी पूरबी घोष ने टीबी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम के दौरान जिला टीबी नियंत्रण विभाग द्वारा चयनित टी.बी. मरीजों के बीच अतिथियों ने एक माह की पोषण सामग्री के साथ विटामिन प्रदान किया। जिला टीबी नियंत्रण विभाग के सुजय कुमार, नागेन्द्र कुमार के साथ रेड क्रॉस के वाईस पेट्रन डी. के. घोष, नागराज, राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद, आशीष सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### विधायक सरयू राय ने झंडी दिखा कर कुंभनगरी के लिए बस रवाना किया



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने रानी एडवेंचर एंड वेलफेयर ट्रस्ट के बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह बस जमशेदपुर से कुंभनगरी के लिए रवाना हुई। बस में 60 यात्री थे। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमनाथ बनर्जी, एम चंद्रशेखर राव, आनंद सिंह, के विनीत, रेनू बनर्जी, लक्ष्मी गोंड, संजय तिवारी, रामबाबू तिवारी, रमा देवी आदि मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड, अंचल और थाना में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता के प्रखंड लेस्लीगंज विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा और छोटेलाल सोनी को प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, पंचायत कुराईन पतरा मुखिया पति विरेंद्र चंद्रवंशी, लेस्लीगंज मुखिया पति छोटेलाल सोनी, डबरा मुखिया मंजू देवी, चौरा मुखिया गुड्डू पासवान, सांगबार मुखिया गीता देवी, परचमों मुखिया अरविंद शुक्ला, जुरू मुखिया पति सुजित राम एवं सभी ने विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पांकी विस क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता परे विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया गया है।

### संत रविदास सामाजिक विषमताओं के खिलाफ जनांदोलन थे : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती का पखवाड़ा मन रहा है। इस दौरान पड़वा प्रखंड के मुरमा में जयंती समारोह मना। संत रैदास जयंती समारोह के अध्यक्ष फूलमाला अंगवस्त्र और बाबा साहेब के तस्वीर भेंट कर स्वागत किये। अविनाश देव ने कहा कि संत रैदास आज से 700 साल पहले भक्ति आंदोलन चला कर समाज से जिस अंधविश्वास व जातिवाद के खिलाफ जंग छेड़ी थी। मौके पर दिलीप मेहता, युगल किशोर राम, रमेश राम, विनय रवि, मुन्ना राम, जानकी राम, संडे राम, कुलदीप राम, राजेश राम, प्रदीप राम, देशमुख थे।

### लवली ने की अगलगी घटना की निंदा



**पांकी पलामू।** पांकी के राजू फैंसी मॉल में अगलगी की घटना के बाद भाजपा नेत्री सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता घटनास्थल पहुंच संवेदना जतायी। परिजनों के आग लगाने की आशंका पर श्रीमती गुप्ता ने प्रशासन से घटना को गंभीरता से लेकर जांच करने का आग्रह किया है। कहा कि अगर प्रखंड में दमकल की व्यवस्था होती तो नुकसान कम होता।

### हत्या के मामले में चार को उम्रकैद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय शंकर महाराज की अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी पाते हुए चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। वहीं 10-10 हजार का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा होगी। इसमें हरिहरगंज थाना के शिकारपुर निवासी रिंकू देवी ने अपने पति रंजीत साव की हत्या पर हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अदालत ने शिकारपुर के मदन साव, महावीर साव, रीना देवी व बुधन साव को सजा सुनायी है।

### उंटारीरोड थाना क्षेत्र के बांकी नदी से पुलिस ने अधेड़ का शव बरामद किया

**मेदिनीनगर।** उंटारी रोड थाना क्षेत्र के बांकी नदी में सतभवरिया के पास से पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। नदी के किनारे शव को देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना उंटारी रोड थाना को दी। सूचना पाते के साथ ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। सभी ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया।

### लंबी बीमारी के बाद महिला का निधन



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के वार्ड 13 के चुनाटांड़ निवासी विनोद राम की पत्नी इंद्रावती देवी (42) की मौत मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद हो गयी। मृतका कई वर्षों से बीमार थी। खबर मिलने पर जिला योजना समिति सदस्य सह निवर्तमान पार्षद संजय बैठा मृतका के घर गये और परिजनों को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने दाह संस्कार हेतु लकड़ी उपलब्ध करवाया। इसके अलावा आर्थिक मदद भी की। मौके पर अजय रवि, राजेंद्र राम, विजय राम, नागा पासवान, विजय यादव, सूर्यदेव राम, सीताराम निराला व कई लोग मौजूद थे।

### पाटन : कुंवरबांध के पास कमांडर दुर्घटना में एक की मौत, अन्य जख्मी



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के कुंवरबांध बीएस कॉलेज के पास एक कमांडर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा चालक समेत अन्य सवारी जख्मी हो गये हैं। सूचना पाते ही पाटन पश्चिमी के जिप सदस्य संग्राम सिंह ने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही घायलों को पाटन अस्पताल भेजवाया। उन्होंने इस दुर्घटना की जानकारी पाटन थाना को दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मृतक मुसाफिर साव पिता नेकी साव के शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक मनिका थाना क्षेत्र का रहनेवाला बताया जा रहा है। मृतक बेटी के ससुराल पतरिया आये थे जो वापस मनिका थाना क्षेत्र के बरवईया गांव जा रहे थे। इस घटना में घायल कमांडर चालक समेत अन्य सवारी शामिल हैं।

### रामगढ़ प्रखंड के अड़गड़ा में दो दिवसीय किसान मेला का आयोजन



**मेदिनीनगर/ रामगढ़।** संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र ने अड़ागड़ा मैदान में किसान मेला आयोजित किया। मौके पर सुप्रीम कोर्ट के खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सलाहकार बलराम, भूखमुक्त पंचायत अभियान के विकास कुमार, विनोद कुमार, प्रधान सौरभ, कुंडपानी की सिस्टर जेसिंता, बांसडीह खुर्द मुखिया संगीता देवी, रामगढ़ प्रमुख प्रेमनी देवी, उपमुखिया पुष्पा देवी, पूर्व मुखिया सुशीला देवी, किसान मित्र जैनुल (गुड्डू) भी थे।

# उपायुक्त ने प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी की तैयारियों का लिया जायजा

- किसान मेला-सह-प्रदर्शनी आज, तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन
- किसान मेला में लगेंगे विभिन्न विभागों के स्टॉल, परिसंपत्तियों का होगा वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



तैयारियों की हकीकत जानने कार्यक्रम स्थल पहुंचे उपायुक्त शशि रंजन व अन्य पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में 19 फरवरी को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन होना है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित होने वाले किसान मेला को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने आयोजन स्थल शिवाजी मैदान का निरीक्षण किया।

उन्होंने मेला के सफल आयोजन को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने आयोजन की तैयारी की गति लाकर समयबद्धता से तैयारी पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

उपायुक्त ने किसान मेला आयोजन के मुख्य मंच, मंच पर अतिथियों की बैठने की सुविधा, बैकड्रॉप, फेशिया, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ व्यक्तियों तथा आगंतुकों को बैठने आदि की व्यवस्था, विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जा रहे स्टॉल, पार्किंग की व्यवस्था, महिला एवं पुरूष किसानों के आगमण को लेकर तैयारी, उनके बैठने की व्यवस्था, खाना, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि के प्रबंध किये जाने की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समय रहते सभी कमियों को दूर करते हुए तैयारी पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने स्टॉल पर बैनर-पोस्टर के माध्यम से संबंधित विभाग का नाम युक्त एवं प्रदर्शनी से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। किसान मेला में पलामू प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं।

**इन विभागों के लगेंगे स्टॉल :** किसान मेला में आत्मा, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, कृषि विज्ञान केंद्र, ईफको, जेएसएलपीएस, जैविक खेती, किसान प्रोड्यूसर कंपनी, मृदा स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला, लघु सिंचाई प्रमंडल, वन प्रमंडल, भूमि संरक्षण विभाग, बिरसा किसान पाठशाला, अरविंद इंटरप्राइजेज, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, अग्रणी बैंक, नाबार्ड, तसर विभाग, पुरूषोत्तम प्रसाद अग्रवाल, सेठी स्टोर, शुभम एग्रीको, बायर क्रॉप साइंस प्रा. लि., मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, गव्य विकास विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। साथ ही उन्हें योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, पलामू के जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा के परियोजना निदेशक दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

# आगजनी में दरवाजे पर खड़ी बोलेरो हुई राख, घर भी जला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना अंतर्गत नौगढ़ा ओपी क्षेत्र के अटरिया गांव में आगजनी की घटना में बोलेरो गाड़ी (एम पी 65 सी 0883) जलकर राख हो गयी। इसके अलावा घर में भी आग लग गयी जिसे काफी मशक्कत के बाद बुझाया गया। घटना मंगलवार की सुबह चार बजे की बतायी जा रही है।

**क्या है मामला :** मिली जानकारी के अनुसार बलराम तिवारी की बोलेरो उनके घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी थी। सुबह लगभग चार बजे उसमें आग लग गयी। गाड़ी से आग की लपटें निकलकर सीता तिवारी के घर तक पहुंच गयी और देखते ही देखते घर में भी आग लग गयी। जिसे काफी मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने नौगढ़ा ओपी में मामला दर्ज कराया है।



दरवाजे पर खड़ी जली हुई बोलेरो।

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित परिवार के एक पड़ोसी नलिन तिवारी का गृह निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यस्थल पर तीन बंडल छड़ भी रखा हुआ था, जो गायब है जिसमें एक बंडल छड़ गांव के हीं डिआहा आहार में फेंका हुआ था।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि पीड़ित परिवार के द्वारा आगलगी की घटना से संबंधित मामला दर्ज कराया गया है लेकिन नामजद शिकायत नहीं की गयी है। आग लगी की घटना शॉर्ट सर्किट से भी हो सकता है। सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है।

### भाजपा नेता का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी

# स्वास्थ्य जांच के बाद राजीव रंजन को लगायी गयी स्लाइन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रखंड परिसर में समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन का सोमवार से शुरू हुआ आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं समर्थन में जेपी गुप्ता भी मंगलवार से अनशन पर बैठे।

इस दौरान सीओ मनीष कुमार सिन्हा व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार अनशन स्थल पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की। वहीं सीएचसी के चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार वर्मा ने अनशन स्थल पर पहुंचकर राजीव रंजन का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद स्लाइन लगाया। राजीव रंजन ने कहा कि समस्याओं के निराकरण होने तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

मालूम हो कि राजीव रंजन 11 सूत्री मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं। इस अवसर पर अजय सिंह, संजय जायसवाल, मृत्युंजय सिंह, बिजय शौंडिक, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, शंभू यादव, दिनेश स्वर्णकार सहित कई लोग मौजूद थे।



राजीव रंजन के साथ आमरण-अनशन पर बैठे लोग।

# समस्तीपुर को हराकर सेफा में पहुंची दुर्गापुर बंगाल की टीम

- ओप्पू बावरी को मिला मैन ऑफ द मैच
- वीर शहीदों की याद में टूर्नामेंट कराना अच्छी पहल
- शहरवासियों को खूब भा रही अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वीर शहीदों के पावन स्मृति में पलामू के पुलिस लाइन स्टेडियम में हो रहे अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के आज तीसरे दिन एस बी एस टी सी दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल एवं आजाद क्लब समस्तीपुर, बिहार के बीच मैच खेला गया। बिहार समस्तीपुर की टीम को दुर्गापुर टीम ने हराकर सेमीफाईनल में जगह बना लिया है। मुकाबला शुरू होने से पहले स्कूली बच्चों के द्वारा सभी खिलाड़ियों को ग्राउंड में स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। फिर राष्ट्रगान के साथ मुख्य अतिथि ने फुटबॉल खेलकर मुकाबले को प्रारंभ कराया। इस मैच में दुगार्पुर, बंगाल की टीम बहुत ही शानदार शुरूआत करते हुए शुरू से ही समस्तीपुर, बिहार की टीम पर भारी रही। मध्यांतर के बाद इस टीम ने दो अंकों से बढ़त बना ली थी। ओप्पू बावरी मैन ऑफ द मैच घोषित किये गये। आज के मैच के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से देश का मान - सम्मान बढ़ता है।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि व अन्य।

**खास बातें :** आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने मोमेंटो, अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इसी प्रकार आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने विशिष्ट अतिथियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंचासिन विशिष्ट अतिथियों में शिक्षाविद् प्रो एससी मिश्र, प्रशिक्षु उपाधीक्षक राजेश यादव, पूर्व सांसद घूरन राम, समाजसेवी सह काष्ठ कला के कलाकार प्रेम भसीन, भाजपा जिला मंत्री प्रियरंजन शर्मा, रेलकर्मी उदय मांझी सहित प्रथम उपमहापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल, संरक्षक विभाकर नारायण पांडेय उपस्थित रहे। मौके पर संरक्षक परशुराम ओझा, धीरेंद्र पांडेय, प्रभारी सार्जेंट मेजर सुरेश राम, आलोक वर्मा, नरेंद्र सिंह, सुशील सिन्हा, नागेंद्र चौधरी, बृजेश शुक्ला, संजू शुक्ला, राजकुमार गुप्ता, रिंकू सिंह, रंजीत गुप्ता, संदीप राम, मो इसराइल, विक्रांत दुबे, समाल अहमद, लालेश्वर राम, प्रसेनजीत दास गुप्ता, कौशल वर्मा, शुभम प्रसाद, विवेक चौबे, मनीष बर्मन, मो इदरीश, प्रमोद रंजन दास गुप्ता, मनीष मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों को पंचायत सहायक के रूप में चयन को लेकर आयोजित हुई ग्रामसभा



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के पंचायत सचिवालय किशुनपुर के सभागार में स्वयंसेवकों को पंचायत सहायक के रूप में चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुमन गुप्ता ने की । मौके पर स्वयंसेवक आकाश पासवान, राकेश पाण्डेय के कार्य संतोषजनक रहने के कारण पंचायत सहायक के रूप में अनुशंसा ग्राम सभा ने किया।

### ट्रैफिक पुलिस ने की टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक पुलिस ने सदिक चौक कोयल नदी पुल के पास टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों की जांच की गयी, जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस के थे। जिसमें से 11 दोपहिया बाइक वाहन गाड़ियों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिसे जिला व्यवहार न्यायालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया। इसके अलावे 03 दोपहिया बाइक गाड़ी को जिला परिवहन कार्यालय पलामू चालान फाइन हेतुभेजा गया है। आज जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 05 दोपहिया वाहन मोटरसाइकिल गाड़ियों का चालान फाइन राशि 5218 रुपया आया और एक ट्रक का ऑनलाइन चालान फाइंड राशि 1150 रुपया आया है। सीजीएम कार्यालय पलामू से 02 दुपहिया वाहन मोटरसाइकिल गाड़ीयों का चालान फाइन राशि 7000 रूपया आया है। टोटल चलान फाइन राशि 13,368 रुपया आया है।

### रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 38वें अधिवेशन का उद्घाटन आज



**मेदिनीनगर।** सदर थाना के जोड़ पंचायत के जोड़ में प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 10 दिनों तक चलने वाले महायज्ञ में इस बार रामलीला होगी। जिसमें पटना से 18 सदस्यीय मंडली (नेतृत्वकर्ता सतीश झा मिथलांचल) अपने सहयोगियों के साथ रामलीला की भव्य प्रस्तुति देंगे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अनुज मिश्रा ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतेजाम है। यज्ञ समिति के संरक्षक कमलेश तिवारी ने कहा कि 18 से 27 फरवरी तक यज्ञ चलेगा। शिवरात्रि के दिन यहां बड़े पैमाने पर दो दिनी मेला भी लगता है। यज्ञ का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर थाना प्रभारी उतम राय ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मेघनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष रवींद्र चंद्रवंशी, संरक्षक कमलेश तिवारी, नंदू राम, रंजीत राम, प्रेम मिश्रा आदि थे।

## पलामू पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एसपी के निर्देश पर पलामू पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत कार्रवाई कर विभिन्न प्रखंडों के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नौडिहा बाजार थाना कांड मामले में छतरपुर थाना के धोबीडीह के लवलेश यादव पिता बीरा यादव, पांकी थाना में कांड सं.- 12/2025 के अभियुक्त मुकेश यादव (पिता- हरदेव यादव), निरंजन यादव उर्फ रंजन यादव उर्फ गोला पिता- राजकुमार यादव) निवासीः केकरगढ़, थाना- पांकी, जिला- पलामू, मनातू थाना कांड के मामले में अभियुक्त गोविन्द यादव (पिता- फकीरा यादव) निवासीः बड़की नागद, थाना- मनातू, अभियुक्त इंदर यादव (पिता- सुगा यादव) निवासीः ताल, थाना- तरहसी, जिला- पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रशासन आम जनता से अपील किया है कि नशे के अवैध

## सुरेश सिंह चौक के लोगों ने लोजपा जिलाध्यक्ष राकेश को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह को मेदिनीनगर पाकी रोड रेड़मा सुरेश सिंह चौक वार्ड नंबर 16 के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। लोगों ने पुराने कुआं को गैर कानूनी ढंग से कचरा डालकर समतल करने एवं जल स्त्रोत को अतिक्रमण करने के मामले को लेकर उन्हें अवगत कराया है। लोजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने पूरे मामले को लेकर एक मांग पत्र उपायुक्त को सोंपा है। इसकी प्रतिलिपि प्रतिलिपि महामहिम राज्यपाल झारखंड, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनी नगर, नगर आयुक्त नगर निगम मेदिनी नगर एवं थाना प्रभारी शहर को आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचनार्थ प्रेषित किया है। मांग पत्र में राकेश कुमार सिंह ने कहा कि 16 नंबर वार्ड में रहने वाले अनिल तिवारी पिता स्वर्गीय भी तिवारी वह ग्रह द्वारा निरंतर पानी से भरा हुआ पुराना कुआं का चबूतरा तोड़कर अपने घर का शौचालय एवं गंदे पानी का पाइप कुआं में गिराया गया है।

### कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत और गजल की दी प्रस्तुति

# मानसिक तनाव को दूर करता है संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम : राम-श्याम

**अजीत दुबे**

**मेदिनीनगर।** सुर संगम कला केंद्र में संगीत को लेकर बैठक की गयी। जिसमें शहर के वरिष्ठ कलाकारों ने भाग लिया। बैठक का संचालन कव्वाल क्यूम रब्बानी ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में शास्त्रीय गायक रमेश कुमार पाठक ने राग बहार में छोटा ख्याल प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके बाद गायक सुमन मिश्रा ने अपनी गजलों के द्वारा लोगों से वाह वाही लूटी। कार्यक्रम में राम श्याम बंधु ने एक से बढ़कर एक गीत और गजलों की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में बांसुरी वादन की प्रस्तुति पवन कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सुर संगम कला केंद्र के निदेशक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि जिन लोगों की रुचि गायन में हो, वाद्य यंत्रों को बजाने में हो, चित्रकला में हो वैसे लोग सुर संगम कला केंद्र में नामांकन करा कर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। पलामू प्रमंडल एक ऐसा केंद्र है जहां गायन,वादन और चित्रकला का प्रशिक्षण एक ही छत के नीचे दिया जाता है। कार्यक्रम में रंगकर्मी अदनान काशिफ, बबलू, मनोज, जितेंद्र, नागेंद्र, पप्पू, सुजीत व कई लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व प्रस्तुति देते कलाकार।

# माघ पूर्णिमा को प्रयागराज नहाने गयी काजल लापता, मामला दर्ज

- काजल दिल्ली से बीए की पढ़ाई पूरी कर एक साल से अपने मां के साथ गांव पर रहती थी, छह महीने से पाटन के स्कूल में पढ़ा रही थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सतौआ पंचायत के महुलिया ग्राम के काजल कुमारी पिता नवीन पाण्डेय उम्र 24 वर्ष 12 फरवरी माघ पूर्णिमा के दिन महाकुंभ स्नान करने दौरान कहीं खो गयी है । बेटी के खो जाने से माता पिता काफी परेशान हैं। इस संबंध में परिवार के लोगों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट प्रयागराज थाना में दर्ज करायी है। वहीं काजल के पिता नवीन पाण्डेय ने इस संबंध में रविवार को पाटन थाने में भी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस लापता लड़की के खोजबीन में लग गयी है। नवीन पाण्डेय ने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन काजल अपने माता-पिता एवं नाना नानी के साथ महा कुंभ स्नान करने के लिए प्रयाग राज गयी थी। जहां स्नान के दौरान भीड़ में कहीं खो गयी। काफी खोजबीन करने के बाद भी काजल का कोई पता नहीं चल पाया जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस अपने स्तर से खोजबीन कर रही है लेकिन अभी तक कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है। लापता लड़की के पिता ने बताया कि बेटी दिल्ली में रहकर बीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद पिछले एक साल से अपने मां के साथ गांव पर रह रही थी। उन्होंने बताया कि छह महीने से काजल पाटन में प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रही थी। इधर, पाटन थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।



काजल कुमारी का फाइल फोटो।

# दुमका : सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं की नजर, कब्जा करने को कर रहे घेराबंदी

**बाबा फौजदारी ट्रस्ट बासुकीनाथ के संरक्षण में अस्थायी गौशाला बनाया गया था**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** प्रसिद्ध तीर्थ स्थली बासुकीनाथ में सरकारी जमीन पर सार्वजनिक गौशाला निर्माण को लेकर मंगलवार को उपायुक्त को ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा। आवेदन जरमुंडी प्रखंड के बेलगुमा गांव के ग्रामीणों ने सौंपा।

आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि मौजा बेलगुमा नंबर-28 का अनावादी खाता संख्या-53, दाग नंबर-74 एवं 79 में कुल रकबा 2 बीघा सात कट्ठा 16 धूर जमीन परती है। जिसमें पूर्व उपायुक्त के मौखिक आदेश पर बाबा फौजदारी ट्रस्ट बासुकीनाथ के संरक्षण में कई वर्षो तक अस्थायी गौशाला बनाया गया था। जिसमें श्रावणी व भादो मेला में दान स्वरूप मंदिर को समर्पित गाय,

**ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर बासुकीनाथ में गौशाला निर्माण व संचालन का किया मांग**

बैल, साढ़ को रख संरक्षण दिया जाता रहा है। लेकिन कोरोनाकाल के बाद से गौशाला का कार्य बंद हो गया।

ग्रामीणों ने पुनः स्थायी रूप से गौशाला निर्माण कराने का आग्रह किया है। जिससे दान दिए गाय, बैल और साढ़ से आस-पास के फसलों को बचाया जा सके और गौवंश भी सुरक्षित किया जा सके। उपायुक्त को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि खाली पड़ी जमीन पर भूमाफियाओं की नजर लग गई है। भूमाफिया द्वारा जमीन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

खाली पड़े जमीन को दबंग प्रवृति के सरैयाहाट अंचल निवासी अनिरूद्ध सिंह जमीन पर कब्जा करने के नियत से घेराबंदी का काम करा रहा है। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए अंचलाधिकारी व थाना पुलिस को लिखत शिकायत कर घेराबंदी का काम पर रोक लगाया है। लेकिन स्थायी रूप से गौशाला का निर्माण व संचालन का ग्रामीणों ने आवश्यकता जताया है। यहां बता दें कि अंचलाधिकारी के उदासीन रवैया के कारण भूमाफिया का मनोबल बढ़ा हुआ है और खाली पड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा का प्रयास कर रहे है। आवेदन देने वालों में रामप्रसाद कुंवर आदि शामिल थे।

# राजकीय जनजातीय हिजला मेला को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रशिक्षु अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव प्रकाश ने की।

बैठक में प्रशिक्षु एसडीओ ने कहा कि 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले हिजला मेला महोत्सव की सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाये। कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के लिए गठित सभी समिति अपने दायित्वों का निर्वहन ससमय करेंगे। उन्होंने मेला क्षेत्र की साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति एवं मेला क्षेत्र में जगह-जगह डस्टबिन रखने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर



बैठक करते एसडीओ अभिनव प्रकाश व अन्य।

शौचालय सहित पेयजल की बेहतर व्यवस्था रहे। इसे सुनिश्चित करें। मेला क्षेत्र में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रहे।

कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि हिजला मेला महोत्सव के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ले। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में साइनेज लगाए जाएं। ताकि मेला में आने वाले लोगों को कठिनाई नहीं हो। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म सहित प्रेस विज्ञप्ति, होर्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित समिति एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

## एक नजर में

### पूर्व विधायक ने की पथ मरम्मति कार्य का शिलान्यास

बेरमो/ललपनिया। पेयजल स्वच्छता एवं मद्दनिषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह गोमिया की पूर्वविधायक बबीता देवी ललपनिया पहुंचीं। उन्होंने पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल बोकारो के गैर योजना मद अंतर्गत पेटरवार–गोमिया मुख्य पथ के ललपनिया मोड़ से जगेश्वर बिहार पथ का साधारण मरम्मति कार्य का अनावरण कर शिलान्यास किया। पूर्व विधायक ने कहा इस योजना से राहगीरों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद हर एक समस्या के समाधान को लेकर कृतसंकल्पित हैं। सम्मानित जनता को योजनाओं के मार्फत अधिक से अधिक सहूलियत मिले, इसके लिए वे प्राथमिकता के साथ विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बबीता देवी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

### सौतारडीह में श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ व 32वां वार्षिक गणेश मेला में उमड रही भीड़

बेरमो/फुसरो। सौतारडीह में सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ व 32वां वार्षिक गणेश मेला के तीसरे दिन सोमवार को भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कई श्रद्धालुओं ने 12 घंटे तक परिक्रमा की। रात्री में कथा सुनने के लिए आसपास के गांवों एवं शहरी क्षेत्र से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### हिन्दी भाषा की प्रासंगिकता को लेकर एमजी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

रानेश्वर। मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में आईक्यूएसी के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन मंगलवार को हुई। सेमिनार हिंदी विभाग द्वारा वैश्वीकरण के युग में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता को लेकर आयोजित हुई। कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि सेमिनार में रिसोर्स पर्सन आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो आबिद रजा ने हिंदी भाषा के विकास पर प्रकाश डालते हुए विश्व के विभिन्न भाषाओं में हिंदी भाषा के स्थान की भी चर्चा की। बताया कि हिन्दी भाषा को सही ढंग से उपयोग किया जाए और इसको भी अंग्रेजी के समान महत्व दी जाए, तो करोड़ हिन्दी भाषी विद्यार्थियों की किस्मत बदल सकती है। समाज एवं देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### जेपी आंदोलनकारियों की गोड्डा में हुई बैठक

गोड्डा। 1974 के जेपी आंदोलनकारियों की एक बैठक मंगलवार को संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता धनंजय यादव ने की। यूं तो ये कितनी दफा ये बैठके हो चुकी है बीजेपी की सत्ता थी उसवक्त भीं हुई लेकिन कोई मांगें पूरी नहीं हुई। आज अब हेमंत सरकार मे मंत्री बने गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव पर भरोसा है कि वही कुछ कर सकते हैं और बैठक मे उपस्थित सभी बुजुर्ग अब उनसे मदद कि गुहार लगा रहे हैं शायद बात बन जाये। रांची विधानसभा के बाहर मार्च मे धरने कि तैयारी है। अगली मीटिंग अब 18 मार्च को निर्धारित कि गई है।

### सरैयाहाट में दो पक्षों के बीच मारपीट

सरैयाहाट। थाना क्षेत्र के बरकुंडी गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मामलें को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें प्रथम पक्ष के संजय यादव ने उमेश यादव, विनय यादव, महेश यादव, संदीप यादव, मंजू देवी, डेजी देवी और सुरुचि देवी के खिलाफ जान मारने की नीयत से फरसा से हमला करने सहित अन्य को आरोपी बनाया है। जबकि द्वितीय पक्ष के बिनय यादव ने हथियार से लैश होकर घर में घुस मारपीट और लूटपाप सहित अन्य आरोप लगाते हुए अशोक यादव, राहुल यादव, संजय यादव, चुभलु यादव, राकेश यादव, कुमोद यादव एवं अक्षय यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जुटी हुई है।

### कथारा चौक पर चला वाहन जांच अभियान



बेरमो/कथारा। बोकारो जिला यातायात पुलिस ने बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा बोकारो थर्मल पुलिस एवं कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति के संयुक्त सहयोग से सोमवार को कथारा, फुसरो मुख्य सड़क के कथारा चौक और वाशरी रोड मे सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला यातायात के जांच टीम में बोकारो यातायात पुलिस के अनि ओशो प्रदीप, संतोष कुमार, पीसी रजवार व बोकारो थर्मल पुलिस के धर्मेंद्र कुमार एवं कथारा ओपी के पुलिस बल शामिल थे। वाहन जांच की खबर फैलते ही लोगो मे हड़कंप मच गया और जिसे जिधर जगह मिला अपनी बाइक और अन्य वाहन लेकर भागे। मगर इसी दौरान दर्जनों बाइक और कार वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। यहां तक कि जिस भी व्यक्ति ने जांच के डर अपनी दो एवं चार चक्का वाहन मुख्य सड़क के किनारे खड़ा कर भाग खड़े हुए थे उनका भी चलान काटा गया। मौके पर ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा कि कथारा चौक मे दिन भर जाम लगा रहता था। लोग सड़क के किनारे बाइक और कार खड़ी कर इधर उधर धुमते फिरते नजर आते थे। जिस जाम के कारण स्कूली बच्चों और अस्पताल आने जाने वाले मरिजो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अनेको बार हमने लोगो को समझाया मगर लोग अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे थे। आखिरकार हमने सख्ती करने का निर्णय लिया और बाइकों और सड़क किनारे गलत ढंग खड़े वाहनों के चक्को के हवा निकलवाने शुरू किये साथ ही बाइक और कार खड़ा करने का जगह बनवा दिया ताकि लोग अपनी वाहनों को वहां खड़ा कर आराम से मार्केटिंग कर सके। उन्होंने कहा कि यह वाहन जांच अभियान नियमित चलता रहेगा इस लिए बाइक चालक हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं हाईवा ट्रक चालक तिरपाल का प्रयोग करें और कार चालक को सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करे।

**केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने पदाधिकारियों के साथ बैठक में दिये कई दिशा-निर्देश, कहा**

# औषधीय पौधा मदार की खेती के लिये किसानों को करें प्रेरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** भारत सरकार के वन-पर्यावरण-जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बोकारो परिसदन सभागार में उपायुक्त विजया जाधव समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न आयामों अंतर्गत किए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार डीआरडीए निदेशक मेनका अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित उपायुक्त जाधव ने केंद्रीय मंत्री को क्रमवार स्वास्थ्य-पोषण शिक्षा



अधिकारियों के साथ बैठक करते केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह।

कृषि-जल संसाधन बुनियादी ढ़ांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में किए गए कार्य आकांक्षी जिला आकांक्षी प्रखंड का कंपोजिट स्कोर एवं डेल्टा रैंक के संबंध में बताया। साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जिले के लिए प्रमुख चुनौती एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने शिक्षा के क्षेत्र में भी जिला के विभिन्न कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन की चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने कृषि-जल संसाधन-बुनियादी ढांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के तहत जिले के प्रदर्शन की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने कुछ सुझाव भी दिए। इस क्रम में उन्होंने जिला कृषि विभाग को पहाड़ी एवं कम सिंचाई सुविधा वाले क्षेत्रों में औषधीय पौधा मदार की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने को कहा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीईएस अतुल चौबे, जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मणि, नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दुबे, जेएसएलपीएस डीपीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं बोकारो विधायक श्वेता सिंह के साथ संवाद किया।

## रोटरी चास ने पेड़ों पर पंछियों के संरक्षण के लिये लगाये घोंसले



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा जैविक उद्यान में पेड़ों पर पंछियों के संरक्षण एवं उन्हें आश्रय प्रदान करने के लिए उद्देश्य से बने-बनाए घोंसले लगाए गए। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि पंछी भी सृष्टि का महत्वपूर्ण अंग है-हमें पंछियों के संरक्षण एवं वन संरक्षण का समर्थन करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा कि पंछी हमारे पर्यावरण का अभिन्न अंग है और उनकी देखरेख एवं सुरक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। बैद ने कहा कि पूर्व निर्मित घोंसले लगाने से पंछियों को सुरक्षा एवं संरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम में अमरदीप धनेश बंका ललिता चोपड़ा गौरव सिंह, प्रेम, गणेश महतो, मो मुतुर्जा बेग साहिल शिवम रुस्तम आलम शामिल रहे।

## बीएसएल के एसएमएस-2 व सीसीएस ने दैनिक उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग ने एक दिन में 47 हीट के साथ 13281 टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है।

इसके पूर्व दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को एसएमएस -2 एवं सीसीएस विभाग ने 46 हीट के साथ 12880 टन क्रूड स्टील का रिकॉर्ड दैनिक उत्पादन किया था। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस -2 एवं सीसीएस विभाग ने वर्ष 2025 के

**एक दिन में 47 हीट के साथ 13281 टन क्रूड स्टील का हुआ उत्पादन**

जनवरी माह में 337500 टन क्रूड स्टील का उत्पादन करके पूरे सेल में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था। कार्यकारी निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने विभाग के मुख्य महाप्रबंधक अरविन्द कुमार एवं उनकी समस्त टीम सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

**बेरमो : खासमहल परियोजना फेसटू विस्थापितो ने की सभा, सांसद ने कहा**

## फेज दो परियोजना में नियोजन की मांग जायज है

>> चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा, सीसीएल प्रबंधन को विस्थापितों एवं रैयतों को विश्वास में लेकर पूरी पारदर्शिता के साथ काम करनी होगी और ऐसा नहीं करने की स्थिति में काम पूरी तरह से बंद रहेगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड अंतर्गत बोकारो थर्मल स्थित सीसीएल के फेज टू में बरवाबेड़ा के पुर्नवास स्थल पर विस्थापितों एवं रैयतों की सभा को सोमवार को गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने संबोधित किया। इसके पूर्व उक्त स्थल पर पहुंचने पर सांसद का स्वागत विस्थापित संघर्ष समिति के सचिव डॉ दशरथ महतो, जानकी महतो, अनवर आलम एवं सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने किया। सांसद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विस्थापितों द्वारा फेज दो परियोजना में नियोजन की मांग जायज है और सीसीएल प्रबंधन को विस्थापितों एवं रैयतों को विश्वास में लेकर पूरी पारदर्शिता के साथ काम करनी होगी और ऐसा नहीं करने की स्थिति में सीसीएल का काम पूरी तरह से बंद रहेगा। सीसीएल प्रबंधन को पूरा आंकड़ा दिखाना होगा कि कितने लोगों को पुर्नवास करना है। कितने लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया है और कितने लोगां का नियोजन दिया है। साथ ही कितने लोगों का नियोजन किया जाना है वहीं सांसद ने पिछले दिनों पुलिस प्रशासन के बल पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा जबरन पुर्नवास के कार्य को करने को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस एवं प्रशासन के बल पर कार्य नहीं किया जा सकता है और प्रशासन या पुलिस ऐसा करती है तो वह भुगतने को तैयार रहे। कहा कि आज सीसीएल प्रबंधन का कोई भी अधिकारी कहने के बाद भी पूरे मामले को लेकर नहीं आये हैं। सभा का संचालन डॉ दशरथ महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन नोगश्वर महतो ने किया। सभा में सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो, जिप सदस्य शहजादी बानो, नरेश प्रजापति, मंजूर आलम, विश्वनाथ यादव, दशरथ महतो, मुखिया विश्वनाथ महतो, सुनील महतो, मुन्ना साव, उपरघाट के पूर्व जिप सदस्य टिकैत महतो, प्रफुल्ल ठाकुर, सीमा देवी, रोशन आरा, रोशनलाल यादव, शशि महतो, जलेश्वर महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## फुसरो में पुलिस प्रशासन और सीसीएल के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी पांच नबंर ग्राउंड में बेरमो पुलिस प्रशासन और सीसीएल अधिकारी के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच खेला गया। बेरमो प्रिमियर लिग 2025 सीजन-दो क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा है। प्रशासन की टीम में बेरमो थाना, नगर परिषद फुसरो कार्यालय के अधिकारी और कर्मी शामिल थे। उद्घाटन बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बल्लेबाजी कर किया। बीडीओ कुमार ने कहा कि इस तरह मैच आयोजन से दोस्ताना संबंध बनते हैं। सीसीएल अधिकारी तथा प्रशासन एक दूसरे के नजदीक आते हैं। प्रतियोगिता में सीसीएल की टीम ने टॉस जीत कर



बेरमो पुलिस प्रशासन की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बेरमो पुलिस प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 90 रन का स्कोर बनाया। जवाबी पारी में सीसीएल टीम के खिलाड़ियों ने आखरी ओवर में 91 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। बेरमो थाना प्रभारी रोहित सिंह व नप इओ राजीव रंजन ने बेहतर बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। अंपायर की भूमिका देवराज विश्वकर्मा व सुमित कुमार ने निभाया। मौके पर युवा व्यवसायी संघ फुसरो अध्यक्ष बैभव चौरसिया, राजीव कुमार, शंकर राम, सब इंस्पेक्टर शाहिद अंसारी सहित कमेटी के क्रांति बीपी, देवराज विश्वकर्मा, छोटू राम, छोटका उर्फ परवीण, बिंदा यादव, बाबू भईया, कौशल राम, बबलू विश्वकर्मा, कार्तिक रजवार, धीरज राम, अमृत प्रजापति, पवन शास्त्री, छोटु साव, बिमल मुंडा, मोहन, राजेश, शमीम, अशोक मोदी, जावेद असांरी, शशी, रंजु थापा, मिथलेश आदि लोग थे।

## बालीडीह में अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा, विदेशी शराब जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह ओपी क्षेत्र के कुंडौरी के कूलिंग पोंड के समीप अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया।



मौके से टीम ने 150 लीटर स्प्रिट विदेशी शराब 100 लीटर रॉयल स्टैग रॉयल चैलेंज मेकडोवल नंबर वन आईकॉनिक व्हाइट एवं ब्लेंडर्स प्राइड ब्रांड के स्टीकर खाली बोतल एवं ढक्कन जब्त किए। वहीं मामले में संलिप्त अभियुक्त राजा बाबू उर्फ सहदेव साहू पर अभियोग दर्ज किया गया। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास आदि शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में गुटखा...

गुटखा माफिया और अवैध कारोबारियों पर विशेष नजर रखी जायेगी। किसी भी दुकान, गोदाम या व्यक्ति के पास गुटखा मिलने पर न केवल सख्त कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि गोदाम भी सील होगा। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस आदेश का कठोरता से पालन किया जाये।

क्या है अधिसूचना में : आम लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 के सेक्सन 30 (2) ओ और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स (प्रोहिबिशन एंड रिस्ट्रिक्सन ऑन सेल्स) रेगुलेशन, 2011 के रेगुलेशन 2,3, और 4 के तहत एक साल के लिए बैन लगाया गया है। एसीएस-कम-फूड सेफ्टी कमीश्नर अजय कुमार सिंह ने आदेश जारी किया।

**ओरल कैंसर के मामले :** आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में ओरल कैंसर पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह है गुटखा। राज्य में एक लाख की आबादी पर करीब 70 लोग कैंसर पीड़ित हैं। इनमें 40-45 मरीज तंबाकू और गुटखा की वजह से ओरल कैंसर से पीड़ित हैं। जून 2022 में तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर पान मसाला के 11 ब्रांडों पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया था। इससे पहले पान मसाला के नमूनो की जांच में मैग्निशियम काबोर्नेट मिलने पर 8 मई 2020 को बैन लगा था। तब से इसको विस्तार दिया जाता रहा, लेकिन 2023 से यह मामला पेंडिंग पड़ा था। इसकी वजह से राज्य में खुलकर गुटखा की बिक्री होने लगी थी।

### डीए-डीआर बढ़ाने...

राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनिरीक्षित वेतनमान पंचम वेतनमान में 1 जुलाई 2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई। झारखंड कारखाना नियमावली 2023 के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रेम कुमार सिंह एवं अन्य के मामले में परित न्यायाधीश के तहत जल संसाधन विभाग के साथ कर्मियों को नियमितीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई।

### नियुक्तियों का कारवां ...

उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि पूरी मेहनत से काम करें। कर्मचारी नहीं शहर के विकास में भागीदार के रूप में काम करें। मौके पर सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार सूडा के निदेशक अमित कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**सांकेतिक रूप से मिला नियुक्ति पत्र :** सीएम ने सांकेतिक रूप से दिलीप कुमार महतो, तनवीर अंसारी, अनंत कुजूर, प्रशांत राज, विद्या कुमारी, सागर हांसदा, शिवांगी अनंत, सोनल कुमारी, मार्चिन विजयन, रेणुका मिंज, मनोहर कुमार दास, कंचन देवी, मो नसीम अख्तर, कृष्ण कुमार कुशवाहा, आभा तिग्गा, मारिया फातिमा और अंजली किस्कू को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### कोर्ट से निकलते ...

उन्होंने फौरन आपातकालीन उपचार सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। फिर पारस अस्पताल ले जाया गया, पर वह बच नहीं सके। **अधिवक्ताओं ने शोक प्रकट किया :** अधिवक्ता सूरज बहुत ही मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। वह अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र (एक 11वीं और दूसरा कक्षा आठ का छात्र है) छोड़ गये हैं। उनके आकस्मिक निधन पर हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने शोक प्रकट किया है। निधन की खबर मिलते ही न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय, न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय, महाधिवक्ता राजीव रंजन, अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, धीरज कुमार, नवीन कुमार, अशोक कुमार, राम सुभग सिंह और बड़ी संख्या में अधिवक्ता पारस अस्पताल पहुंचे। उनके असमय निधन से राज्य के न्यायिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है. उनको श्रद्धांजलि देने के लिए तांता लगा रहा।

### उच्च शिक्षा में ...

इस मौके पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि झारखंड को दक्षता की दिशा में आगे ले जाने की बीड़ा उठाया गया है।

इन पोर्टल के शुरू होने से पेपरलेस के साथ काम में पारदर्शिता आयेगी। निजी विश्वविद्यालय के लंबित मामलों को भी देखा जा सकेगा। नॉलेज पार्टनर सीएससी से कहा कि इन पोर्टल को यूज फ्रेंडली बनाने का प्रयास करें। एक ही क्लिक में लोगों को जानकारी मिल सके। ग्रिवांस रिडरेल की सुविधा हो। यह एक नॉलेज एरा है। एआइ के लिए मानसिक रूप से मजबूत योद्धाओं की जरूरत है।

**जिसका सीएम ने किया शुभारंभ :** पे फिक्सेशन एंड वेरिफिकेशन सिस्टम पोर्टल : इस वेब पोर्टल के माध्यम से यूनिवर्सिटी के शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के काम को आसान बनाने के लिये इसकी लॉन्चिंग की जा रही है। प्राइवेट विवि पोर्टलः यह पोर्टल एक क्लिक पर राज्य के प्राइवेट यूनिवर्सिटीज की जानकारी ली जा सकेगी। इसके अतिरिक्त नये निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिये भी इस वेब पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टलः उच्च शिक्षा विभाग ने वित्त रहित कॉलेजों को दिए जाने वाले अनुदान के लिए तय काम इसी पोर्टल से किये जायेंगे। इस वेब पोर्टल को वित्त रहित कॉलेज ग्रांट पोर्टल रखा गया है। सीएम फैलोशिप फॉर एक्सीलेंस पोर्टलः यहां से छात्रवृत्ति योजनाओं को शामिल किया गया हैण जिनमें मानकी मुंडा छात्रवृत्ति, नेट-सीएसआईआर उत्तीर्ण विद्यार्थी को फैलोशिप और रिसर्च असिस्टेंट शिप शामिल है। अप्रेंटिसशिप मैनेजमेंट पोर्टलः इस वेबसाइट के जरिये राज्य में मिलने वाले अप्रेंटिसशिप नियुक्ति की जानकारी ली जा सकती है। इसमें रजिस्ट्रेशन सहित सभी काम के लिये अप्रेंटिसशिप मैनेजमेंट पोर्टल तैयार किया गया है। **लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टमः** लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल भी लॉन्च किया जायेगा। इस पोर्टल के तहत ई.लर्निंग कोर्स और विवि में फाइल ट्रैकिंग का कार्य किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

### मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को कर दिया बर्बाद : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार की नीतियों को देश के आर्थिक विकास के दिए दिशाहीन तथा नीतिहीन करार देते हुए कहा है कि इससे देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और देशवासियों का जीवन बर्बाद हो रहा है। श्री खरगे ने कहा इससे अधिक विडंबनापूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि मोदी सरकार के वित्त मंत्री यह कहें कि हमारी अर्थव्यवस्था 'अच्छा रिटर्न' दे रही है। इस साल अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 45 लाख करोड़ रुपए का सफाया हो चुका है।

### कनाडा में बड़ा विमान हादसा टला, 80 लोगों को लेकर आ रहा विमान लैंडिंग के समय पलटा

**टोरंटो।** कनाडा में टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट गया। यह विमान रनवे पर उल्टा पड़ा रहा। राहत की बात है कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। मामूली रूप से घायल 18 यात्रियों को अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना के कारणों का अबतक पता नहीं चला है, फिलहाल इसकी जांच चल रही है। टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट गया। दुर्घटना दोपहर करीब 2:15 बजे हुई। दुर्घटनाग्रस्त विमान में 76 यात्री और चालक दल के 4 सदस्य सवार थे। हादसे में मामूली रूप से घायल हुए 18 विमान यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है। यात्रियों में 22 कनाडा के नागरिक और बाकी विदेशी नागरिक थे। हादसे के बाद हवाई अड्डे के दो रनवे को बंद कर दिया गया है, जो जांच पूरी होने तक अगले कुछ समय तक बंद रहेंगे।

### ड्रग्स या मौत हर समस्या का समाधान नहीं : इमरान खान

**कोलकाता।** इंतेहा प्यार की, संगम होके रहेगा, कर्मवीर, मोहब्बतों का सफर, बिग ब्रदर, हीरोइन, सूर्यवंशम, खिलाड़ियों का खिलाड़ी, जैसी फिल्मों व तारा, दास्तान, परंपरा, अजनबी, नागिन, चांदनी, जैसे कई टीवी धारावाहिकों में अभिनय कर चुके इमरान खान ने कोलकाता दौरे के दौरान सिटी आव जॉय की जिन्दादिली के कायल हुए। इस दौरान उन्होंने मीडिया के साथ खुलकर तमाम मुद्दों पर बात की। एक सवाल के उत्तर में उन्होंने कहा कि फिल्म हो या फिर कोई भी क्षेत्र, हर जगह कामयाबी के झंडे गाड़ने के लिए कड़ी मेहनत, धैर्य व लगन की जरूरत पड़ती है। समय का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन कामयाबी तो प्लेट में रखा कोई व्यंजन नहीं है कि मुंह में उठाकर स्वाद चख लिया। जो शॉर्टकट के चक्कर में कामयाबी नहीं मिलने का रोना रोते हैं और ड्रग्स या मौत का रास्ता चुन लेते हैं, ऐसे लोगों को मै कहना चाहता हूं कि ड्रग्स या मौत समस्या का समाधान नहीं होता है। कामयाबी के झंडे गाड़ने के लिए कड़ी मेहनत, धैर्य व लगन के साथ लड़ना पड़ता है।

### महाकुम्भ में अब तक 55.56 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुम्भ ।** प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। मंगलवार की रात 08 बजे तक 1.26 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। लगातार श्रद्धालुओं का आगमन जारी है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल घाटों की लगातार निगरानी में लगी हुई है।
अपर मेला अधिकारी महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि पतित पावनी मां गंगे व यमुना एवं अन्तःसलीला सरस्वती के पावन संगम के घाटों पर मंगलवार को स्नान जारी है। रात 08 बजे तक आने वाले श्रद्धालुओं एव तीर्थयात्रियों की संख्या 1.26 करोड़ से अधिक पहुंच चुकी है। महाकुम्भ में 144 वर्ष ऐसे पुण्य संयोग में 18 फरवरी तक 55.45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुकें है, तीर्थयात्रियों का आगमन जारी है। सुरक्षा के मद्देनजर सभी स्नान घाटों पर बचाव राहत दल, जल पुलिस एवं गोताखोर लगातार निगरानी में लगे हुए।

# भारत-कतर के बीच संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर

## भारत कतर के बीच बनी रणनीतिक साझीदारी, व्यापार होगा दोगुना

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में वार्ता हुई, जिसके बाद भारत और कतर ने अपने संबंधों को व्यापार, ऊर्जा, निवेश और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने का निर्णय लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दोनों देश के शीर्ष नेताओं के बीच व्यापक मुद्दों पर वार्ता हुई है। वार्ता में दोनों देशों के बीच आपसी गहरे और पारंपरिक संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर महामहिम शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने आज हैदराबाद हाउस में व्यापक चर्चा की। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-कतर संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय भूराजनीतिक मामलों पर भी विचार विमर्श किया जिनमें हमास एवं इजरायल के बीच संघर्ष तथा अफगानिस्तान के मुद्दे भी शामिल थे। कतर के अमीर की राजकीय यात्रा के दौरान दो समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें एक- द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर उन्नत करने तथा दूसरा- दोहरे कराधान से बचाव संबंधी करार शामिल हैं। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय में सचिव (कांउसलर, पासपोर्ट, वीसा एवं प्रवासी भारतीय मामले) अरुण कुमार चटर्जी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी में ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश तथा सुरक्षा के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, जहाज निर्माण, फूड पार्क, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स एवं आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी है।

दोनों नेताओं के द्विपक्षीय वार्ता से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर का हैदराबाद हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी ने कतर के अमीर के आगमन पर प्रोटोकॉल तोड़ कर स्वयं हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया था। इससे पहले आज सुबह कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। श्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# नागरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे जम्मू कश्मीर पुलिसः अतिम शाह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक नियंत्रण और सुरक्षा हालातों में सुधार के बाद, अब नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना वहां की पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री शाह ने मंगलवार को यहां जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला के साथ केन्द्र शासित प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि तीन नए पीड़ित-केन्द्रित आपराधिक कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में तकनीक का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने जम्मू और कश्मीर में आगामी अप्रैल तक तीनों कानूनों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिसकर्मियों और प्रशासन के दृष्टिकोण में बदलाव लाना और नागरिकों में इनके बारे में जागरूकता पैदा करना बहुत जरूरी है।
उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद पर नियंत्रण में आई गति और सुरक्षा हालातों में सुधार के बाद, अब वहाँ के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना जम्मू और कश्मीर पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने के प्रावधान को त्वरित रूप से इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने आरोप पत्र दाखिल करने के काम में तेजी लाने के लिए पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारियों का नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में शत-प्रतिशत प्रशिक्षण जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित प्रावधानों का पुलिस अधीक्षक के स्तर पर पूर्ण विवेचन के उपरांत ही निर्णय करना चाहिए। इन प्रावधानों का गलत इस्तेमाल न हो, इसके लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता है। श्री शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन और सरकार ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद नए कानूनों के कार्यान्वयन की दिशा में संतोषजनक काम किया है। उन्होंने कहा कि तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के स्तर पर मासिक, पाक्षिक और साप्ताहिक रूप से होनी चाहिए। बैठक में जम्मू कश्मीर में पुलिस, जेल, न्यायालय, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, महानिदेशक बीपीआरएंड डी और महानिदेशक एनसीआरबी सहित गृह मंत्रालय और जम्मू कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भगदड़ के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, मांगा रेल मंत्री का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कई लोगों के मारे जाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इस घटना के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जिम्मेदार बताते हुए मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और श्री वैष्णव से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनकारी युवाओं ने जबरन रेल मंत्रालय की तरफ जाने का प्रयास किया, लेकिन भारी पुलिस बंदोबस्त के कारण उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने रेल मंत्री का पुतला फूंका और उनसे इस्तीफा मांगा। इस दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर मरने वालों के आंकड़े नहीं छुपाने, भगदड़ नहीं नरसंहार जैसे नारे लिखे हुए थे। श्री पांडे के अनुसार इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने प्रदर्शनकारी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भगदड़ या हादसा नहीं बल्कि नरसंहार है। रेल मंत्री अपने कर्तव्य का निर्वाह करने में विफल रहे हैं इसलिए उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।



श्री चिब ने कहा, ह्लवहां का मंजर दिल दहलाने वाला था, रेलवे प्रशासन की नाकामी के कारण आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की मौत हो गई, जिसमें नौ महिलाएं, चार पुरुष और पांच बच्चे शामिल हैं। श्रद्धालुओं के इस नरसंहार का जिम्मेदार कौन है। इतना बड़ा हादसा हो जाने के बाद भी नैरेटिव बनाया गया कि सब कुछ नियंत्रण में है। जब लोग भगदड़ में मर रहे थे तो रेल मंत्री मौत के आंकड़ें छिपाने में जुटे थे। श्री वैष्णव को नैतिक रूप से अपने पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है इसलिए उन्हें जल्द से जल्द इस्तीफा देना चाहिए।
दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि सरकार ने विज्ञापन दिए और लोगों को कुंभ में बुलाया। ऐसे में जब लोग कुंभ जा रहे हैं तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं निभाई। आस्था के पर्व महाकुंभ में जाने के लिए जनता की सरकार से उम्मीद होती है कि उनके लिए आवागमन के उचित प्रबंध हों, पुलिस प्रशासन की तैनाती हो, भीड़ संचालन का बंदोबस्त हो लेकिन मोदी सरकार यह सब व्यवस्था करने में विफल रही है।

# आधी रात को चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करना मोदी-शाह की असभ्यता : राहुल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आधी रात को नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर सबको चौंकाया ही नहीं है बल्कि असंवैधानिक कदम उठाकर असभ्य होने का भी परिचय दिया है । श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सोमवार को हुई बैठक में अपनी असहमति यह कहते हुए व्यक्त की थी कि समिति से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत है और उनकी जगह गृहमंत्री अमित शाह को समिति में रखना अनुचित है। यह मामला न्यायालय में है और बुधवार को इस बारे में उच्चतम न्यायालय को फैसला देना है इसलिए इस मुद्दे को 19 फरवरी तक स्थगित किया जाना चाहिए लेकिन सरकार ने उनकी असहमति पर ध्यान दिए बिना आधी रात को नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी और इस कदम को सभ्य नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा अगले चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया है कि एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर सरकार ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंता को बढ़ा दिया है। श्री गांधी ने लिखा ह्लनेता प्रतिपक्ष के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबा साहेब अम्बेडकर और हमारे देश के संस्थापक नेताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जिम्मेदार ठहराऊं।

# दिल्ली में भाजपा के 'दूल्हे' का अब तक पता नहीं : आप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा किए बगैर शपथ ग्रहण की चल रही तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी( भाजपा )पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने आज कहा कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। उन्होंने पूछा कि भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है। आमतौर पर तो चुनाव में जीत के बाद पार्टी के विधायक दल की बैठक होती है, उसमें उसका नेता चुना जाता है और वह उपराज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करता है। यहां भाजपा सारी तैयारियां पहले ही कर रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका कोई अता-पता नहीं है। श्री राय ने कहा, इस देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनती रही हैं, लेकिन यह भारत के इतिहास में पहली बार देखा जा रहा है कि बारात तैयार है, मंडप भी तैयार है, उसका निरीक्षण भी हो रहा है, बस दूल्हा कौन होगा, ये किसी को नहीं पता। उन्होंने कहा कि आम तौर पर परंपरा रही है कि चुनाव के पश्चात जो भी पार्टी जीतती है, वह अपने विधायक दल की बैठक करती है, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाता है जो मुख्यमंत्री का दावेदार होता है। वह अपना दावा प्रस्तुत करता है और साथ में राज्यपाल या राष्ट्रपति को अपने मंत्रीमंडल का नाम देता है।

### अमेरिका ने नेपाल को दिए जा रहे 500 मिलियन डॉलर के एमसीसी परियोजना को बंद करने का दिया निर्देश

**काठमांडू।** अमेरिकी सरकार ने नेपाल को दिए जा रहे 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन (एम.सी.सी.) के सभी परियोजना को बंद करने का निर्देश जारी किया है। नेपाल से लेकर भारतीय सीमा तक तीन 400 केवी पावर ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के लिए अपने 500 मिलियन अनुदान को निलंबित कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन ने नेपाल के वित्त मंत्रालय को ईमेल भेज कर इस बात की जानकारी दी है। यह नेपाल के लिए एक बड़ा झटका है। अमेरिका में ट्रंप के सत्तासीन होने के बाद यूएसएआईडी के द्वारा दिए जा रहे सभी अंतरराष्ट्रीय सहायता को रोकने का कार्यकारी आदेश जारी किया था। नेपाल में कम्युनिस्ट दलों के कड़े विरोध के बाद संसद से एमसीसी परियोजना को लागू करने का फैसला किया गया था। पांच वर्षों के प्रयास के बाद यह एमसीसी नेपाल में लागू हो पाया था। नेपाल के वित्त मंत्री विष्णु पौडेल ने अमेरिका से आए ईमेल के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह दुखद है कि अमेरिकी प्रशासन एमसीसी जैसे महत्वपूर्ण परियोजना को बंद करने को कहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करेगा।




# समुद्र में डूबी कृष्ण की नगरी द्वारका के साक्ष्य जुटाएगा एएसआई, खोज शुरू



**नई दिल्ली।** समुद्र में डूबी भगवान कृष्ण की नगरी द्वारका के सभी पहलुओं और साक्ष्य जुटाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने खोज शुरू कर दी है। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक (पुरातत्व) प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में पांच पुरातत्वविदों की एक टीम ने मंगलवार को द्वारका तट पर पानी के नीचे खोज शुरू की। इस टीम में निदेशक (खुदाई एवं अन्वेषण) एचके नायक, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. अपराजिता शर्मा, पूनम विंद और राजकुमारी बारबिना ने प्रारंभिक जांच के लिए गोमती क्रीक के पास एक क्षेत्र का चयन किया है। एएसआई के अनुसार इस अन्वेषण के माध्यम से द्वारका नगरी के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक साक्ष्य जुटाया जाएगा। पानी के अंदर की जा रही खोज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए एएसआई के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। एएसआई के नवीनीकृत अंडरवाटर पुरातत्व विंग (यूएडब्ल्यू) को हाल ही में द्वारका और बेट द्वारका में अपतटीय सर्वेक्षण और जांच करने के लिए पुनर्जीवित किया गया है। यूएडब्ल्यू 1980 के दशक से पानी के नीचे पुरातात्विक अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। 2001 से विंग बंगाराम द्वीप (लक्षद्वीप), महाबलीपुरम (तमिलनाडु), द्वारका (गुजरात), लोकतक झील (मणिपुर) और एलीफेंटा द्वीप (महाराष्ट्र) जैसे स्थलों पर अन्वेषण कर रहा है। इससे पहले अंडरवाटर पुरातत्व विंग ने 2005 से 2007 तक द्वारका में अपतटीय और तटवर्ती खुदाई की थी। नौसेना और पुरातत्व विभाग की संयुक्त खोज पहले 2005 फिर 2007 में एएसआई के निर्देशन में भारतीय नौसेना के गोताखोरों ने समुद्र में समाई द्वारिका नगरी के अवशेषों के नमूनों को सफलतापूर्वक निकाला। वर्ष 2005 में नौसेना के सहयोग से प्राचीन द्वारिका नगरी से जुड़े अभियान के दौरान समुद्र की गहराई में कटे-छंटे पत्थर मिले और लगभग 200 नमूने एकत्र किए गए। गुजरात में कच्छ की खाड़ी के पास स्थित द्वारिका नगर समुद्र तटीय क्षेत्र में नौसेना के गोताखोरों की मदद से पुरा विशेषज्ञों ने व्यापक सर्वेक्षण के बाद समुद्र के भीतर उत्खनन कार्य किया गया और वहां पड़े चूना पत्थरों के खंडों को भी ढूंढ निकाला।
पुरातत्वविद् प्रो. एसआर राव और उनकी टीम ने 1979-80 में समुद्र में 560 मीटर लंबी द्वारिका की दीवार की खोज की। उस दौरान उन्?हें वहां पर बर्तन भी मिले, जो 1528 ईसा पूर्व से 3000 ईसा पूर्व के हैं। इसके अलावा सिन्धु घाटी सभ्यता के भी कई अवशेष उन्होंने खोजे।